वैशाख कृष्ण पक्ष 05
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
18 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-181
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94
www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## ओझा-गुनी व जमीन विवाद में वृद्ध की हत्या, 5 गिरफ्तार

**बरवाडीह (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के मुगीर्डीह में 13 अप्रैल को हुई वृद्ध की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में बलराम सिंह, लोकेंद्र सिंह, कामेश्वर राम, नेमा भुईयां और संजय सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी अकराही, बरवाडीह के रहने वाले हैं। हत्या का कारण ओझा-गुनी और जमीन विवाद बताया गया है। इसकी जानकारी बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एक एसआईटी टीम बनाई गई। टीम ने पहले बलराम सिंह और लोकेंद्र सिंह को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात कबूल की। इसके बाद कामेश्वर राम, नेमा भुईयां और संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मृतक का खून लगा शर्ट भी बरामद किया है। छापेमारी में बरवाडीह पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजन अधिकारी, अनुराग कुमार, सुनील कुमार मंडल और श्याम नारायण ओझा शामिल थे।

### पलामू में जल संकट गहराया : सूख रही नदियां

# कोयल नदी में नहीं बचा पानी, जलापूर्ति योजना विफल; ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट

*राणा अरुण सिंह*

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। जिले की प्रमुख नदी कोयल पूरी तरह सूख चुकी है और दर्जनों अन्य नदियां भी दम तोड़ रही हैं। इसके चलते मेदिनीनगर नगर निगम की जलापूर्ति योजना लगभग निष्क्रिय हो चुकी है। हाल ही में हुई बारिश से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।



**कोयल नदी का अस्तित्व संकट में :** बालूमाथ से निकलकर गढ़वा जिले की सीमा में प्रवेश करने वाली 250 किलोमीटर लंबी कोयल नदी अब रेत के मैदान में तब्दील हो चुकी है। कई उपनदियों को समेटने वाली यह नदी अब जलस्तर में भारी गिरावट है।

**भूजल स्तर में गिरावट और वर्षा में कमी :** केन्द्रीय भूजल बोर्ड की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में भूजल स्तर 10 से 15 मीटर तक गिरा है। कुछ गांवों में यह 30 मीटर से अधिक तक जा पहुंचा है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में वर्षा में 25 से 30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। भूगर्भ वैज्ञानिकों के अनुसार, बेतला राष्ट्रीय उद्यान और आस-पास के वनों में अवैध कटाई के चलते जलसंचय क्षमता में भारी गिरावट आई है। 2001 के बाद से पलामू में वन क्षेत्र में 12% की कमी आई है, जिससे वर्षा का जल बहकर निकल जाता है और भूगर्भीय स्त्रोत रिचार्ज नहीं हो पाते।

**योजनाएं बनीं लेकिन अमल नहीं :** जल जीवन मिशन, अमृत योजना और जल संचयन जैसे कार्यक्रम शुरू हुए, लेकिन स्थायी संरचनाएं नहीं बन सकीं। 2021-22 में तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना बनी थी, परन्तु अधिकांश तालाबों की मरम्मत अधूरी रह गई। बहरहाल, पलामू का जल संकट अब केवल मौसमी समस्या नहीं रह गया है, यह प्रशासनिक उदासीनता और पर्यावरणीय क्षरण का परिणाम है। यदि जल्द ही नदी पुनर्जीवन, जल संचयन और वनीकरण जैसे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब समय है कि प्रशासन और जनता मिलकर दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

### जलापूर्ति योजना बेअसर

कोयल नदी पर आधारित 1996-97 में शुरू की गई जलापूर्ति योजना अब ठप है। फिल्टर प्लांट और इंटक वेल में संचालन नाममात्र का रह गया है। द्वितीय चरण की जलापूर्ति योजना पर काम जारी है, लेकिन तब तक शहरी क्षेत्र को जल संकट झेलना पड़ेगा। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि हाल की बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली है। फिलहाल लगभग 9000 घरों तक पानी पहुंच रहा है, लेकिन मांग के अनुसार आपूर्ति संभव नहीं हो पा रही है। शहरी क्षेत्र में चापानलों की मरम्मत के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है।

### ग्रामीण इलाकों में हालात और खराब

छतरपुर, पांकी, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज और पाटन जैसे क्षेत्रों में जल संकट और भी गहरा गया है। भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है। अधिकांश चापाकल या तो सूख चुके हैं या खराब हो गए हैं, जिससे पीने के पानी का संकट भयावह हो गया है।

₹83100
10 ग्राम

₹96000
01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,553.20 | 85.464 |
| +1,508.91 | -0.125 |

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# सरकारी कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा के लिए नए अध्याय की हो रही शुरूआत : सीएम

## सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- दूरदर्शी सोच और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है हमारी सरकार
- सरकारी कर्मचारियों का सैलरी अकाउंट एसबीआई में होने पर मिलेगा निःशुल्क बीमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में गुरुवार को वित्त विभाग, झारखंड सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के सैलेरी पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।





एमओयू पर वित्त विभाग की विशेष सचिव राजेश्वरी बी व भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत जिन सरकारी कर्मचारियों का सैलरी अकाउंट भारतीय स्टेट बैंक में होगा, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक करोड़ रुपए तक का दुर्घटना बीमा समेत स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा और कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**एक बार फिर नए अध्याय की हो रही शुरूआत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रेणी के **शेष पेज 11 पर**

### हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन की यात्रा आज से

**रांची।** झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के दौरे पर जा रही है। राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक विदेश दौरे पर रहेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 18 अप्रैल को दोपहर बाद **शेष पेज 11 पर**

# रांची में एयर शो आज, हुआ रिहर्सल



- आसमान में हैरत अंगेज करतब करते दिखे एयरक्राफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी मैदान में 19 और 20 अप्रैल को भारतीय वायुसेना का एयर शो होने वाला है। इसी बीच गुरुवार को खोजाटोली आर्मी मैदान में एयर शो का रिहर्सल हुआ। सुबह करीब 10:15 बजे से 10:45 बजे तक सुर्य किरण टीम ने 6 एयरक्राफ्ट के साथ रिहर्सल किया।

**आसमान में एयरक्राफ्ट के करतब देख चौंके लोग :** एयर शो की रिहर्सल शुरू होते ही अचानक तेज गर्जन के साथ नामकुम इलाका गूंज उठा। 6 एयरक्राफ्ट एक साथ आसमान को चिरते हुए आगे बढ़े। आसमान में करतब दिखा रहे एयरक्राफ्ट को पहली बार देख ग्रामीण शुरूआत में काफी भ्रमित और बाद में उत्साहित नजर आए। रिहर्सल के दौरान 4 एयरक्राफ्ट एक साथ और 2 एयरक्राफ्ट उनसे कुछ दूरी पर दाएं-बाएं मुड़कर करतब दिखाते नजर आए।

**जोरों-शोरों से चल रही तैयारियां :** शनिवार और रविवार को होने वाले एयर शो को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। वहीं वायु सेना की टीम भी इस पल को यादगार बनाने में लगी है। मैदान में एक बड़ा मंच बनाया गया है। इसके अलावा बड़े क्षेत्र में बैरिकेडिंग भी की गयी है। बैरिकेडिंग के बाहर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री को कार्यक्रम का निमंत्रण :** एयर शो कार्यक्रम में **शेष पेज 11 पर**

### आज कल




# महागठबंधन की बैठक में समन्वय समिति बनाने का निर्णय, तेजस्वी यादव करेंगे नेतृत्व

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी 'महागठबंधन' अब चुनावी मोड में आ चुका है। राजधानी पटना में गुरुवार को गठबंधन की पहली औपचारिक बैठक हुई जिसमें सभी घटक दलों के नेता शामिल हुए। इसमें चुनाव की तैयारियों के लिए एक समन्वय समिति बनाने का फैसला किया गया, जिसका नेतृत्व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव करेंगे।



बैठक में कांग्रेस, राजद, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने हिस्सा लिया। सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। सर्वसम्मति से एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी घटक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राजद के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को इसका नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक के बाद एक साझा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने यह जानकारी दी। उन्होंने **शेष पेज 11 पर**

### रांची में 220 बिस्तरों वाले नव विकसित ईएसआईसी अस्पताल का हुआ उद्घाटन

# यह अस्पताल केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक मंदिर है : मनसुख मांडविया

- केंद्रीय मंत्री ने ईएसआई लाभार्थियों को नकद लाभ प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किया, साथ ही निर्माण श्रमिकों को सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव विकसित ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा



(ईएसआई) योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ-साथ सांसद (राज्यसभा) प्रदीप वर्मा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, और ईएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. मांडविया ने ईएसआई के लाभार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें नकद लाभ प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किए, और इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज अस्पताल के शुभारंभ का दिन है। यह अस्पताल केवल इमारत नहीं है श्रमिक की सेवा का केंद्र है। **शेष पेज 11 पर**

### इंडिया

# मोटापा और भोजन की बर्बादी रोकना देशहित में



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

प्रधानमंत्री आजकल अपील कर रहे हैं कि हमें अपने बच्चों को मोटापे से बचाने के लिए हमें तेलों का प्रयोग 10 प्रतिशत कम करना चाहिए वैसे ये बात बड़ों पर भी लागू होती है जो परंपरा या स्वाद के नाम पर अधिक कैलोरी वाली या तली हुई चीजें ज्यादा खाते हैं और कुछ लोगों की भोजन की थाली में समझ नहीं आता कि कितना खाएं या क्या न खाएं। भ्रमित करते विज्ञापन और मोबाइल के कारण खाना अधिक और पैदल घूमना कम होता जा रहा है, वहीं कुछ बच्चे ऐसे भी हैं कि उन्हें आशा रहती है कि कहीं से थाली में कुछ आ जाए। यह समस्या मात्र भारत की नहीं विश्व के अनेक देशों की है। जो भोजन की बर्बादी कर रहे हैं, उन्हें यह एहसास भी नहीं है कि वे स्वयं अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहे हैं। एक लंबा सफर गुजर गया, जब दुनिया के समस्त राष्ट्रों ने पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक समता एवं सामंजस्य वाले लक्ष्यों को पाने के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। उन संकल्पों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करना है, लेकिन आज भी नियंत्रित एवं निर्मूल की जा सकने वाली खाद्य बर्बादी जैसे विषय पर प्रगति नगण्य है। वास्तविकता तो यह है कि एक तिहाई कार्बन उत्सर्जन के लिए दोषी खाद्य व्यवस्था नियंत्रित नहीं हो पा रही। तथ्य यह भी है कि खाद्यान्न बबार्दी एवं नुकसान पर नियंत्रण से सतत विकास लक्ष्य दो, आठ, बारह व तेरह एक साथ साधे जा सकते हैं।आम तौर पर कार्बन उत्सर्जन के लिए गाड़ियों एवं परिवहन के अन्य साधनों को दोषी ठहराया जाता है, जो भौतिकतावादी युग में निरंतर बढ़ती जा रही हैं। लेकिन बिगड़ती हुई या यों कहें, छद्म गरिमा से विकृत हो रही भोजन व्यवस्था, जो तात्कालिक रूप से सुधारी जा सकती है, संपूर्ण परिदृश्य से बाहर है। इस विकृति के चलते और बढ़ते स्वरूप से संपूर्ण ब्रह्मांड को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खतरा पैदा हो रहा है। पश्चिमी एवं विकसित देशों में इस बावत चिंता ज्यादा गहरा रही है और खाद्यान्न के उत्पादन से लेकर उपभोग तक हर कदम पर बबार्दी को रोकने हेतु संगठित प्रयास किए जा रहे हैं। इन देशों में भोजन करने की पद्धति का विश्लेषण करते हुए ट्रे संस्कृति को हतोत्साहित करने एवं भोजन हेतु छोटी प्लेट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न



प्रसंस्कृत एवं अन्य खाद्य सामग्री की पैकेजिंग के आकार और मात्रा को नियंत्रित करने के बाबत भी कदम उठाए जा रहे हैं।भारत में खाद्यान्न एवं भोजन दान की परंपरा आदिकाल से रही है एवं सनातन धर्म में इसे पुण्य कमाने का सबसे उत्तम साधन माना गया है। किंतु भोजन दान की प्रक्रिया में यह भी आकलन नहीं हो पाता कि किस व्यक्ति या वर्ग की क्या आवश्यकताएं हैं। परिणामस्वरूप दान औचित्यहीन हो जाता है। इस परिदृश्य के दृष्टिगत आवश्यकता है कि नीतिगत स्तर पर मानक तय हों एवं दान हेतु भी सख्त नियम-कायदे बनें। सर्वप्रथम बबार्दी से बचाव हेतु दंडात्मक व्यवस्था की भी आवश्यकता है, ताकि जूठन छोड़ने का दुस्साहस भी नहीं हो। इसी तरह, खाद्य सामग्री निमार्ता को भी निर्माण से विपणन, उपभोग और निस्तारण की संपूर्ण ट्रैकिंग व्यवस्था कायम करनी होगी। वर्तमान में किसी भी निमार्ता द्वारा बहुमूल्य खाद्य सामग्री को जलाकर निस्तारण करने के आंकड़े जाहिर नहीं किए जाते। ट्रैकिंग के माध्यम से उसके उपयोग हेतु निर्धारित अवधि में ही विभिन्न माध्यमों से वितरण की व्यवस्था की जा सकती है। इस बाबत सबसे पहले फ्रांस ने भोजन बबार्दी रोकने हेतु खुदरा एवं बड़े विक्रेताओं को वाध्य करने हेतु कानून लागू किया था, जिसका अनुसरण अनेक देशों ने किया है। शायद आम जन को यह जानकर दुखद आश्चर्य हो कि लगभग सभी विशिष्ट खाद्य निमार्ता कंपनियां हर माह अपने डिपो से बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री सीमेंट प्लांट में जलाने हेतु भेजती हैं, जिसके लिए एक बड़ा वर्ग तरसता है। हमारी संस्कृति में अन्न को ही ब्रह्म माना जाता है, तो उसको जलाना या बर्बाद करना कितना न्यायोचित है, या यों कहें कि यह सीधा-सीधा पाप है। हाल ही में ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क द्वारा जारी रिपोर्ट में अधिकाधिक फूडबैंक स्थापित करने की महत्ता के बाबत प्राकट्य तथ्यों में उल्लेख किया है कि एक फूडबैंक की स्थापना से लगभग एक हजार कारों के समकक्ष कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिल सकती है और इसका लाभ दस वर्षों तक लगाए 63 हजार पौधों के समकक्ष होगा।भोजन दान की हमारी संस्कृति को तकनीकी आधारित फूडबैंक से जोड़कर उचित व्यक्ति पोषक भोजन पहुंचाने की आवश्यकता है। इस बाबत नीति निर्माण के माध्यम से स्वैच्छिक, सामाजिक संस्थाओं और दंड व्यवस्था को प्रोत्साहित करना समय की मांग है। सबको अपने मन में पुनः अन्न को भगवान रूप में स्थापित करना होगा, ताकि उसका निरादर न हो और हम अधिक भी न खाएं।

### वक्फ कानून पर 'सुप्रीम' सुनवाई

# सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का समय, अगली तारीख तक यथास्थिति बनी रहेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 'उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ' या 'दस्तावेजों की ओर से वक्फ' संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की।

**सरकार की दलील :** सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**

सुप्रीम कोर्ट ने **शेष पेज 11 पर**

# कोयल की सहायक नदियों के अस्तित्व पर मंडरा रहा संकट


काशीसोत नदी

**गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों में पानी की विकारल समस्याएं शुरू हो जाती है। जिले के अधिसंख्य नदियां अप्रैल माह में ही सूख गई है। नदियों के सूख जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी पर संकट खड़ा हो गया हैं। लोग नदी में चुआंड़ी खोद कर पीने का पानी उपयोग कर रहे हैं। कई स्थानों पर लोग एक से दो किलोमीटर दूर से पानी ढ़ोकर ला रहे है। नगर पंचायत क्षेत्र हुसैनाबाद, छतरपुर में टैंकर से पानी की आपूर्ति कर लोगों को पानी कमी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। गर्मी के शुरूआती मौसम में ही पलामू जिले का यह हाल है। आने वाला मई जून और भी भयावह संकट को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अभी से भी चिंतित हैं।**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल की प्रमुख सहायक नदियों का अस्तित्व संकट में बताया जाता है। इनमें झरहा, राजबारा और काशीसोत प्रमुख नदियों के नाम शामिल बताए जाते हैं। लोगों की मानें तो बरसात में भी वैसा उफान इन नदियों में नहीं आता है, जैसा कि 4-5 दशक पहले तक देखा जाता था। इसकी खास वजह लोग इनके उद्गम और जल ग्रहण क्षेत्र के वनों का विनाश होना बताते हैं। काशीसोत नदी इनमें श्रेष्ठ माना जाता था। जिसके अस्तित्व पर सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह डैम बनने के बाद से खड़ा हो गया है। इसके साथ ही रेलवे ब्रिज के नीचे गहराई तक कंक्रीटिंग कर प्लेटफार्मनुमा धरातल बना देने से स्रोत अवरुद्ध हो गया है। इस तरह से इन नदियों की जलधारा के मंद पड़ जाने से इनकी भूमि का अतिक्रमण कर खेती करने से इनका दायरा लगातार सिमटती जा रही है। भारी बारिश के दौरान जलधारा से इनकी दायरे का पता चलता है। लोग कहते हैं कि एक जमाने में इन नदियों में गर्मी के मौसम में भी पानी मिल जाती थी। चुआंड़ी खोदकर खुद की और मवेशियों की प्यास बुझाने का काम चल जाता था। लोगों का कहना है कि भू-नक्शा के आधार पर इन नदियों के दायरे को अतिक्रमण मुक्त कराकर गाद की सफाई कर देने से इनके अस्तित्व को बचाया जा सकता है। इनके अलावा अन्य कई पहाड़ी नदी-नाले हैं, जो विलुप्ति के कगार पर हैं। भारी बरसात में इनके अस्तित्व का पता चल जाता है। रेल और सड़क मार्ग में आज भी इनके प्रवाह के मद्देनजर पुल-पुलियों बने हैं। इससे भी इनकी गिनती की जा सकती है।

### मिटा बालू का नामोनिशान

इन नदियों के अस्तित्व मिटने के कगार पर पहुंचने के साथ ही बालू का भी नामोनिशान मिट गया है। एक जमाने के काशीसोत नदी की मोटी रवादार बालू कंक्रीटिंग के लिए उपयुक्त मानी जाती थी। लोग बताते हैं कि निजी तौर पर उपयोग व उत्तर कोयल परियोजना के लिए कार्यालय, आवास, बराज, पुल और नहर निर्माण में बड़े पैमाने पर इसके उत्खनन के बाद से अब कहीं-कहीं खोजने से इसमें बालू मिलती है, जबकि इन नदियों के अलावा संघरा और लठेया दो ऐसी नदियां हैं, जिन्हें वैध तरीके से बालू उठाव के लिए अधिसूचित किया जाता रहा है। जबकि इनमें भी शायद ही कहीं बालू नजर आती है।

## सदाबह नदी का भू-भाग अतिक्रमण से बन गया नाला



हैदरनगर। जिले के हैदरनगर प्रखंड सह थाना मुख्यालय के दक्षिण बाजार से सटे बड़ा शिवालय के बगल से गुजरी एक मात्र सदाबह नदी का अस्तित्व लगातार अतिक्रमण किये जाने से खतरे में है। इस नदी के तट पर आवर्ती छठ व्रतियों का पर्व भी पूरे उल्लास के साथ स्वयंसेवी संस्था विजेता क्लब के अथक प्रयास व मेहनत से होते रहा है। क्लब सहित कई संस्था ने इस नदी सहित छठ घाट की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने संबधित आवेदन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अंचलाधिकारी को कई बार दे चुके हैं। इसके अलावा पूरे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर मुख्य पथ सहित विभिन्न गलियों साफ सुथरा कराने की प्रशासनिक कार्रवाई वर्ष 2018 से ही की जा रही है। बावजूद सात वर्ष बीतने के बाद भी यहां की अतिक्रमित एक ईंच भी भूमि नहीं खाली कराया जा सका है। इस मामले को लेकर प्रखंड के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कई बार बीडीसी की बैठक में सवाल खड़ा करने के अलावे व्यक्तिगत रुप में अंचलधिकारी से मिलकर नदी नाले सहित हैदरनगर बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने पर वार्ता भी की। बताया गया कि अब तक अंचल कार्यालय से 68 लोगों को मिली नोटिस के विरुद्ध कार्रवाई भी अंचल के फाइल तक सीमित रह गई है। जिससे बाजार क्षेत्र के अलावा नदी, नाले को भी कोई बचा नहीं सका। साथ ही नदी क्षेत्र के उपर कई जगहों पर माल मवेशी बांधकर आज भी मुख्य पथ का आवागमन बाधित करते हैं। सदाबह नदी की भूमि अतिक्रमित किये जाने व खेतीबाड़ी के उपयोग में आने से संकुचित होकर नाला का रुप ले चुका है। साथ ही वर्षों से इस नदी में कूड़े कचरे फेंकने के उपयोग में भी आने से विभिन्न स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा है। इसके अलावे मुख्य पथ पर ही खूंटा गाड़कर निजी माल मवेशियों को बांधने से आमजनों सहित वाहनों के आवागमन परेशानी का सबब बना है। आवर्ती रूप में चैत्र मास आने के पूर्व ही यह नदी करीब एक दशक से सूखी ही नजर आती है। भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, सरजू प्रसाद गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, डॉ. अजय जयसवाल, नंदलाल प्रसाद, संतन चौधरी आदि ने कहा कि एक दशक से पूर्व ही एक ही नदी में छह स्थानों पर जलसंरक्षण के चेक डैम बनाए गए थे। जिसकी प्रति यूनिट की लागत 32 लाख रुपया बताया जाता है। जिसमें जमकर सरकारी पैसा का बंदरबांट छोटे और मध्यम किसानों को लाभ पहुंचाने के नाम पर किया गया है। इससे नदी और आसपास के इलाके में आज तक तो जलस्तर नहीं सुधरा और न ही किसानों को इसमें जल भंडारण के अभाव में साग सब्जी तक की खेती हो सकी है।

## सोन नदी से शहर में होती हैं जलापूर्ति

**हुसैनाबाद** में सोन नदी से शहरी क्षेत्रों में पाइप लाइन द्वारा जलापूर्ति की जाती है। अधिक गर्मी में जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण जलापूर्ति ठप्प हो जाती हैं। हुसैनाबाद अनुमंडलीय मुख्यालय सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जलमीनार शुरूआत से ही डेड पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट हो जाता है, गर्मी बढ़ने से परेशानी और बढ़



गई है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत 35 जलमीनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है। साथ ही अधिक गर्मी होने के कारण भी देवरी सोन नदी मे भी जलस्तर नीचे चले जाने से शहर में होने वाली जलापूर्ति भी बाधित हो जाती हैं। यहां शहर से होकर हड़ही नदी है,परंतु यहां केवल बरसात में पानी रहता है। अन्य दिनों में यह सूखी रहती है। अतिक्रमण व कूड़े के कारण यह पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों में संमन्वय का अभाव, नहीं हो रही बीडीसी की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर। पंचायती** राज में सभी ग्रामों में विकास कार्य में तेजी लाने को लेकर प्रखंड स्तर पर प्रखंड कार्यसमिति (बीडीसी) का गठन किया जाता है। अध्यक्ष, प्रमुख, सचिव बीडीओ के अलावा तीन मुखिया प्रतिनिधियों का चयन सर्वसम्मति से करने का प्रावधान हैं। इस कमेटी की मासिक बैठक निर्धारित तिथि को की जाती है। डिजीटल युग में सभी संबधित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधियों समत मीडिया प्रतिनिधियों को लिखित सूचना जारी कर चपरासी से हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया पिछले सात वर्षों से हटा दी गई है। वर्तमान में बीडीसी नामक वाटस ग्रुप पर सामूहिक सूचना प्रखंड कार्यालय से बतौर आदेश पत्र जारी कर दी जाती है। विडंबना है कि इस बीडीसी में तीन पंचायत बभंडी, बरडंडा व कुकही पंचायत के मुखिया क्रमशः जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम व रेणु देवी हैं। पूर्व तीन मुखिया का कार्यकाल खत्म होने के बाद इन्हें निर्वाचित किये गये हैं। मुखिया जितेन्द्र सिंह व सुदर्शन राम ने बताया कि इस बीडीसी ग्रुप में चयन के बाद से नहीं जोड़ा गया तो उन्हें सूचना कैसे मिलेगी। उन्होंने बीडीसी की बैठक से अनुपस्थित रहे हैं। मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मुखिया प्रतिनिधियों की यह उपेक्षात्मक रवैया उनकी उपेक्षा ही नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत मनमानी तौर पर विकास योजनाओं का चयन व स्वीकृति देने की मंशा प्रतीत होती है। उन्होंने इस रवैये पर पंचायती राज मंत्री से शीघ्र मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराने की भी बात कही है।




## जिप सदस्य राजू मेहता को मिली राइफल शूटिंग में कांस्य पदक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य व युवा बसपा नेता राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता को राइफल शूटिंग में बेहतर निशाने बाजी में कांस्य पदक मिला है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जिला स्तरीय कार्यक्रम खूंटी राइफल व झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा 12 से 14 अप्रैल तक कि गयी थी। इसका फाइनल रिजल्ट 15 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खूंटी डीएफओ दिलीप कुमार यादव, झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, सचिव उत्तम चंदन,ट्रेजर मधुर अग्रवाल आदि अतिथियों ने श्री मेहता को कांस्य पदक से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के कुल आयाम के अंक 400 था, जिसमें 299 अंक प्राप्त कर




प्रतियोगिता के तृतीय श्रेणी में जगह बनाया। खूंटी डीएफओ ने मेडल देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिला से महिला, पुरुष सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जीवन मे राजनीति जिम्मेवारियां के साथ खेल, कला, मनोरंजन जीवन में अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के बीच एक परीक्षार्थी बनने का एक नया अनुभव प्राप्त हुआ।

## जल संरक्षण पर ग्रामीण महिलाओं ने लगाया चौपाल

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** जल ही जीवन है विषय पर ग्रामीण महिलाओं ने हैदरनगर (पूर्वी) पंचायत मुख्यालय में गुरुवार को गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में जल सहिया रिंकी देवी ने बताया कि पानी को बचाने का प्रयास सबके प्रयास से किया जा सकता है। इसकी बबार्दी कर बाद में जरुरत अनुसार बनाया नहीं सकता। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वजों में नदी व पिता ने कुएं में जलश्रोत को तो देखा, पर आज उन्होंने नल का प्रयोग करते वर्तमान में देख रहे हैं। आज के परिवेश में लोगों को शुद्ध पेयजल पाना चिंता का विषय है। इटवा की जल सहिया रिंकी देवी ने कहा कि उन्हें जल संरक्षण को गंभीरता से लेकर सर्वप्रथम अपने घरों के बच्चों को इसके प्रति जागरुक करने की जरुरत है। मोकहर कला, बरडंडा, बभंडी, कुकही, परता व अन्य पंचायतों में इस विषय पर गोष्ठी का आयोजन कर आर्वती रुप में खासकर गर्मी के दिनों में पानी को व्यर्थ बर्बाद नहीं करने का आग्रह उपस्थित लोगों से किया गया। इसमें शामिल प्रबुद्ध व सामाजिक कार्यकर्ता सज्जू खान, बाबू भाई, राजू खान, नावाजिश खान, डॉ. अजय जायसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम, कमल कुमार पासवान, नाजमा खातून व शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, गुप्तेश्वर पांडेय, राजीव कुमार शर्मा, गुलशन आरा व फरहाना खातून ने इस कार्यक्रम के संबधित पंचायत में लोगों को प्रेरित करने का संकल्प भी लिया है। एसबीएम हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि पोषण माह के तहत जल सहिया की भूमिका जागरुकता कार्यक्रम के प्रति उत्साहवर्द्धक है।



## जेईसी में यूबीए सेल का ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जेईसी) पलामू के उन्नत भारत अभियान (यूबीए) सेल ने अपने कार्यालय में उद्घाटन समारोह के साथ पहला ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम में पूणार्डीह पंचायत के मुखिया गुड्डी देवी, हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला उपस्थित थे। मुंदरिया, सोनेसरई, बसौरा, बैरिया और झगरपुर के वार्ड सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. संजय कुमार सिंह, प्राचार्य जेईसी पलामू, अध्यक्ष यूबीए सेल , डॉ. सुमित कुमार, उपाध्यक्ष यूबीए सेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रणविजय सिंह (एचओडी सिविल), डॉ. भावेश कुमार ( एचओडी सीएई ), डॉ. विनीत शेखर, डॉ. योगेश प्रजापति और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे। डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि कैसे यूबीए सेल ग्रामीण भारत की समस्याओं का व्यावहारिक और नवाचारी समाधान बन सकता है। उन्होंने छात्रों की भागीदारी, स्थायित्व और पंचायतों से समन्वय की भूमिका को रेखांकित किया। यूबीए सेल के सचिव हिमांशु कुशवाहा ने सेल के उद्देश्यों, महत्व और आगामी कार्यक्रमों जैसे गांव सर्वेक्षण, डिजिटल साक्षरता कार्यशाला, और स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर छात्र सदस्य हिमांशु कुशवाहा, विराट वर्धन, अनूप कुमार, रूपेश कुमार दुबे, अक्षय कुमार, ओमप्रकाश कुमार, क्षितिज कुमार, सत्यम कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

**आस्था**

## सूर्य उपासना को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## कजरात गांव में सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेलबिगहा पंचायत के ग्राम कजरात में सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्रामीण श्रद्धालुओं ने कजरात से कलश लेकर दंगवार स्थित सोन नदी तक यात्रा की। वहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में कलश की स्थापना की गई। इस कलश यात्रा में हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान भाष्कर की महिमा अपरंपार है और सूर्य मंदिर के निर्माण से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि भगवान भाष्कर मानव जीवन के लिए सर्वोपरी हैं, जिनकी महिमा से समस्त जीव-जंतु और वनस्पति विज्ञान का कल्याण होता है। मौके पर पूर्व मुखिया रामलखन यादव, कुमीर्पुर पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी विगन प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, किसान मित्र अरुण सिंह, मुखिया श्रवण राम, विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह, समाजसेवी जितेंद्र रजक, प्रदीप सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का हरिहरगंज मंडल भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार की रात स्वागत किया। वह एक कार्यक्रम के तहत गिरिडीह से गढ़वा जा रहे थे। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का फूल माला से स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं का परिचय लेते हुए कुशलक्षेम पूछा। साथ ही देशहित में कार्य करने के लिए उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता, महामंत्री सन्नी गुप्ता ,सासंद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष सिकेन्द्र पासवान, मंडल मंत्री करण राजवीर अमित कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन जयसवाल, ओबीसी जिला मंत्री चंदन प्रजापति, किसान मोर्चा जिला मंत्री सुर्ययांशु सिंह, मिडिया संजोयक धर्मेन्द्र कुमार, रविन्द्र पासवान, कुन्दन सोनी, सत्येन्द्र पासवान, सत्येन्द्र साव, हिमांशु कुमार, लखन साव, अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष अरविन्द पासवान, बिनु जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल, रौनित कुमार,धीरज सिंह, अजय सिंह, संदीप शौण्डिक, लालदेव यादव,सुनिल गुप्ता, बब्लू गुप्ता सुधीर स्वर्णकार, विशाल कुमार,नन्दु स्वर्णकार सैकड़ों में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बस पड़ाव के लिए फोरलेन से सटे तीन स्थानों का निरीक्षण

**बस पड़ाव के लिए चिह्नित स्थान**
- अमानत ब्रिज के निकट
- टिकुलिया
- पोखरहा खुर्द


प्राइवेट बस पड़ाव

**प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु बनाई नए बस पड़ाव की योजना**

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नगर निगम क्षेत्र में नए बस पड़ाव स्थापित करने की प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने कदम बढ़ा दिए हैं। नगर आयुक्त जावेद हुसैन और सदर सीओ अमरजीत बलहोत्रा ने गुरुवार को शहर के तीन प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया, जहां भविष्य में बस पड़ाव बनाए जाएंगे। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तीनों स्थानों का भौतिक सत्यापन किया और आने वाली समस्याओं पर विचार-विमर्श किया ताकि किसी भी प्रकार की रुकावट का सामना न करना पड़े।

नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि प्रशासन की टीम ने तीन स्थानों का निरीक्षण किया, जिनमें अमानत ब्रिज के निकट, टिकुलिया, और पोखरहा खुर्द शामिल हैं। इन स्थानों का चयन शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं को देखते हुए किया गया है। जावेद हुसैन ने बताया कि प्रशासन ने तीन स्थानों का भौतिक सत्यापन किया है और अब संबंधित दस्तावेजों और भूमि का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। जिन जगहों का निरीक्षण किया गया ये सभी फोरलेन से सटे हुए हैं।

वर्तमान में, शहर के प्राइवेट बस पड़ाव से लगभग 175 बसें अन्य शहरों के लिए चलती हैं, और सरकारी बस स्टैंड से भी कई बसें रोजाना अन्य शहरों के लिए निकलती हैं। इस अत्यधिक यातायात के कारण, शहर के नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नये बस पड़ाव यातायात व्यवस्था को सुधारने में महत्वपूर्ण होगी, साथ ही शहरवासियों के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन प्रणाली स्थापित करने में भी मदद करेगी।

### 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता

सीओ अमरजीत बलहोत्रा ने बताया कि यह प्रक्रिया अभी अंडर प्रोसेस है और अंतिम निर्णय उपायुक्त की अध्यक्षता में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बस पड़ाव के लिए कम से कम 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी, ताकि यातायात के बढ़ते दबाव को समायोजित किया जा सके और शहरवासियों को राहत मिल सके। इसके लिए भूमि के दस्तावेजों और नक्शों की भी गहन जांच की जा रही है।

### शहर में यातायात की बढ़ती समस्या

मेदिनीनगर शहर की बढ़ती आबादी ने यातायात व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। शहर के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन यातायात बाधित होता है, जिससे नागरिकों को चलने में कठिनाई हो रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बावजूद शहर में ट्रैफिक की समस्या लगातार बढ़ रही है। शहर में हजारों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया और ऑटो रिक्शा चल रहे हैं, जो यातायात के लिए प्रमुख कारण बन गए हैं।

### पलामू सांसद ने दिया था सुझाव

पलामू सांसद ने भी इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करते हुए बस पड़ाव को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने का सुझाव दिया था। शहर में यातायात की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए नए बस पड़ाव की आवश्यकता स्पष्ट हो गई है। प्रशासन इस प्रक्रिया को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है, और इसके लिए भूमि का चयन, दस्तावेजों की जांच और अन्य आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।


प्रशासन ने बस स्टैंड के लिए तीन स्थानों का निरीक्षण किया है और अब संबंधित दस्तावेजों और भूमि का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है।
● नगर आयुक्त जावेद हुसैन


यह प्रक्रिया अभी अंडर प्रोसेस है और अंतिम निर्णय उपायुक्त की अध्यक्षता में लिया जाएगा।
● सीओ अमरजीत बलहोत्रा

### प्रशासन का संकल्प : शहरवासियों के लिए सुविधाजनक बस पड़ाव का होगा निर्माण

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य है कि बस पड़ाव का निर्माण ऐसा हो, जिससे शहरवासियों को आने वाले समय में कोई परेशानी न हो। वे इस परियोजना के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं ताकि बस पड़ाव शहरवासियों के लिए सुविधाजनक हो। जावेद हुसैन ने कहा, 'जल्द ही जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, और इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हम इस परियोजना को शहरवासियों की भलाई के लिए पूरी गंभीरता से पूरा करेंगे।'

## कदाचार-मुक्त परीक्षा आयोजन हेतु प्रतिबद्ध महाविद्यालय प्रशासनः डॉ. वैद्य



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर-02 एवं सेमेस्टर-03 की परीक्षाएं आगामी 22 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा महाविद्यालय प्रशासन कदाचार-मुक्त, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित परीक्षा आयोजन हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य ने दी। डॉ. वैद्य ने परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा अवधि के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री लेकर परिसर में प्रवेश न करें। उन्होंने कहा कि सभी छात्र निर्भीक होकर परीक्षा में सम्मिलित हों एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने में सहयोग करें। प्राचार्य डॉ. वैद्य ने समस्त विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भाजपा सरकार की कार्यशैली पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय छःमूहान चौक पर विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। यह आयोजन जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया से अधिक सत्ता का दुरुपयोग प्रतीत होता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी और कार्यकर्ता किसी भी दबाव या दमन से भयभीत नहीं होंगे। राहुल गांधी आज देश के करोड़ों लोगों की आवाज हैं और कांग्रेस कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला देवरी मुख्य सड़क के महुराव के समीप बाइक दुर्घटना में देवरी ओपी क्षेत्र के पहाड़ीपर गांव निवासी 32 वर्षीय राजेश राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार की देर शाम की बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलते ही देवरी ओपी के एसआई अखिलेश यादव ने तत्काल स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त युवक जपला से अपने घर लौट रहा था। इस क्रम में एक तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर एक हेड लाइट जलाकर जपला की ओर जा रहा था। इस क्रम में उसकी बाइक की टक्कर ट्रैक्टर से हो गयी। पुलिस उक्त बाइक को जब्त कर थाना में ले आयी हैं।

## 80 हजार की आबादी एक एक डॉक्टर के भरोसे

**महुआडांड़।** अनुमंडल स्थित एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक डॉक्टर के भरोसे संचालित है, जिससे इलाज कराने आ रहे मरीज को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खास कर तीन बजे के बाद ओपीडी बंद हो जाने से काफी परेशानी होती है। महुआडांड़ में लगभग 80 हजार के करीब जनसंख्या एक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे है। नेतरहाट जो एक पंचायत है, जिसकी कुल जनसंख्या लगभग पांच हजार के करीब है। वहां पर एक पुरुष और एक महिला डॉक्टर की नियुक्ति है। आनंद प्रसाद, प्रदीप कुमार, रानू खान, रिंकू अहमद, संजय तिग्गा, उप प्रमुख अभय मिंज ने लातेहार डीसी व सिविल सर्जन से महुआडांड़ में एक महिला और पुरुष डॉक्टर के पदस्थाना की मांग की है।

## छतरपुर में ज्वेलरी चोरी कांड का खुलासा 20 किलो से अधिक सोना-चांदी बरामद

● **बिहार के औरंगाबाद से मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पिघलाकर जेवर बनाकर करता था बिक्री**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक कुमार सोनी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया गया कि उनकी ज्वेलरी दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोना और चांदी के जेवरात चुरा लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस जांच में तकनीकी शाखा की सहायता ली गई।

जांच के क्रम में पुलिस ने बिहार के औरंगाबाद जिले के दधपी निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी के जेवर खरीदने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर औरंगाबाद के शिवगंज स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स से लगभग 6 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त उसके पास से लगभग 14 किलोग्राम पिघला हुआ सोना भी जब्त किया गया।

एएसपी राकेश सिंह ने जानकारी दी कि अभिषेक कुमार चोरी का माल बाजार मूल्य से आधे से भी कम कीमत पर खरीदता था, फिर उसे पिघलाकर नए जेवर बनवाकर बेचता था।

इस कार्रवाई में छतरपुर के एसडीपीओ अवध कुमार यादव, अंचल निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत यादव एवं छतरपुर थाना की पुलिस टीम शामिल थी।

## रात्रि प्रहरी हत्या कांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

● **साइकिल चोरी देख लेने पर की गई थी हत्या, हथियार और चोरी की साइकिलें बरामद**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बीआरसी कार्यालय, हुसैनाबाद में कार्यरत रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर की हत्या 18 मार्च 2025 को छठ भवन परिसर में अज्ञात अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने हत्या में संलिप्त अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच प्रारंभ की। यह जानकारी एएसपी राकेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) हुसैनाबाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर सिंचाई विभाग की नहर कॉलोनी में रहने वाले योगेंद्र डोम से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान योगेंद्र डोम ने हत्या की साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि 15 मार्च की रात उसने अपने बहनोई सनोज डोम, साथी सोनू डोम और बिगू डोम के साथ मिलकर दो साइकिलों की चोरी की थी। चोरी के अगले दिन शाम को जब रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर ने चारों को पहचान लिया और चेतावनी दी कि साइकिल वापस नहीं लाए तो उन्हें जेल भिजवा देगा, तब चारों ने योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या करने का निर्णय लिया। हत्या की रात चारों आरोपी बीआरसी कार्यालय की छत पर सो रहे रामदेव ठाकुर पर बलुआ और बांस की लाठियों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और चोरी की गई दोनों साइकिलें भी बरामद कर ली हैं। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी हैं–सनोज डोम (28 वर्ष), निवासी मोहम्मदगंज; सोनू डोम (20 वर्ष), निवासी पांडे करमा, जिला औरंगाबाद (बिहार); बिगू डोम (48 वर्ष) और योगेंद्र डोम (28 वर्ष), दोनों निवासी हुसैनाबाद। चारों आरोपी हुसैनाबाद नगर पंचायत में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत हैं। छापेमारी टीम में हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस एवं हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, धर्मवीर यादव, अफजाल अंसारी, रमन यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को सौंपा आठ सूत्री मांगपत्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर आठ सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था को युद्धस्तर पर सुदृढ़ करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

प्रतिनिधिमंडल ने सत्र 2021-24 के छठे सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरवाने से पूर्व पाँचवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी करने की आवश्यकता जताई। साथ ही, छठे सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म में माइग्रेशन, डिग्री, प्रोविजनल एवं अंकपत्र का शुल्क सम्मिलित करने की बात कही गई। परीक्षा उपरांत ये सभी प्रमाण पत्र एकसाथ उपलब्ध कराए जाएं, अन्यथा इनका शुल्क पृथक रूप से नहीं लिया जाए।

मांगपत्र में यह भी कहा गया है कि विश्वविद्यालय अंतर्गत ऐसे शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति के कारण शैक्षणिक कार्य से वंचित हैं, उन्हें पुनः संबंधित महाविद्यालय अथवा विभाग में भेजा जाए। वहीं, बैकलॉग परीक्षा फॉर्म का शुल्क पूर्व की भांति विषयों की संख्या के अनुसार निर्धारित किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि विश्वविद्यालय स्थापना के पश्चात से अब तक प्रत्येक स्नातकोत्तर सत्र के टॉप पाँच विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए।

गढ़वा स्थित नामधारी महाविद्यालय के वोकेशनल विभाग में भूगोल शास्त्र के शिक्षक डॉ. कुंदन कुमार समन्वयक पद पर कार्यरत हैं। एबीवीपी ने विषय विशेषज्ञ को ही समन्वयक पद पर नियुक्त करने की मांग की है। साथ ही, छात्रों द्वारा आवेदन किए गए मूल प्रमाण पत्र, माइग्रेशन प्रमाण पत्र आदि का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता जताई गई है। राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को परिसर में फैली अनियमितताओं को समाप्त कर छात्रों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुसज्जित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना चाहिए।

प्रांत कल्याण छात्रावास प्रमुख रामशंकर पासवान ने बताया कि कुलपति ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित में शीघ्र निर्णय लेगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला संयोजक नीतीश दुबे, जी.एल.ए. कॉलेज अध्यक्ष किसलय, सौरभ, हर्ष सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रेम-प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या दो साल बाद पुलिस ने किया खुलासा

**पत्नी के साथ मिलकर रचा प्रेमी की हत्या का षड्यंत्र, आरोपी अमित मेहता गिरफ्तार**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगन जंगल में वर्ष 2023 में हुई युवक मृत्युंजय साह की हत्या के मामले में पलामू पुलिस ने दो साल बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक बिहार के सिवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पंजवार गांव का रहने वाला था, जो घर से प्लांट में नौकरी के लिए निकला था। यह जानकारी एएसपी राकेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि घटना 21 जून 2023 की है, जब मृतक की प्रेमिका ने अपने पति अमित मेहता के साथ मिलकर उसे साजिश के तहत बुलाया और फिर पति ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। मामले की जांच के क्रम में तकनीकी शाखा की मदद से मृतक के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल और टावर लोकेशन खंगाला गया, जिसमें आरोपी अमित मेहता और उसकी पत्नी अनीता देवी की मौजूदगी घटनास्थल के पास दर्ज की गई। पूछताछ के दौरान अमित मेहता ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी पत्नी अनीता देवी और मृतक मृत्युंजय साह के बीच लगातार फोन पर बातचीत होती थी। जब अमित ने इसका विरोध किया तो मृत्युंजय साह बार-बार बात करने का दबाव बना रहा था। इसी से तंग आकर अमित ने पत्नी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी अमित मेहता बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना अंतर्गत मधुपुर गांव का निवासी है। हालांकि हत्या में प्रयुक्त हथियार अब तक बरामद नहीं हो सका है, क्योंकि हथियार उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है।

## बेटे के इलाज के लिए विधवा मां भीख मांगने को विवश

● **सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नकुल को बचाने के लिए मां पंचायत में घर-घर जाकर जुटा रही चंदा**

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बेटे के इलाज के लिए एक विधवा मां को दर-दर भटक कर भीख मांगनी पड़ रही है। यह मार्मिक तस्वीर पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत खैरादोहर की है, जहां 35 वर्षीय नकुल विश्वकर्मा की जिंदगी मौत से जूझ रही है और उसकी मां निर्मला कुवर बेटे को बचाने की जद्दोजहद में गांव-गांव घूम रही हैं।

नकुल विश्वकर्मा, पिता स्व. कृष्णा विश्वकर्मा, बाइक से खैरादोहर से छतरपुर जा रहे थे, तभी हुटूकदाग के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पहले छतरपुर अस्पताल ले जाया गया, फिर हालत बिगड़ने पर मेदिनीनगर एमएमसीएच और उसके बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। सिर में गहरी चोट लगने से नकुल कोमा में चले गए।

रिम्स में 22 दिन तक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई, लेकिन हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उनकी मां और पत्नी पूजा देवी ने श्री नारायण हॉस्पिटल, मेदिनीनगर में जमीन बेचकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर इलाज शुरू कराया, लेकिन अब तक लगभग तीन लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बावजूद नकुल की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

अब स्थिति यह है कि नकुल की विधवा मां निर्मला कुवर अपने बेटे की दवा और देखभाल के लिए पंचायत क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से चंदा मांग रही हैं। उनकी आंखों में बेटे को खो देने का डर और समाज से मदद की उम्मीद साफ झलकती है।

उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिली। ऐसे में अब पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुका है।

## मनरेगा, आवास व बिरसा सिंचाई कूप योजनाओं में कार्यों की प्रगति को लेकर उप विकास आयुक्त गंभीर

**- उदासीनता पर पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों पर होगी कार्रवाई, कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने गुरुवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में पंचायती राज से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की गहरी समीक्षा की और सुनिश्चित किया कि इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य समय सीमा में पूरा किया जाए। उप विकास आयुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में मंदी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरती है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्यों में गंभीरता दिखाते हुए प्रगति लाने के लिए तत्पर रहें। उप विकास आयुक्त ने प्रस्तावित योजनाओं की त्वरित समीक्षा करने के लिए एक सप्ताह के भीतर कैंप आयोजित कर कार्यों को पूर्ण करने की दिशा में कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं में शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों को शीघ्रता से संपन्न किया जाना चाहिए।

मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन और योजना अभिलेखों के अंतिमीकरण में पंचायत स्तर पर शिथिलता से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति में रुकावट आ रही है। उप विकास आयुक्त ने मानव दिवस सृजन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम मनरेगा कार्यों के लिए अनुकूल है, अतः बरसात से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने उन प्रखंडों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनकी प्रगति एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक शून्य रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की प्रगति पर भी उप विकास आयुक्त ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एमआर इश्यू में कोई शिथिलता नहीं होनी चाहिए और सभी लाभुकों का निबंधन, जीयोटैग एवं आवास स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वे कार्य को शीघ्र पूरा करते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाएं।

अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों के आवास कार्यों को शीघ्र पूरा करने और जीयो टैगिंग करने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही एमआर इश्यू करने के निर्देश दिए गए ताकि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। उप विकास आयुक्त ने अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को अपने निमार्णाधीन आवास का जियोटैग स्वयं करने की सुविधा दी है। इसके लिए बेनेफिशरी लेवल जियो टैग ऐप का उपयोग किया जा सकता है, जो अबुआ आवास योजना के पोर्टल या गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप योजना में तेजी लाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिन पीपीओ द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अभियान चलाकर इस योजना को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। पंचायत स्तरीय जनता दरबार के आयोजन को जारी रखने का निर्देश देते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, पीएम जनमन आवास और अन्य लंबित लाभार्थियों के मुद्दों का समाधान करने में मदद करेगा।

समीक्षा बैठक में समाहरणालय सभागार में मनरेगा, आवास योजना, और अन्य योजनाओं के जिला समन्वयक, परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दो वित्तीय वर्ष से प्रखंड को नहीं मिला आवंटन

## विकास कार्य अवरूद्ध, 900 योजनाएं अधर में लटकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड में केंद्र प्रायोजित योजनाओं का खस्ता हाल हो गया है। नियमित आवंटन नहीं मिलने के कारण ग्राम सभा से ली जा रही योजनाओं का कार्यनवयन नहीं हो पा रहा है। इस कारण हर वित्तीय वर्ष में ग्राम सभा के बाद कार्यकारणी के माध्यम ली जा रही लगभग 500 योजना सिर्फ एक शोभा बनकर रह गई है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 को प्रारंभ हुए एक महीना का समय गुजर गया, लेकिन अभी तक एक भी रुपए की राशि का आवंटन प्रखंड को नसीब नहीं हो सका। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी 15 वें वित्त योजना अंतर्गत ली गई योजनाओं का कार्यन्वयन के लिए एक भी रुपए की राशि का आवंटन नहीं मिल। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड को मिले




आवंटन के आलोक में ही अब तक योजनाओं का कार्यान्वयन होता रहा। बताया जाता है कि हर वित्तीय वर्ष में योजना का कार्यन्वयन को लेकर पंचायत बार बजट बनता है, जिसका अनुमानित राशि पंचायत समिति सदस्यों को मिलाकर लगभग 3 करोड़ के आसपास हो जाता है। साथ ही पंचायत वार योजनाओं का आकलन करने के बाद उसकी संख्या 450 तक पहुंच जाती है। नियमित आवंटन नहीं मिलने के कारण हर वित्तीय वर्ष की योजनाएं एक शोभा बनकर रह गई है। प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि प्रखंड को वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक भी रुपए की राशि का आवंटन नहीं मिला है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत हो चुकी है। लेकिन अभी तक इस वित्तीय वर्ष की भी आवंटन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त हुए आवंटन के आलोक में ही हम सभी किसी तरह 15वें वित्त की योजनाओं का कार्यान्वयन कराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमित आवंटन नहीं मिलने के कारण सीधे तौर पर उसका असर ग्राम सभा के बाद कार्यकारणी के माध्यम ली जा रही योजनाओं पर पड़ रहा है। प्रखंड को अगर नियमित आवंटन मिलते रहता तो दो वित्तीय वर्ष का आवंटन 6 करोड रुपए से भी अधिक की राशि का हो जाता। साथ ही उक्त राशि के माध्यम हर वित्तीय वर्ष की 450 से भी अधिक योजनाएं पूर्ण होती।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर।** बुधवार की रात्रि एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉ. इन्द्र किशोर विश्वकर्मा द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी बब्लू पासवान पिता खुशलाल पासवान शादी का कार्ड बांटने बुधवार को खरौंधी बाइक से गया था। वापसी में रात्रि में वह अपने घर वापस जा रहा था। इस बीच नेपाल खोह के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे चला गया, जिससे बब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया।

### असमय निधन से शादी का माहौल बदला मातम में

**रमना।** सिलीदाग पंचायत में बुधवार की शाम विद्यालय टोला निवासी कमेश राम की हुई अचानक मौत से पूरा ग्राम मर्माहत है। ग्रामीणों के अनुसार सुखाड़ी राम के 45 वर्षीय पुत्र कमेश राम अपनी पुत्री की शादी के तैयारी में लगे थे। तिलक तीन अप्रैल और शादी सात अप्रैल को तय था। मृतक कमेश राम शादी का निमंत्रण अपने रिस्तेदारों को देकर बुधवार को शाम घर पहुंचे थे। तबीयत ठीक नहीं लगने पर बिस्तर लगाकर आराम करने लगे। इस क्रम में अचानक से छटपटाने पर परिजनों द्वारा ईलाज के लिए ले जाने के क्रम में मुख्य सड़क तक पहुंचते ही कमेश राम ने दम तोड़ दिया। शादी का माहौल कुछ ही पल में मातम में बदल गया। कमेश राम के तीन पुत्री और एक पुत्र है। बड़ी लड़की का शादी कर दूसरी लड़की की शादी की तैयारी में कमेश लगे थे। मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक के शोकाकुल परिजनों से मिलकर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश ठाकुर, ग्रामीण राकेश कुमार, संजीव राम, उपेंद्र ठाकुर, दुःखहरण राम ने ढांढस बंधाया।

### 11 हजार वोल्ट का तार हटाने की मांग



**केतार।** प्रखंड के केतरी गांव में 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय केतार निवासी पार्वती देवी ने बिजली विभाग के अभियंता को आवेदन देकर जल्द विद्युत तार को हटाने की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तार उनके घरे के करीब से तो कहीं घरों के ऊपर से गुजर रहा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### मां भगवती देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगड़ा गांव में नव निर्मित मां भगवती देवी महामंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को जलयात्रा से हुई। श्रद्धालु कोयल व कासीसोत नदी के संगम से संपन्न वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल उठाया। सैकड़ो की संख्या में शामिल स्त्री पुरुष व छोटे बच्चे हाथों में कलश लिए कलश यात्रा में शामिल हुए। हाथों में धर्म ध्वजा लिए माता के जयकारे लगाते सभी चल रहे थे। बनारस से पधारे विद्वान पंडित आचार्य बालेन्द्र पांडेय ने सभी कर्मकांड व पूजन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में विनोद मिस्त्री,विनोद राम,अर्जुन माली,दया राम, कृपानी राम हैं। छह दिनों तक चलने वाला इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को वेदी पूजन, अन्नाधीवास, शनिवार को फलाधिवास, वस्त्राधिवास, धूपाधीवास, गंधाधिवास व पुष्पाधिवास होगा। रविवार को नगर भ्रमण व रात्रि में सैयाधिवास न्यास,सोमवार को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। मंगलवार को महापूर्णाहुति, महाभंडारा, आचार्यो व विद्वानों की विदाई किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला पार्षद नेहा कुमारी,मुखिया ललित बैठा, बीडीसी उषा देवी,जिला पार्षद प्रतिनिधि सुजीत कुमार रजक ,कमेटी के सदस्य विश्वनाथ राम,वीरेन्द्र राम,विनोद साह सहित गांव के समस्त जनता लगी हुई है।

### पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन

**खरौंधी।** प्रखंड के पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय अरंगी में बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल, कम्युनिकेशन पार्टिसिपेट, हेल्थ कैंप, एक भारत श्रेष्ठ भारत और एक्सपर्ट टॉक जैसे विविध रचनात्मक, शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने की।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल' के अंतर्गत बच्चों ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, योगदान और आदिवासी समाज के लिए उनके कार्यों को प्रस्तुत कर प्रेरणा ली। 'कम्युनिकेशन पार्टिसिपेट' में बच्चों ने अपने विचारों को साझा किया और संवाद कौशल को बेहतर बनाने का अभ्यास किया। हेल्थ कैंप के तहत छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गई। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा एवं वेशभूषा को छात्रों ने मंच पर प्रस्तुत किया, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता की भावना को बल मिला। 'एक्सपर्ट टॉक' में विषय विशेषज्ञों ने बच्चों को करियर मार्गदर्शन, नैतिक मूल्यों एवं आत्मनिर्भरता पर प्रेरक बातें बताईं।इस अवसर पर उपमुखिया प्रमोद कुमार पटेल, शिक्षक विश्वनाथ राम, लीलावनी देवी, सुरेन्द्र कुमार मेहता, मिथिलेश कुमार पाठक, मुकेश कुमार पाठक, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, कुश कुमार चौधरी, अकलू राम उपस्थित रहे। वहीं रटउ अध्यक्ष श्री जयकुमार पासवान, सदस्यगण श्री सुनील प्रजापति, ज्ञानी साव, संगीता देवी (उपाध्यक्ष), अनीता देवी (संयोजिका), मनीता देवी, भीम कुमार अम्बेडकर एवं ग्रामीण प्रतिनिधि राजेन्द्र राम की भी सक्रिय भागीदारी रहीप्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

## बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन गुरुवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक में विभाग से संबंधित एक साथ कई योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान जिले व प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंन्द्रो पर स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड योजना, आभा कार्ड निर्माण आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य उप केंन्द्रो का निर्माण कार्य व निर्माण के बाद नवनिर्मित भवनों को हस्तगत कराने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के अगले क्रम में उपायुक्त ने जिला समुचित प्राधिकारी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सिविल सर्जन गढ़वा डॉ.अशोक कुमार ने पीसी एंड पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से संक्षिप्त जानकारी दी। गढ़वा जिले में सेक्स रेसियो, अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के लिए प्राप्त आवेदन और रिन्यूअल को लेकर कमेटी ने विचार विमर्श किया। उपायुक्त ने जिला में अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। जिससे अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को बंद कराया जा सके। नए क्लीनिक के लाइसेंस के लिए आए आवेदनों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने सभी आवश्यक दस्तावेज की अहर्ता रखने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद ही लाइसेंस निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जिनका लाइसेंस पूर्ण हो गया है, उन्हें लाइसेंस रिन्यूअल के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया।

## तिलक समारोह में जा रहा टेंपो पलटा, बुजुर्ग की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थानांतर्गत सलगा तीन मुहान चौक के पास तिलक लेकर जा रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पलटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गया। यह हादसा विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल चालक को बचाने के क्रम में हुई। दुर्घटना बुधवार की देर रात की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि



बुधवार की रात पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर थाना के बघमनवा गांव से टेंपो पर सवार होकर कुछ लोग तिलक चढ़ाने कांडी थाना क्षेत्र के लमारी गांव जा रहे थे। इस दौरान तीन मुहान चौक पर यह हादसा हो गया। घटना में 60 वर्षीय छेदी रजवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टेंपो को जब्त कर थाना ले गई है।

## बुजुर्ग दंपति के घर राशन लेकर पहुंचे एसडीओ

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल/गढ़वा।** दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में 17 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित खबर राशन, पेंशन सुविधा नहीं मिलने से दंपति की दयनीय स्थिति पर एसडीओ ने संज्ञान लिया। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार गुरुवार को अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर पतहरिया गांव पहुंच कर अत्यंत वृद्ध दंपत्ति भुलाई बियार व मूर्ति देवी के घर पहुंचे। बुजुर्ग दंपत्ति को



राशन और पेंशन को लेकर गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वतः संज्ञान लेकर वे दोपहर में पढुआ पंचायत के पतहरिया गांव की तेतरिया बस्ती निवासी उक्त बुजुर्ग दंपति के घर स्वयं पहुंचे। वह अपने साथ संबंधित पदाधिकारियों सहित राशन के साथ पहुंचे थे। उन्होंने जाते ही सर्वप्रथम राशन प्रदान किया। बुजुर्ग पति-पत्नी का हालचाल पूछ उनकी आर्थिक स्थिति, उनके स्वास्थ्य, उनकी देखभाल कर्ता के अलावा पेंशन, आवास और राशन कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जांच के क्रम में प्राप्त तथ्यों के अनुसार उक्त दंपति की पेंशन राशि बकाया नहीं है। मार्च तक की राशि उनके खाते में जा चुकी है, किंतु किसी बायोमेट्रिक परेशानी के चलते वह बैंक से अपना पैसा नहीं निकल पा रहे थे। मौके पर ही एसडीएम ने एसबीआई स्टेट बैंक शाखा के संबंधित प्रबंधक को फोन कर नियमानुसार समस्या निदान का निर्देश दिया। संबंधित बैंक प्रबंधक ने उक्त तकनीकी समस्या का तुरंत समाधान कर दिया। बुजुर्गों का राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। राशन कार्ड में नाम जुड़ने तक संबंधित दंपति को हर माह ससमय राशन उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के लिए बीडीओ तथा सीओ को निर्देश दिया गया। संजय कुमार ने लौटते समय उन बुजुर्ग माता को दवाई आदि खरीदने के लिए अपने स्तर से छोटी सी राशि भी उपलब्ध करवाई।

## कार्यक्रम

### एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

## विद्यालय का उद्देश्य समाज के गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले: रश्मि वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय विपिन बिहारी लाल वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा भाव प्रकट किए और विद्यालय के संस्थापक को याद किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रभारी रश्मि वर्मा ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जो सपना देखा था, उसे साकार करने की दिशा में विद्यालय परिवार



निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्री वर्मा का उद्देश्य था कि समाज के गरीब और जरूरतमंद बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और आज विद्यालय उसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाता है। विद्यालय का प्रयास है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वर्मा के सिद्धांत और आदर्श आज भी विद्यालय के संचालन में मार्गदर्शन का कार्य कर रहे हैं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी स्वर्गीय वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि वह विद्यालय के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हरसंभव मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही संस्थापक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय वर्मा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शिक्षिका प्रिया पाठक, नेहा कुमारी, कृति कुमारी, ज्योति दुबे, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, निशा कुमारी, हीना सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**गढ़वा।** रमकंडा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिन्हें गिरफ्तार किया है उनमें रमकंडा थाना क्षेत्र के मंगराही गांव निवासी स्व मुनारिक राम के पुत्र सुदेस्वर राम व कोंग्रेस राम के पुत्र ठेगु राम का नाम शामिल है। उक्त आरोपी को पुलिस कई महीनों से तलाश कर रही थी।

### वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रंका।** रमकंडा मुख्य पथ के लिदीकंडा रोड में वाहन के चपेट में आने से ग्रामीण महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला गांव के ही दवा दुकान से दवा लेकर अपने घर जा रही थी। इस सड़क पर करने के क्रम में महिला वाहन के चपेट में आ गई। महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनन लिदीकंडा, मानपुर, के ग्रामीण सड़क जमा कर दिया। ग्रामीण मुआवजा की मांग कर रहे थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री वंशीधर नगर मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की। वह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय के घर शादी समारोह में शामिल होने चितविश्राम जाने से पूर्व मंदिर पहुंचे। श्री बंशीधर नगर पहुंचने पर भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट के सलाहकार धीरेन्द्र चौबे द्वारा अंग वस्त्र और भगवान की तस्वीर देकर स्वागत किया गया। पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि कहा कि मैं पहली बार भगवान बांके बिहारी के पास नहीं आ रहा। इससे पहले भी कई बार आ चुका हूं। उन्होंने कहा कि इनकी महिमा अपरंपार है। भगवान श्री कृष्ण की ऐसी प्रतिमा पूरे विश्व में कही नहीं है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख स्थानों को केंद्र की सरकार विकसित करने का कार्य कर रही है। बंशीधर मंदिर भी देश का प्रमुख धर्म स्थल है। राज्य सरकार को इसके विकास के लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए। हफिजुल के बयान पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि ऐसे लोग पद की गरिमा का कर रहे दुरुपयोग। उन्होंने कहा कोई व्यक्ति जब संवैधानिक पद पर रहते हैं तो उन्हे पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। ऐसे लोग संविधान को नीचा दिखाने का काम करते हैं। ऐसे लोगों को पद की गरिमा का भी ख्याल नहीं होता वे पद की गरिमा का दुरुपयोग करते हैं। वक्फ संशोधन बिल के विरोध को लेकर कहा कि कही भी इसका विरोध नहीं हो रहा है। कुछ मुट्ठी भर लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व सांसद घुरन अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
दिनांक – 10.05.2025 (शनिवार)
स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।

**"आम सूचना"**

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 10.05.2025 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाहन से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)A
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य निशेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)A
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

**श्री दीपक कुमार पाण्डेय**, पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।
**श्री शेखर जमुआर**, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।
**श्री नलिन कुमार**, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 350618 Law(25-26)#D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**

**(WALK-IN-INTERVIEW)**

सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरुप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश विभागीय ज्ञापांक–108(21) दिनांक–14.08.2024 द्वारा निर्गत है। उक्त दिशा–निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ /अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा Consultant के रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैनल निमार्ण हेतु Expression of Interest आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति विशेषज्ञ /अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निमार्ण हेतु जारी किया जा रहा है। यह प्रकिया किसी निश्चित अवधि तक सीमित न होकर सतत् (Continue) जारी रहेगी, जिससे इच्छुक चिकित्सक किसी भी समय आवेदन कर सकते है।

चयन समिति द्वारा पैनल को आवश्यकतानुसार अनुमोदित किया जायेगा। तदोपरांत संबंधित अस्पताल द्वारा इनसे सेवा ली जायेगी।

निम्नांकित विशेषज्ञता/अति विशेषज्ञता विभागों हेतु विशेषज्ञ /अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें Consultant के रूप में वांछित हैं:–

| क्र0 | अति विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 01 | Cardiology |
| 02 | Neurology |
| 03 | Medical Oncology |
| 04 | Surgical Oncology |
| 05 | Urology |
| 06 | Nephrology |
| 07 | Medical Gastroenterology |
| 08 | Surgical Gastroenterology |

| क्र0 | विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 1 | Medicine (Physician) |
| 2 | General Surgery |
| 3 | Orthopedics |
| 4 | Obst. & Gynecology |
| 5 | Pediatrics |
| 6 | Ophthalmology |
| 7 | ENT |
| 8 | Psychiatrist |
| 9 | T.B & Chest |
| 10 | Skin & V.D |
| 11 | Anesthesiologist |

2. आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा :–
   i. विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– MBBS, MD/MS/DNB (Specialty)
   ii. अति विशेशज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– DM/MCH/DNB (Superspecialty)
3. पैनल निर्माण एवं चयन प्रक्रिया :–
   i. इच्छुक चिकित्सकों का चयन–Walk-in-Interview के माध्यम से किया जाएगा।
   ii. योग्य चिकित्सकों की सूची तैयार कर पैनल में शामिल किया जाएगा।
   iii. अस्पताल आवश्यकतानुसार उनसे सेवाएँ प्राप्त करेगी।
   iv. यह प्रक्रिया निरंतर (Rolling basis) पर जारी रहेगी अर्थात इच्छुक चिकित्सक कभी भी आवेदन कर सकते है और निर्धारित तिथियों पर आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते है।
   v. सरकारी नौकरी में कार्यरत चिकित्सक इन पदों के लिए योग्य नहीं होंगे।
5. सेवा की शर्त एवं **Remunerations** –
(क) अतिविशेषज्ञ / विशेषज्ञ चिकित्सकों (Superspeciality/Specialty Consultants) की ली जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय संकल्प सं0–108 (21) दिनांक–14.08.2024 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।
इस सबंध में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला संशोधन स्वतः प्रभावी होगा।
(ख) Consultant चिकित्सकों की सेवा का मूल्यांकन उनके Performance के आधार पर समय–समय पर किया जायेगा। Performance असंतोषजनक पाये जाने पर संबंधित चिकित्सकों को पैनल से बाहर करते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. Walk-In-Interview का स्थान :–
साक्षात्कार की तिथि–28.04.2025
समयः– 01.00 बजे अपराह्न
स्थान–सिविल सर्जन सभागार, चतरा।
नोटः– इसके उपरान्त साक्षात्कार की तिथि सिविल सर्जन, चतरा कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित की जाती रहेगी।
7. सभी इच्छुक उम्मीदवार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूपेण भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय वाक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होंगे।
8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेष रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने का सर्वाधिकार स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को सुरक्षित रहेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 350614 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

# 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी नहीं कराया तो निरस्त हो जायेगा राशन कार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राशन कार्डधारी अगर आगामी 30 अप्रैल तक ई-केवाइसी नहीं कराया तो राशन कार्ड निरस्त कर जायेगा। यह जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेशानुसार ई-केवाईसी करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक तक निर्धारित है। लातेहार जिला के अब तक वैसे लाभुक जिनका ई-केवाईसी (वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चे) ई-पॉश मशीन से सत्यापन नही हो पाया है, उन्हे ई-केवाईसी करने के लिए संबंधित प्रखंडों में चिन्हित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा मशीन से ई-केवाइसी किया जा रहा है। गारू प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, गारू में दया देवी, लातेहार प्रखंड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, लातेहार में प्रदीप प्रसाद और लातेहार नगर पंचायत में मुंद्रिका प्रसाद के जन वितरण प्रणाली के दुकान में ई-केवाईसी किया जायेगा। चंदवा प्रखंड में बालदेव गंझू व महेंद्र प्रसाद, बालुमाथ में आनंदी प्रसाद सेरेगढ़ा, बारियातू में प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, हेरहंज में डीलर का युगेश्वर प्रसाद, सेरेनदाग, बरवाडीह में डीलर अशोक राम, मंगरा, महुआडांड़ प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति कार्यालय व मनिका प्रखंड में डीलर संतोष ठाकुर, छठू साव व इश्वर प्रसाद के जन वितरण प्रणाली के दुकान में ई-केवाईसी किया जा सकता है।

# नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यो का निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला, प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रथम एएनसी चेक अप शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषण बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने, कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, संबंधित पदाधिकारी, पीरामल की टीम उपस्थित थी।




## न्यूज बॉक्स

### हेमंत के केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी

**बालूमाथ।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। बधाई देने वालों में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, प्रदीप गंझू, मनोज यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो.आमिर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव,राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ,अबूल भाई, श्यामसुंदर यादव ,रीना उरांव,मो इमरान, झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, जयराम गंझू, जीतकर गंझू,अमित उरांव, सीता कुमारी,फूलमनी देवी, देवंती देवी,मो सरफराज, राजेंद्र उरांव, लल्लू उरांव , हरी साव, मो मुस्ताक, मो सनाउल्लाह, मुनाजिर हुसैन, मो. जुबैर, शाहिद अंसारी, फिरोज कुरैशी मो शाबिर अंसारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

### बाइक से गिरकर विवाहिता घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ मुरुप मार्ग पर कोठाटाड़ के समीप बाइक से गिरकर एक विवाहित महिला घायल हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मकरा बारियातू निवासी सुनील कुमार उनकी पत्नी रेखा देवी बाइक पर सवार होकर लातेहार किसी आवश्यक कार्य से जा रही थे। इस दौरान बाइक से अनियंत्रित होकर कोठाटाड़ ग्राम के पास गिरकर घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि महिला के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर आंतरिक चोट लगी है।

### सड़कों पर बह रहा गंदा दुर्गंधयुक्त पानी, लोग परेशान

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित जिला परिषद के डाक बंगला के सोखता जाम होने से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। डाक बंगला से गंदा पानी निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रास्ते होते हुए प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तक पानी बह कर जा रहा है। इस गंदे पानी से काफी दुर्गंध आ रहा है। इससे अस्पताल आ रहे मरीजों, स्वास्थ्य कर्मी, दोनों स्कूल के छात्रों काफी परेशानी रहते हैं। इन दिनों शादी विवाह को लेकर लगभग हर दिन डाक बंगला भाड़े पर लिया जा रहा है। जहां सैकड़ो लीटर पानी का उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में डाक बंगला के टेक केयर आनंद प्रसाद ने बताया डाक बंगला का पानी साखता भर जाने के साथ जाम हो गया, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सोखता मरमत के लिए जिला परिषद ऑफिस लातेहार कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

### प्रधानाध्यापक तबादला

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय आरा में 25 वर्षों से कार्यरत शिक्षक अनिल उरांव का तबादला हो गया है। गुरुवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने शिक्षक को अंग वस्त्र ओढ़ा कर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पदुम यादव, रवि प्रकाश, असेश्वर गंझू, आशीष गोतम, स्कूल के वर्तमान प्रधानाध्यापक विनय निराला,जितेंद्र प्रसाद, रामसेवक प्रसाद, निरंजन प्रसाद, उमाशंकर साव मौजूद थे।

### बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ चंदन प्रसाद ने क्रमवार विभागीय समीक्षा के दौरान बेहतर करने का निर्देश दिया है। कार्य में कोताही बरतनेवाले कर्मियों को फटकार लगाई। मनरेगा एवं स्कूली साक्षरता अभियान के तहत संचालित पोषण वाटिका को जल्द प्रारंभ करने की बात कही।

## युवक की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुचलू ग्राम निवासी इलियास अंसारी ने थाना में आवेदन देकर अपने भांजे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि ग्राम लोहरसी थाना पिपराटांड, पांकी निवासी सिबगतुल्ला अंसारी पिता मो. हजमतुल्ला अंसारी 14 अप्रैल को अपनी मां के साथ हुचलू आया था। 15 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे सिबगतुल्ला अंसारी ने अपनी मां से 5 सौ रुपये मांगकर बाल दाढ़ी बनवाने के लिए ब्रह्मणी के लिए निकला था। जब शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन करने पर उसका नंबर बंद आने लगा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल पाया। बता दें कि युवक अपने पिता के साथ हैदराबाद (तेलंगाना) में रहता था। परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

## खनन विभाग ने दो वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की, तीन से वसूला जुर्माना

**लातेहार।** खनन विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन, परिवहन और भंडारन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी के निर्देश पर खान निरीक्षण पद्म लोचन ओद्दार द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ओद्दार ने बताया कि जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में क्षमता से अधिक माल ढुलाई कर रहे तीन हाइवा पर जुर्माना लगाया गया है। एक कोयला लदे हाइवा और एक पत्थर लदे हाइवा को जब्त कर चंदवा थाना को सुर्पूद कर दिया गया है। इन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## कामता-सेरक पथ मरम्मती कार्य में गुणवत्ता नहीं : अयुब खान

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता-सेरक पथ मरम्मती कार्य में कामता पंसस सह माकपा नेता अयुब खान ने गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उक्त सड़क में मेटल व डस्ट की मात्रा काफी कम है। इसके बाद भी अलकतरा बिछाकर कार्य पूर्ण किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी इसे देखने वाला कोई नहीं है। कार्य को ठीक कराने की गुहार जिला प्रशासन से कई बार की गई। इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ।

## झामुमों केंद्रीय समिति सदस्य ने महासचिव व प्रवक्ता से मुलाकात की

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** झामुमों पार्टी के नवचयनित केंद्रीय समिति सदस्य सुरेश साव, बाबूलाल साव ने झामुमों के महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से मुलाकात की। इस दौरान सुरेश साव ने जिला झामुमों संगठन व कान्हा चट्टी प्रखंड संगठन से रुबरु कराया। मौके पर महासचिव व प्रवक्ता ने संगठन को धारदार बनाने और सशक्त बनाने की बात कही।

## चतरा सांसद ने दो चलंत चिकित्सा वाहन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया

**लातेहार।** शहर के डूड़गी स्थित भाजपा जिला कार्यालय प्रांगण में बुधवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने दो चलंत चिकित्सा वाहन की सौगात जिला प्रशासन को समर्पित किया। मौके पर लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह मौजूद थे। मौके पर सांसद ने कहा जरूरत मंद लोगों की सुविधा के लिए लोकसभा क्षेत्र में दो-दो मेडिकल वैन उपलब्ध करा दी गई है। निश्चित रूप से लोकसभा क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सिविल सर्जन सहयोग करेंगे, क्योंकि स्वाथ्य विभाग इन्हीं के पास है। सांसद के आगमन पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, बंशी यादव ने उन्हें पट्टा पहना कर स्वागत किया।मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जय सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, राजीव रंजन पांडेय, अनिल सिंह, रामदेव सिंह, राजन तिवारी ,गौरव दास, प्रदीप तिवारी समेत बड़ी संख्या मे भाजपा नेता मौजूद थे।

# डे बोर्डिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने बालक-बालिका दोनों वर्गो के खिताब पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित लातेहार जिला महिला पुरुष लीग कम नॉक आउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 के दोनों वर्गों में डे बोर्डिंग बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने कब्जा जमा लिया। महिला वर्ग के फाइनल मैच में डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी विद्यालय मनिका की टीम को 2-0 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में डे बोर्डिंग बालक वॉलीबॉल सेंटर की टीम में मनिका राउडी को सीधे सेट में पराजित किया। आईटीडीए प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार गगराई, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, थाना प्रभारी दुलार चौड़े व एमवीआई लातेहार सुनील कुमार समेत कई अधिकारियों ने खिलाड़ियों क हौसला अफजाई की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी, सचिव प्रवीण मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष आशीष पांडेय, अभिषेक कुमार छोटू, दिलेश्वर यादव, कामिल अंसारी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सदस्यों में शुभम साव, रविंद्र उरांव, अंकित कुमार गुप्ता, कमलेश उरांव, मनीष उरांव समेत कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महिला वर्ग में डे बोर्डिंग बालिका प्रशिक्षण केंद्र की आभा कुमारी को टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर और पुरुष वर्ग में बालक प्रशिक्षण केंद्र के शिवम कुमार को टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर घोषित कर पुरस्कृत किया गया। समापन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता और विजेता टीम को ट्रॉफी मेडल से सम्मानित किया गया। महिला व पुरुष विजेता टीम को 11 हजार व महिला व पुरुष उपविजेता टीम को 51 सौ रुपए का कैश मनी अवार्ड प्रदान किया गया।

## 25 अप्रैल तक फीवर सर्वे करने का निर्देश

**बारियातू।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख में 15 से 25 अप्रैल तक सभी गांव टोले मे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे किया जा रहा है। बालूमाथ सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने बताया कि भीबीटी कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, जिला अंतर्गत क्षेत्रों मे बुखार पीड़ितों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मलेरिया रोगी को खोज किया जाना है। बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के सभी एमपीडब्लू सहिया व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को कहा कि ग्राम स्तरों पर सभी बुखार पीड़ित को जांच करते हुए पाए गए घनात्मक रोगों का समुचित उपचार करेंगे। 25 अप्रैल को फीवर सर्वे की समाप्ति के उपरांत संबंधित प्रतिवेदन की एक प्रति सॉफ्ट कॉपी सलग्न प्रपत्र के अनुसार जिला मुख्यालय को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में गांव गांव जाकर एमपीडब्लू सहिया व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे का कार्य जारी है।

# प्रकृति का अमूल्य धरोहर है पानी,इसे बचाए : डॉ लक्ष्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रकृति का अमूल्य धरोहर है जल। इसे हम सभी को बचाना है। उक्त बातें यूनिसेफ की राज्य स्वच्छता पदाधिकारी डॉ लक्ष्मी रंजन सक्सेना ने चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय परिसर में जल पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें जल की सुरक्षा व इसकी महत्ता को समझना होगा। आने वाली पीढ़ी हमारे अच्छे काम के लिए हम लोगों को याद करें, इसके लिए पानी को संरक्षित करना जरूरी है। झारखंड शिक्षा परियोजना, यूनिसेफ के प्रयास से राज्य के सभी विद्यालयों में इको क्लब के माध्यम से जल पखवाड़ा के अवसर पर जल को संरक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय समन्वयक संजीत कुमार ने कहा कि राज्य स्तर से प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम निर्धारित है। जल पखवाड़ा 16 से लेकर 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग व यूनिसेफ के साझा प्रयास से इको क्लब द्वारा अच्छे कार्यक्रम किये जा रहे हैं। वृक्षारोपण व इसके संरक्षण को लेकर छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रभारी डी खलखो ने पृथ्वी को बचाने के लिए संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति द्वारा अमूल्य धरोहर के रूप में हम लोगों को प्राप्त वृक्ष, जल समेत अन्य संसाधनों को बचाना है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संजय उरांव, विद्यालय की शिक्षिका शबनम, अंजू कुमारी,कैरी लकड़ा, शतरूपा कुमारी समेत विद्यालय की बच्चियां मौजूद थी।

## उपायुक्त ने सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का किया वितरण

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं बीच समाज कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध स्मार्टफोन किट का वितरण किया। उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी से संबंधित कार्यों का निष्पादन करने के लिए झारखंड सरकार की ओर से स्मार्टफोन दिया गया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को ऑनलाइन विभागीय कार्य करने में दिक्कत हो रही थी। स्मार्टफोन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से सेंटर खुलने से लेकर पोषाहार, सेंटर में बच्चों की उपस्थिति तक फोटोग्राफी कर स्मार्टफोन फोन से ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया है। इससे सेंटर संचालन में पारदर्शिता होगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी कार्य दायित्व को सही से निर्वहन करें। पोषण ट्रैकर एप, टीएचआर के एफआरएस, आधार सीडिंग, लाभुकों के फोटो आदि का कार्य ससमय निष्पादित करें। जिले में कार्यरत 964 आंगनबाड़ी सेविका को मोबाइल किट वितरित किया गया। मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण

# हेरुआ डैम मरम्मत व वैकल्पिक जलापूर्ति के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने गुरुवार को चतरा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जलशोधन संस्थान (डब्ल्यूटीपी) एवं हेरुआ जलाशय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, हजारीबाग यांत्रिक प्रमंडल के अभियंतागण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने हेरुआ डैम पर स्थापित स्पिलवे गेट की मरम्मत हेतु तैयार प्राक्कलन को शीघ्र तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि मानसून पूर्व प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया जा सके। हेरुआ डैम में जलस्तर अत्यधिक घट जाने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए उपायुक्त ने भेड़ी फार्म स्रोत से नियमित रेशनिंग व्यवस्था के तहत जून 2025 तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित समस्त नलकूपों की सूची प्राप्त कर उनके मरम्मत संबंधी प्राक्कलन शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया।

**पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों संग की बैठक :** निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, अनुमंडल प्रशासन तथा विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की खराबी की शिकायतें सामने आ रही हैं। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मरम्मत हेतु टीमें गठित कर प्रतिदिन कार्य सुनिश्चित करें तथा संबंधित सूचना नियमित रूप से उपलब्ध कराएं।

साथ ही उपायुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वयं निरीक्षण कर कार्यों की पुष्टि करें, ताकि आम नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा एवं सिमरिया को इन कार्यों की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) सोना प्रसाद गुप्ता, पिता–राजेन्द्र साव, सा0–खोनहर, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड

आपको सूचित किया जाता है कि आप केतार थाना कांड सं0–84/2024 दिनांक–05.12.2024 धारा–64(1), 352, 351(2), 3(5), बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–31.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 350593 Police(25-26)D

**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा (अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा संख्या – 02/2025–26 दिनांक 16.04.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | भण्डरा | टेम्पो स्टैण्ड भण्डरा में यात्री शेड एवं शौचालय का मरम्मति कार्य | 299900.00 | 750.00 | 6000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | भण्डरा | भण्डरा | डाकबंगला भण्डरा का मरम्मति कार्य | 932700.00 | 1250.00 | 18700.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | मनहो | मनहो स्थित दुकान का मरम्मति कार्य | 248200.00 | 500.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.04.2025
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 28.04.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 29.04.2025/11:00 बजे पूर्वाह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 350561 Lohardaga (25-26)_D

**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
Email ID Zplohardaga@gmail.com Mobile no - 06526-222064

**अति अल्पकालीन सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना हैं। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवदेन जमा कर सकते है।

| क्र0 सं0 | दुकान संख्या | दुकान का न्यूनतम मासिक किराया (प्रतिदुकान) | जमानत की राशि (प्रतिदुकान) | आवेदन करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 8,9,10,11,12,13,14,15 एवं 16 | 2055.00 | 20000.00 | 21.04.2025 | 22.04.2025 11:30 am |

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के website www.Lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 350543 Lohardaga (25-26)_D

**कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा**
(zilaparisad.garhwa@gmail.com)

**आम सूचना (द्वितीय प्रकाशन)**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर द्वारा नावघाटों के बंदोबस्ती हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक के लिए सुरक्षित जमा राशि की अनुमोदन के प्रत्याशा में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2025–26 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–28.04.2025 दिन–सोमवार को समय–12:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी प्रकोष्ठ, समाहरणालय, गढ़वा (कल्याणपुर) में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 231438.00 | 34715.00 |
| 2 | परती घाट | सोन नदी | केतार | 169050.00 | 25357.00 |
| 3 | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 171994.00 | 25799.00 |
| 4 | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 53032.00 | 7954.00 |
| 5 | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 80842.00 | 12126.00 |

**नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्त्तें**

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 350597 Rural Development (25-26)_D

# उपायुक्त की अगुवाई में कृषि व संबद्ध विभागों की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, पशुपालन, गव्य व संबंधित विभागों की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में बन रहे डेयरी प्लांट में डेयरी प्रोडक्ट के उत्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने का भी निर्देश गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। कुडू प्रखण्ड में कृषक पाठशाला के लिए चयन एजेंसी को 10 दिनों के अंदर वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन समेत अन्य मॉडल विकसित कर कार्य प्रारंभ व किसानों का प्रशिक्षण प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिला में किसानों के बीच फसलों के बीज का वितरण के लिए बीज की आवश्यकता, किसान समृद्धि योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट का वितरण, गरमा धान व गरमा मूंग की खेती की स्थिति की जानकारी उपायुक्त को दी गई। जिला में मिलेट प्रोडक्शन यूनिट में उत्पादन शुरू करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट को निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, डीडीएम नाबार्ड, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहाकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम आदि उपस्थित थे।

# शादी का निमंत्रण देने जा रहे बुजुर्ग की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरू पंचायत के कुरा गांव निवासी निकोदिम एक्का (67) की गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे शादी का कार्ड बांटने के लिए बनईडेगा गांव जा रहे थे, तभी झिकिरीमा पंचायत के कोयरी बारी के पास सामने से आ रही टेंपो से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में निकोदिम एक्का गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, निकोदिम एक्का एक सामाजिक रूप से सक्रिय और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असमय मृत्यु से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कुछ लोग यूनियन बनाकर मजदूरों को कर रहे गुमराह : धीरज प्रसाद

- इंटक यूनियन के नाम पर हिंडाल्को कंपनी से लाभ उठाने का कर रहे प्रयास, इन्हें यूनियन के बारे में कुछ जानकारी नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदग।** पूर्व राज्य सभा सदस्य और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि मजदूरों को मूर्ख बना कर हिंडाल्को से लाभ उठाने को लेकर कुछ लोग यूनियन बना कर घूम रहे हैं। इन्हें न तो यूनियन के बारे में कुछ पता है और न ही मजदूरों के हित से कोई मतलब है।ऐसे लोग बरसाती मेंढक की तरह हैं। उन्होने कहा है कि मजदूरों को धोखा देने वाले ऐसे लोग कथित जनप्रतिनिधि के नाम पर अपनी रोटी सेंकने में लगे हुए हैं। प्रदेश में छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन ददई दुबे के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से सफलता पूर्वक चल रहा है। वहीं कुछ लोग निजी स्वार्थ को लेकर संजीव रेड्डी से संबंधित एक छद्म इंटक यूनियन बनाकर बॉक्साइट व कोल माइंस के कामगार मजदूरों को गुमराह कर रहे हैं। इंटक मजदूर संगठन का मामला फिलहाल न्यायालय में चल रहा है। ऐसे में कुछ लोग लोहरदगा में हिंडाल्को कंपनी से निजी लाभ उठाने के लिए मजदूर संगठन के नाम पर राजनीति रोटी सेंक रहे हैं। मजदूरों के हक-अधिकार के लिए यूनियन तो कोई भी बना सकता है, लेकिन इन मजदूर संगठनों से हमारे मजदूर भाई को कितना लाभ मिल रहा है, यह सभी को अच्छी तरह से पता है। सभी मजदूर साथी जानते-समझते हैं कि कौन उनके अधिकार को लेकर हमेशा से साथ खड़ा है और कौन सिर्फ बरसाती मेंढक की तरह बाहर निकल आया है। लोहरदगा में हिंडाल्को कंपनी से ट्रांसपोर्टिंग और अन्य लाभ के लिए मजदूर संगठन के नाम इस्तेमाल किया जा रहा है।

छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन में एक गुट ददई दुबे के नेतृत्व में मजदूरों के अधिकार के लिए लड़ रहा है तो दूसरा एक गुट संजीव रेड्डी के साथ मिल कर अपनी रोटी सेंकने में लगा हुआ है। छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के नाम पर कुछ लोग फिलहाल लोहरदगा में मजदूरों के हितैषी बन कर अपना हित साधने में लगे हैं। वहीं बॉक्साइट डंपिंग यार्ड में वर्षों से कार्यरत मजदूर आज अपनी रोजी-रोटी छिन जाने के बाद दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। विगत दिनों कलेक्ट्रेट मैदान में धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मजदूरों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और हिंडाल्को कंपनी से रोजगार की मांग की है। इससे स्पष्ट है कि मजदूरों को इन छद्म संगठन ने किस प्रकार से ठगा है। आने वाले तीस अप्रैल को किस्को के फुटबाल मैदान में आयोजित वार्षिक अधिवेशन के माध्यम से यह स्पष्ट हो जाएगा की फर्जी संगठन का क्या हाल होने वाला है।

## सुरसांग विद्यालय में बीएसएनएल ने सक्रिय किया इंटरनेट कनेक्शन

**गुमला (रायडीह)।** डिजिटल इंडिया अभियान के तहत गुमला जिला के रायडीह प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, सुरसांग में आज बीएसएनएल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन सक्रिय कर दिया गया। इस पहल से अब विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल संसाधन और तकनीकी प्रशिक्षण की दिशा में नई राहें मिलेंगी। विद्यालय प्रशासन ने इसे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए डिजिटल समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। अब छात्र डिजिटल क्लास, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, शैक्षणिक वेबसाइटों एवं सरकारी पोर्टलों तक आसानी से पहुँच बना सकेंगे। गौरतलब है कि बीएसएनएल ने कुछ दिन पूर्व ही सुरसांग थाना को भी इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा दी थी, जिससे प्रशासनिक और सुरक्षा कार्यों में भी सुचारू संचालन संभव हुआ है। बीएसएनएल की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल आधारभूत संरचना को मजबूत करने का प्रमाण है।

# बच्चे-बच्चियों का सही पोषण के लिये पौष्टिक आहार प्रतिदिन दें : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में पोषण पखवाड़ा सप्ताह के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सहायिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय पौष्टिक व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.इससे पूर्व यह कार्यक्रम पंचायत स्तर पर आयोजित हुआ था। जिसमें पोषण पखवाड़ा प्रतियोगिता में चयनित उन सभी सहायिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय प्रतियोगित आयोजित किया गया।वही आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सहायिकाओं द्वारा पोषण पकवान प्रस्तुत किया गया। जिस पर स्थानीय पोषक आहार पर जोर दिया गया।और इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला लाभ के बारे में सहायिकाओं द्वारा बारी बारी से जानकारी साझा किया गया। वही सहायिकाओं ने बताया कि हरा साग सब्जी, दूध, फल, अंडा के अलावे मकई, मडुवा जैसे मोटे अनाज का फायदा के बारे में बताया गया। साथ ही मकई और मडुवा से पकवान बना कर दिखाया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका शामिल थे। इस मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी,पर्यवेक्षक के रूप में स्वास्थ्य विभाग से एमपी डब्लू कर्मी देवेंद्र गिरी,मंसूर अंसारी के द्वारा सहायिकाओं द्वारा बनाया गया।क्षेत्रीय पकवान के संबंध में जानकारी लिया गया।तथा पकवान का विशेषता के बारे में भी जानकारी लिया गया।जिस पर प्रमुख फुलझरी देवी ने सहायिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों का सही पोषण के लिये प्रतिदिन पौष्टिक आहार दें जिसे बच्चे बच्चियों का शाररिक,मानसिक व बौद्धिक विकास हो और कोई भी बच्चे बच्चियां शाररिक व मानसिक रूप से दिव्यांग न रहें। वही महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय और सुषमा कुजूर के द्वारा बताया गया।कि इससे पूर्व पंचायत स्तर पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था।जिस पर पंचायत से चयनित सहायिकाओं का प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिनका यहां से चयन होगा उन सभी सहायिकाओं को पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेना है। साथ ही उन्होंने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिता से क्षेत्र के मौसम अनुसार बच्चों को कम समय मे सही पोषण उपलब्ध कराया जा सके जो बच्चों का पालन पोषण में लाभदायक साबित हो सकेगा। जिसको लेकर बाल विकास परियोजना विभाग के द्वारा समय समय पर आंगनबाड़ी केंद्र के सभी सहायिकाओं के बीच पोषण पकवान प्रतियोगिता आयोजन कर जगरूक करने का कार्य किया जाता है।प्रतियोगिता से यह भी बात सामने आती है।कि हमारे स्थानीय स्तर पर कौन कौन से पौष्टिक खाद्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध हो सकता है।जिसका सेवन हम सब कर सकते हैं।और खास कर नन्हे मुन्ने बच्चों को और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार मिल सकेगा साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से खान पान और पोषण के बारे में विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।मौके पर सायरा खातून,संगीता उरांव,जयसिंता देवी,श्याम पति कुमारी,शांति उरांव,कांति तिग्गा,ऊषा देवी,मुनि उरांव समेत अन्य सहायिका उपस्थित थे।

# राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का पंचायतवार समीक्षा



**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड परिसर सभागार में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना की पंचायत वार समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में जिन पंचायतो मे अबुवा आवास के लाभुकों के द्वारा प्रथम किस्त की राशि भुगतान होने के बावजूद आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है साथ ही जिनके द्वारा द्वितीय किश्त की राशि लेकर कार्य में शिथिलता बरतने वाले वैसे लाभुकों को सख्त हिदायत देते हुए पंचायत सहायक को आदेश दिया गया कि 30 अप्रैल के अंदर आवास योजना का कार्य शुरू करते हुए पीलिंथ लेबल व दुतीय किश्त वाले लिल्टन तक कार्य पूर्ण कराने को कहा, ऐसा नहीं करने वाले लाभुकों से राशि रिकवरी से लेकर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि अबुवा आवास योजना के तहत लाभुकों के खाता में प्रथम किस्त की राशि भेजीं गई है। राशि भेजने के बावजूद लाभुकों के द्वारा आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।वैसे लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश सभी जनसेवक,पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को दिया गया है। बुधवार से सभी आवास कर्मी पंचायत का दौरा करते हुए लाभुकों को आवास निर्माण कार्य शुरू करतें हुए 30 अप्रैल के अंदर पीलिंथ लेबल तक कार्य कराने का काम करेंगे जो भी लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करेंगे वैसै लाभुकों से राशि रिकवरी तथा कारवाई किया जायेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य सख्त हिदायत दिया तथा आवास निर्माण कार्य मे कोताही नहीं बरतते हुए लाभुकों से आवास निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।वंही मुखिया,पंचायत समिति वार्ड सदसियों से अपील किया है की आवास प्लस के तहत जिओ टैंग हो रही है उस मे जनसेवक के माध्यम से वैसे योग्यताधारी ,जरूरतमंद व्यक्तियों का जिओ टैंग कराने में सहयोग करे ताकि सभी जरूरतमंद को आवास योजना का लाभ मिल सके।मौके पर जनसेवक अधिस खाखा,रीना उरांव, रामशहाय टाना भगत,प्रधामनंत्री आवास योजना प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, अमन शिखर,पंचायत सहायक समीम अख्तर,कृष्णा साहू,सिमोन बाखला,शतिष उरांव, रेखा सिंह,अजय साहू आदि उपस्थित थे।

# चंपाई सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कमिटी की बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में गुरुवार को की गई। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जिला सहित विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा की गई। मौके पर मनीर उराँव ने कहा कि देश के सविधान निमार्ता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर का सम्मान देश का सम्मान है उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक, और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन,को प्रेरित किया,अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया, श्रमिको, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का भी समर्थन किया वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवम न्याय मंत्री बने थे। बैठक में आगामी 24 अप्रेल को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पई सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर चर्चा करते हुए उसकी तैयारी पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में नवीन कुमार टिंकू, जगनंदन पौराणिक, संजय अग्रवाल, सुरेश बैठा,एवम प्रकाश नायक शामिल थे।

# गुमला में मासूम की तालाब में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**गुमला ।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के पतिया गांव में ढाई साल की बच्ची आयुषी कुमारी की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। आयुषी गांव के फिरू खड़िया की बेटी थी और रोज की तरह आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने गई थी। लेकिन केंद्र से निकलकर कुछ बच्चों के साथ पास के तालाब पहुंची, जहां खेलते वक्त वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।



# अग्निवीर वायु में म्यूजिशियन पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 21 से

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 अंतर्गत म्यूजिशियन के पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां 11 मई 2025 रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। भर्ती रैली 10 से 18 जून 2025 तक नई दिल्ली स्थित एयरफोर्स स्टेशन और



कबोन रोड, बंगलुरू में आयोजित किया जाएगा। भर्ती रैली में वाद्य यंत्रों को बजाने की कला का परीक्षण, इंग्लिश रिटेन टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट आदि प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। आवेदक का जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। भर्ती रैली, शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा, परीक्षा का सिलेबस, शारीरिक दक्षता, ऑनलाईन आवेदन समेत अन्य सभी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी के लिए वेबसाईट पर लॉग-इन किया जा सकता है।

# मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में मेगा फ्री मेडिकल कैंप आज

**लोहरदगा।** मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल अपने तीसरे वर्षगांठ पर मेगा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ विनीत कुमार मिश्रा , हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपक कुमार , न्यूरो सर्जन, डॉ विवेक मधुर , हड्डी जोर एवं नस रोग विशेषज्ञ, डॉ नेहा ज्योति मधुर , जेनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ आभा मधुर , नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ रुद्र कश्यप , नवजात शिशु रोग एवं जेनरल फिजिशियन उपस्थित रहेंगे। साथ ही डॉ चंदन कुमार द्वारा रोगियों को 10.30 सुबह से 4 बजे संध्या तक फ्री इलाज किया जाएगा ।

# सीओ ने आयोजित किया थाना दिवस कार्यक्रम

- सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जायेगा थाना दिवस

> जमीन से सम्बंधित छोटे मोटे मामले का त्वरित निपटारा किया जायेगा।
> **अंचलाधिकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** अंचलाधिकारी द्वारा थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने सेन्हा थाना क्षेत्र के जमीन विवाद सम्बन्धी केसो का निपटारा किया। जमीन से सम्बंधित विवाद मामले पर चितरी डांडू निवासी यासीन अंसारी, बदला निवासी रामकेश्वर महतो, शास्त्री चौक लोहरदगा निवासी अजित चौधरी, झलजमीरा निवासी शिवनंदन साहु और अरु निवासी सुमित महली द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पक्ष के सामने सभी मामलों का निपटारा किया गया।

वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को थाना दिवस आयोजित कर जमीन से सम्बंधित छोटे मोटे मामले का त्वरित निपटारा किया जायेगा। जिन मामलों का निपटारा अंचल या थाना द्वारा नही सकता वैसे मामले को न्यायालय द्वारा निपटारा कराने हेतु अग्रसारित किया जायेगा। जिसे ग्रामीण किसानों को न्याय मिल सके।

## वक्फ कानून 2025 के खिलाफ अंजुमन इस्लामिया ने किया प्रेस कांफ्रेंस

# मुसलमानों के हक-अधिकारों और संपत्ति को छिनने की सोची समझी साजिश : अब्दुल अंसारी

- 25 अप्रैल को जामा मस्जिद से पावरगंज रेलवे साइडिंग तक बनायी जायेगी मानव श्रृंखला
- 30 अप्रैल की रात 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक करेंगे ब्लेक आउट





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वक्फ कानून 2025 के खिलाफ अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मुफ्ती उमर फारूक, मुफ्ती सद्दाम हुसैन आदि ने पत्रकारों को बताया कि वक्फ कानून 2025 संविधान के मूल ढांचे पर सीधा हमला है और इसका उद्देश्य धर्म के आधार पर देश को ध्रुवीकृत और विभाजित करना है। यह कानून असंवैधानिक है। यह संविधान के अनुच्छेद 14, 25, और 26 का सीधा उल्लंघन है। संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 14,15, 25, 26, 29 जैसे मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है। इस कानून के तहत वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में गैर मुस्लिमों को शामिल करना सीधा अनुच्छेद 26 के खिलाफ है और यह हमारी संपत्ति पर सीधा हस्ताक्षेप है। वक्फ एक्ट 2025 लाकर मुसलमानों के हक-अधिकारों और संपत्ति को छिनने की सोची समझी एक बड़ा साजिश है, जिसे किसी भी कीमत में मुसलमान इसे बरदाश्त नहीं कर सकता। हम इस काले कानून के खिलाफ तब तक लड़ाई जारी रखेंगे, जब तक इस कानून को समाप्त नहीं किया जाएगा। आगामी 20 अप्रैल को न्यू रोड स्थित खाद गढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन इस्लामिया और जिले के उलमाएकराम की संयुक्त बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से की जाएगी। 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पालमर गंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि आगामी 30 अप्रैल की रात 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मौलाना मोहम्मद रेयाज, मौलाना मिन्हाज कासमी, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, गुलाम मुर्तजा अंसरी, समीद अंसारी, मौलाना फैजान अनवर नोमानी, मौलाना मोहम्मद अजहारू उल हक, मौलाना अब्दुल मोबीन, मौलाना मोहम्मद जिब्राइल, अहमद रिजवी, रेहान रजा, मोहम्मद रिजवान रजा हशमती आदि मौजूद थे।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झालसा, रांची के निदेर्शानुसार 3 मई 2025 को आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करने की बात कही। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित नवनिर्मित न्यायालय भवन का जायजा लिया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरो पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्ति पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मौके पर उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सीजेएम केके मिश्रा, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीओ अमित कुमार, सिविल सर्जन डा शंभूनाथ चौधरी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाइक, नगर प्रशासक मुक्ति किंडो, जेलर सुबोध कुमार, हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग रामपद हंसदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुड फ्राइडे और इस्टर की तैयारी में जुटा ईसाई समुदाय

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में गुड फ्राइडे और इस्टर के अवसर पर ईसाई समुदाय विशेष तैयारियों में जुटा हुआ है। गुड फ्राइडे, जो कि ईसाई धर्म में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, के अवसर पर स्थानीय गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा और विनती अराधना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुड फ्राइडे के दिन, समुदाय के लोग एकत्र होकर अपने विश्वास के अनुसार प्रार्थना करेंगे एवं यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण करेंगे। इसके साथ ही, इस्टर पर्व की तैयारियों को लेकर ईसाई धर्मावलंबी अपने पूर्वजों की कब्रों की साफ-सफाई कर रहे हैं और उन्हें रंग रोगन कर रहे हैं। कब्रों की देखभाल करना और उन्हें साफ रखना इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस्टर के दिन, जो कि रविवार को पड़ता है, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कब्रों में कैंडल जलाए जाएंगे और विशेष प्रार्थना की जाएगी।



## 100 साल से पुल का इंतजार!

# बरसात में टापू बन जाता है गांव, बच्चों की पढ़ाई पर संकट

**विजय मिश्रा**





**पालकोट (गुमला)।** बाघिमा पंचायत के बघिमा, कौवा टोली और मतिम टोली के लोगों को बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पिंजरा नदी पर पुल नहीं होने के कारण गांवों का संपर्क बड़का टोली से पूरी तरह कट जाता है। जिससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित होता है, बल्कि नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांवों–मतिम टोली और कौवा टोली–के बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित होती है।

दरअसल, बड़का टोली स्थित उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय इन गांवों के लिए प्रमुख शैक्षणिक केंद्र है, लेकिन स्कूल पहुंचने के रास्ते में पिंजरा नदी बाधा बन जाती है। बरसात के मौसम में नदी उफान पर होती है और गांव टापू में तब्दील हो जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि वे पिछले 100 वर्षों से इस नदी पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक न किसी सरकार ने, न किसी विधायक ने इस दिशा में पहल की।

गांव के बुजुर्ग चमरू मुंडा और विजय बाबा सहित कौवा टोली, मतिम टोली और मिश्री टोली के दर्जनों ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अगर पिंजरा नदी पर पुल बन जाए, तो न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि नदी पर एक चेक डैम बना हुआ है, लेकिन उसका भी कोई लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है।

ग्रामीणों ने सांसद और विधायक से आग्रह किया है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें और पिंजरा नदी में पिंदेश्वर धाम शिव मंदिर के पास जल्द से जल्द पुल निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाएं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यह मांग पूरी होती है, तो वे आजीवन आभारी रहेंगे और विकास समर्थक मतदाता के रूप में सदैव साथ निभाएंगे।

# आदर पंचायत के बीरोपानी गांव में वर्षों बाद पहुंची बिजली

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा प्रखंड अंतर्गत आदर पंचायत के सुदूरवर्ती पीवीटीजी गांव बीरोपानी में अब बिजली की किरणें पहुंच गई हैं। गुमला जिला प्रशासन की पहल और उपायुक्त के निर्देश पर यहां 10-10 केवी के दो सोलर पैनल प्लांट लगाए गए हैं, जिससे गांव के करीब 40 घरों में बिजली पहुंचाई गई है। अब तक इस गांव में बिजली की सुविधा नहीं थी, लेकिन सोलर प्लांट के लगने से गांव रोशन हो गया है और लोगों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना बिजली के उनका जीवन कठिन था। खेती-बाड़ी, बच्चों की पढ़ाई, रात की सुरक्षा जैसे कई कार्य प्रभावित होते थे। लेकिन अब सोलर पैनल के माध्यम से बिजली मिलने से न सिर्फ दैनिक जीवन सरल हुआ है, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभ होगा। खेती के लिए सिंचाई, मोबाइल चार्जिंग, छोटे कारोबार और बच्चों की पढ़ाई में अब रुकावट नहीं आएगी। यह सोलर पैनल झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी के माध्यम से कंपनी द्वारा लगाया गया है। इस पहल से बीरोपानी गांव न सिर्फ अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ा है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक मजबूत कदम बढ़ा है।

# चैनपुर प्रखंड में अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला एवं रक्तदान शिविर की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला एवं रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विकास एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक में निर्णय लिया गया कि बरवे हाई स्कूल मैदान में 24.04.2025 एवं 25.04.2025 को कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शिरकत करेंगी। इस मेले में कृषि से संबंधित सभी प्रकार के उत्पाद, तकनीक और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन प्रखंड के किसानों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और कृषि तकनीकों की जानकारी हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

रक्तदान शिविर के आयोजन की भी योजना बनाई गई है, जो 21.04.2025 को प्रखंड में आयोजित होगा। बैठक में उन सभी लोगों से अनुरोध किया गया जो रक्तदान करना चाहते हैं, वे इस शिविर में आकर रक्तदान करें और समाज सेवा में अपने योगदान दें।इस मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने चैनपुर प्रखंड के सभी किसानों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, एसएसबी के अधिकारी, अंचल निरीक्षक मुनेश्वर सिंह,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, चैनपुर प्रखंड की मुखिया सहित अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर रक्तदान के महत्व पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रक्तदान केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा करने का एक अद्भुत माध्यम है। रक्तदान जीवन को बचाने की एक महान भावना है और यह हमें एक-दूसरे के प्रति दायित्व का एहसास कराता है। सभी को इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, डॉ. ठाकुर ने कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने रक्तदान के महत्व को और भी उजागर किया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से

**भरनो (गुमला)।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर रायकेरा गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में समसेरा करंजटोली गांव निवासी 38 वर्षीय चंदा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदा उराँव अकेले बाइक पर सवार होकर चट्टी गांव किसी कार्यवश जा रहा था। इसी दौरान रायकेरा के पास उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। फिलहाल चंदा उराँव की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने घटना स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैफिक नियंत्रण और सड़क की मरम्मत की माँग की है।

## सिसई प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**सिसई (गुमला)।** गुरुवार को जिला द्वारा निर्धारित रक्तदान शिविर कार्यक्रम के तहत ब्लड बैंक सदर अस्पताल गुमला के तत्वाधान में रेफरल अस्पताल सिसई के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव के सौजन्य से प्रखण्ड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपना रक्तदान किया। सर्वप्रथम सिसई प्रखण्ड कार्यालय में कार्यरत सामाजिक सुरक्षा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहू ने अपना रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। तदोपरान्त विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव सहित प्रखण्ड कार्यालय में कार्यरत कई कर्मचारियों एवं आमलोगों ने स्वेक्षा से अपना रक्तदान किए और इस जीवनदायनी महादान के भागी बने। कुल 65 लोगों ने पंजीयन कराए थे। जिसमें से जांच में 33 लोगों का हीमोग्लोबिन कम पाया गया। जिससे वे लोग रक्तदान करने से वंचित रह गए। बाकी के 32 लोगों ने रक्तदान किए।

## डीसी ने बसिया में समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का किया निरीक्षण



**नवीन मेल सवांददाता**

**गुमला।** बसिया स्थित कृषि निदेशालय एवं शशांक एग्रोटेक प्रा. लि., रांची द्वारा संचालित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने फार्म मैनेजर सुभाष सिन्हा से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और मौजूद किसानों से संवाद कर उनके अनुभव जाने।

निरीक्षण के क्रम में कृषक पाठशाला में कई अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही एफटीओ गठन करने की बात भी कही। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है और इसका उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ना है। उन्होंने किसानों को जीरा धान की खेती के लिए प्रेरित भी किया।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सुअर पालन शेड, कॉड स्टोर, मधुमक्खी पालन, कम्पोस्ट, बकरी पालन, ब्रॉयलर एवं लेयर मुर्गी पालन शेड समेत खेतों का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कोनबीर स्थित जोहार एग्रो मार्ट और बीज दुकान का भी जायजा लिया, जहां महिला मंडल की दीदियों द्वारा संचालन की सराहना की गई। वहीं पालकोट प्रखंड के पलाश मार्ट के निरीक्षण के दौरान बीडीओ को दुकान के बाहर सामग्री सूची बोर्ड और सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए।

### सेरका से हाडूप तक सड़क नहीं, उबल रहा ग्रामीणों का गुस्सा

**बिशुनपुर।** सेरका पंचायत के पूर्वी पठार में सड़क निर्माण नहीं होने की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। वर्षों से आंदोलनरत ग्रामीणों का सब्र अब जवाब देने लगा है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के तमाम आश्वासनों के बावजूद सेरका से हाडूप तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। न इेल्लीी१ की प्रक्रिया शुरू हुई, न ही स्थल निरीक्षण। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को हाडूप गांव में सैकड़ों ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बुद्धेश्वर ब्रिजया ने कहा कि पंचायत के करीब 80 प्रतिशत लोग अब भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। चुनाव के समय अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण का भरोसा दिलाया गया था।


NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

No. 819 | Corrigendum | Date – 16.04.2025

This is to be noticed that the following minor correction has been done in the Tender No. – 771 Dated - 11.04.2025 PR. NO. – 350362 Human Resource Development (25-26)– D.

| S.No | Tender No. | Particulars | Old Date For opening the Tender | New Date for opening the Tender | Old Name & Address of office inviting Tender | New Name & Address of office inviting Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Tender No. 771 Dated- 11.04.2025 | Renovation of Bungalow No. – 05 (Principal Quarter) | 07.04.2025 11.30 a.m. (Technical Bid) & 01.30 P.M. (Financial Bid) | 07.05.2025 11.30 am. (Technical Bid) & 01.30 P.M. (Financial Bid) | Chairman, Executive Committee, Netarhat Vidyalaya Samiti, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi - 834004 | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat |

Place of submission of Bid : Netarhat Vidyalaya Samiti office, MDI Building Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi - 834004.
Rest Terms and Condition will remain the same as mentioned in above tender number.

Principal
Netarhat Residential School
Cum-Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti

PR 350538 (Human Resource Developement) 25-26 (D)


## अज्ञात पिकअप की टक्कर से आर्मी जवान की मौत, दो दोस्त घायल

**गुमला।** गुमला में टोटो पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक सड़क हादसे में आर्मी जवान की जान चली गई। महुआटोली निवासी 28 वर्षीय संतोष उरांव जम्मू में पोस्टेड था और छुट्टी में घर आया था। लोहरदगा से रेलवे टिकट बनवाकर लौटते वक्त उसकी बाइक को एक अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार संतुलन खो बैठे और पेड़ से जा टकराए। मौके पर ही संतोष की मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त संतोष उरांव और बबलू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर किया गया है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पांच स्कूलों की पोशाक और विकास मद की राशि लैप्स

**भरनो (गुमला)।** भरनो बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) में कार्यरत अकाउंटेंट मुकेश कुमार, बीपीओ, बीआरपी और संबंधित संकुल कोऑर्डिनेटरों की लापरवाही के कारण प्रखंड के पांच सरकारी स्कूलों की पोशाक और विकास मद की राशि लैप्स हो गई। यह आरोप राजकीय प्राथमिक विद्यालय दतिया खाश के प्रभारी प्रधानाध्यापक कलेश्वर सिंह ने लगाया है।

**जिन स्कूलों की राशि लैप्स हुई है, उनमें शामिल हैं:**

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोरगांव
राजकीय प्राथमिक विद्यालय दतिया खाश
राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरगांव पतराटोली
राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुसुमटोली
राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरईटोली

प्रभारियों ने बताया कि दो से तीन बार पोशाक का बिल-वाउचर बीआरसी को भेजा गया, लेकिन अकाउंटेंट द्वारा उन्हें एप्रूव नहीं किया गया। आरोप है कि बिल एप्रूव कराने के नाम पर शिक्षकों से खुलेआम पैसे वसूले गए, बावजूद इसके बिल पास नहीं किए गए।

## गुमला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का चौथा चरण संपन्न





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मुख्यमंत्री के निर्देश और झारखंड पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में गुमला जिले में चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का सफल आयोजन नगर भवन, गुमला में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के मानवाधिकार पुलिस महानिरीक्षक पटेल मयूर कन्हैयालाल शामिल हुए। इस अवसर पर गुमला के पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, महिला पुलिसकर्मी एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम गुमला अनुमंडल के घाघरा, बसिया तथा चैनपुर अनुमंडल के रायडीह और दुर्गी थाना में भी आयोजित किया गया।

**223 में से 203 शिकायतों का निष्पादन**

अब तक इस अभियान के तहत गुमला जिले में कुल 223 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से 203 का निपटारा किया जा चुका है। 16 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में कुल 48 नई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों पर कार्यवाही के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**जागरूकता और संवाद का मंच बना कार्यक्रम**

कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी चुन्नी देवी और बिनियामुनी उरांव ने नशा, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, ऑनलाइन एफआईआर पद्धति, महिला हेल्पलाइन नंबर (112, 1930) और सड़क सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

### भक्ति, आस्था और अध्यात्म से गूंजा भदौली गांव

# श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड अंतर्गत भदौली गांव स्थित महादेव मंडा टांड़ इन दिनों भक्ति, अध्यात्म और सामाजिक समरसता के एक अद्वितीय आयोजन का साक्षी बन रहा है। मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में यहां पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के अलावा दूर-दराज से भी श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। यज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें 1151 श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण, शंख-घंटों की ध्वनि और भक्ति संगीत के बीच निकली यह यात्रा यज्ञ स्थल से परास नदी तक पहुंची, जहां वैदिक विधि से जल भराई की गई। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा और स्वागत कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया।

**रामकथा के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण में रंग घोल रहीं मानस मंजरी वीणा मिश्रा**

प्रसिद्ध रामकथावाचिका मानस मंजरी वीणा मिश्रा जी के मधुर स्वर में प्रतिदिन संध्या 6 बजे से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के बाल लीलाओं का ऐसा सजीव वर्णन किया कि श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में सराबोर हो गए। कथा देर रात तक चलती है, और हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

**अयोध्या से पधारे विद्वान पुरोहितों द्वारा वैदिक विधि से हो रहा यज्ञ**

पंडित सूर्यनारायण पाठक के मार्गदर्शन में अयोध्या से आए विद्वान पुरोहितों की टीम द्वारा यज्ञ मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना, हवन पूजन, अरणी मंथन एवं 34 कोटि देवी-देवताओं का आह्वान कर हवन संपन्न किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालु यज्ञमंडप की 11, 21, 51 एवं 108 बार परिक्रमा कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

**सामूहिक भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद**

प्रत्येक दिन यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तजन भाग लेकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। प्रारंभ में जलपान हेतु चना-गुड़, केला और शरबत वितरित किया गया, तत्पश्चात भंडारा शुरू हुआ।

## गुमला के चिरैया और गम्हरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

**गुमला।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर ले जाते हुए चिरैया और गम्हरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रमाणन हासिल किया है। चिरैया केंद्र ने 85.26% और गम्हरिया ने 85.16% अंक अर्जित कर गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरने का प्रमाण दिया। एनक्यूएएस भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों का स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, रोगी सुविधाएं, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं और स्टाफ दक्षता जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है। यह निरीक्षण दो अलग-अलग राज्यों से आए बाह्य विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कम-से-कम 70 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करने वाले संस्थानों को यह प्रमाणन प्रदान किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि संबंधित केंद्र मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और मानक आधारित सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401
दूरभाषः (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

नामांकन संबंधी सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) C के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25% सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन

निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अन्तर्गत निर्धारित प्रावधान के अनुसार निम्नांकित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की न्यूनतम 25% सीट पर जिले के पाँच विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन हेतु Online Portal, https://rtechatra.in तैयार किया गया है। ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 28.03.2025 से 12.04.2025 निर्धारित की गई परन्तु अंतिम तिथि तक पोर्टल पर कम आवेदन प्राप्त होने के कारण फार्म भरने की तिथि पुनः 18.04.2025 से 25.04.2025 तक निर्धारित किया जाता है। नामांकन संबंधी विस्तृत दिशा–निदेश जिले के NIC पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र.स. | विद्यालय का नाम | प्रवेश कक्षा | प्रवेश वर्ग में कुल सीट | 25% नामांकन हेतु सीट की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल चतरा | नर्सरी | 30 | 8 |
| 2 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल,बचरा,चतरा | नर्सरी | 25 | 6 |
| 3 | ईन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर,चतरा | नर्सरी | 36 | 9 |
| 4 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल NTPC टण्डवा, चतरा | नर्सरी | 24 | 6 |
| 5 | कृष्णा किड्स पब्लिक स्कूल, चतरा | नर्सरी | 40 | 10 |

अतएव वैसे सभी बच्चे अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनो से अपील है कि इसका अपने स्तर से भी विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उन बच्चों के नामांकन हेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन करायेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यकम पदाधिकारी, झा0शि0प0,चतरा

PR.NO.350536 Jharkhand Education Project Council(25-26):D



समाहरणालय, लातेहार
(आपूर्ति शाखा)

आवश्यक सूचना

विभागीय आदेशानुसार e-kyc करने की अंतिम तिथि 30.04.2025 तक निर्धारित है। लातेहार जिला अन्तर्गत अब तक वैसे लाभुक जिनका e-kyc (वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चे) ई–पॉश मशीन से सत्यापन नही हो पाया है। उन्हे e-kyc करने हेतु संबंधित प्रखण्डों में चिन्हित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा Iris मशीन से e-kyc किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है–

| क्र. सं. | प्रखण्ड का नाम | डीलर का नाम | ग्राम/पंचायत/प्रखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | गारू | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, गारू | प्रखण्ड मुख्यालय |
| 2 | | दया देवी | घांसी टोला |
| 3 | लातेहार | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, लातेहार | प्रखण्ड मुख्यालय |
| 4 | | प्रदीप प्रसाद | नावागढ |
| 5 | लातेहार नं0 पं0 | मुन्द्रीका प्रसाद | धर्मपुर |
| 6 | चन्दवा | बालदेव गंझु | माल्हन |
| 7 | | महेन्द्र प्रसाद | चन्दवा सिटी |
| 8 | बालुमाथ | आन्नदी प्रसाद | सेरेगढा |
| 9 | बारियातु | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, बारियातु | प्रखण्ड मुख्यालय |
| 10 | हेरहंज | युगेश्वर प्रसाद | सेरनदाग |
| 11 | बरवाडीह | अशोक राम | मंगरा |
| 12 | महुआडॉड़ | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, महुआडॉड़ | प्रखण्ड मुख्यालय |
| 13 | मनिका | संतोष ठाकुर | दुन्दु |
| 14 | | छठु साव | मटलौंग |
| 15 | | ईश्वर प्रसाद | डोंकी |

अतः अनुरोध है कि उक्त विवरणी में अंकित सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकान में विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये Iris मशीन से वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चे (जिनका ई–पॉश मशीन से e-kyc नही हो पाया है) उन्हे e-kyc कराने हेतु लोकप्रिय दैनिक अखबारो एवं जिला अन्तर्गत संचालित वाट्सअप ग्रुप/लोकल न्यूज में प्रकाशित करने की कृपा की जाय, ताकि विभागीय निदेशानुसार लातेहार जिला अन्तर्गत सभी सुयोग्य कार्डधारियो/सदस्यों का e-kyc दिनांक–25.04.2025 तक शत् प्रतिशत किया जा सके।

विश्वासभाजन
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
लातेहार

PR 350530 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मन में जब अच्छा काम करने का विचार आए तो तुरंत कर देना चाहिए, वरना जैसे-जैसे समय आगे बढ़ेगा, हमारा ध्यान अच्छे काम से हटता जाएगा। -मुंशी प्रेमचंद

## संपादकीय

# धार्मिक स्थलों पर भीड़ और संरक्षण

हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब चारधाम की ओर बढ़ेगा। इन दिनों जारी ऑनलाइन पंजीकरण से भी यही लग रहा है। हिमालयी चार धामों के प्रति देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आकर्षण उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी भी है। लेकिन श्रद्धा की इस लहर के साथ कुछ गंभीर सवाल भी खड़े होते हैं, जिनका स्पष्ट उत्तर न पर्यावरणविदों के पास है, न ही सरकारों के पास पर्याप्त समाधान। चारधाम यात्रा सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों के लिए सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह आत्मिक शुद्धि का माध्यम भी है। राज्य के पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2024 में छह करोड़ से अधिक लोग उत्तराखंड आए, जिनमें चारधाम यात्रियों की संख्या 46 लाख से अधिक रही। ये आंकड़े बताते हैं कि धर्म और पर्यटन के इस संगम ने एक असामान्य जनदबाव को जन्म दिया है। उत्तराखंड राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में चारधाम यात्रियों की संख्या महज 12.92 लाख थी। 1968 में जब पहली बार बदरीनाथ में बस पहुंची, तब यात्रियों की संख्या करीब 60 हजार थी। मगर अब यह संख्या लाखों-करोड़ों का आंकड़ा छूने लगी है। इसके पीछे बेहतर सुविधा और सुगम यात्रा भी है। विशेषज्ञ बढ़ते जनदबाव को लेकर चिंता जता रहे हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, केदारनाथ और बदरीनाथ घाटियों में प्रतिदिन केवल 12 से लेकर 15 हजार तीर्थयात्रियों की वहन क्षमता है, जबकि यहां प्रतिदिन 40 हजार से अधिक यात्री पहुंच रहे हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (एनआईडीएम) ने स्पष्ट कहा कि हिमालय एक संवेदनशील पर्वत प्रणाली है, जिस पर भारी निर्माण कार्य और विस्फोट जैसी मानवीय गतिविधियां आपदाओं को न्योता देती हैं। आईआईटी रुड़की की रिपोर्टों में पिछले पांच वर्षों में भूस्खलन की घटनाओं में 27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। आईआईएम रोहतक ने चारधाम क्षेत्रों की वहनीय क्षमता का अध्ययन कर राज्य सरकार को सौंपी सिफारिशों में तीर्थयात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने की सलाह दी है। अंतरराष्ट्रीय संगठन आईपीसीसी व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने भी हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित पर्यटन ग्लेशियरों के पिघलने और जल स्रोतों के क्षरण का कारण बताकर भीड़ को लेकर गंभीर चेतावनी दी है।

*1968 में जब पहली बार बदरीनाथ में बस पहुंची, तब यात्रियों की संख्या करीब 60 हजार थी।*

इन तीर्थ स्थलों पर लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष जो जैविक और अकार्बनिक कचरा छोड़ते हैं, वह एक गहरी चिंता का विषय है। हर यात्रा सत्र में हजारों टन प्लास्टिक, बोतलें, पैक्ड खाद्य सामग्री के रैपर, गुटखा-पान के पाउच और जैविक अपशिष्ट नदी घाटियों, पहाड़ों और वन क्षेत्र में जमा हो जाते हैं। इनका समुचित निस्तारण न होने के कारण यह न केवल स्थानीय जल स्रोतों को प्रदूषित करते हैं, बल्कि वन्य जीवों और स्थानीय निवासियों के जीवन को भी संकट में डालते हैं। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत लगभग 1,300 किलोमीटर लंबे चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित नगर पालिका, नगर पंचायत और नगर निगम क्षेत्रों में और अन्य नगरों में मल-जल शोधन संयंत्र (एसटीपी) स्थापित हो चुके हैं। लेकिन उन संयंत्रों की वहन क्षमता स्थानीय आबादी के हिसाब से तय है। यात्रा के दौरान उन मल-जल संयंत्रों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है और वे ओवरफ्लो होने लगते हैं।

# द रिपब्लिक ऑफ स्टोरीटेलिंग : इस क्षेत्र में अगली सफलता भारत के पूर्व से क्यों आनी चाहिए

हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ एक शांत क्रांति जारी है। यह उस तरह का नहीं है जो सुर्खियों में रहे या सोशल मीडिया पर छा जाए - बल्कि यह उस तरह का है जो सतह के नीचे गूंजता रहे। यह सब साधारण संपादन कक्षों में हो रहा है, उधार लिए गए लैपटॉप द्वारा संचालित एक्सआर लैब्स में, शयनकक्षों में जहां सिलचर का एक 22 वर्षीय युवक अपनी दादी की युद्ध की यादों के बारे में एक कहानी को एनिमेट करता है। यह उन गाँवों में हो रहा है जहाँ बच्चे अपने स्मार्टफोन पर बांग्ला जासूसी श्रृंखला का आनंद लेते हैं और उन स्टूडियो में भी जहां तमिल स्क्रिप्ट को एआई द्वारा 17 भारतीय भाषाओं में डब किया जा रहा है। इस समय भारत अब कला और संहिता के चौराहे पर है और एक बार फिर सड़क का यह दोराहा घर की ओर ले जाता है।

**एक सॉफ्ट पावर जो प्रस्फुटित होने के इंतजार में :** बहुत लंबे समय तक, भारतीय सिनेमा को या तो बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस या इसके अंतर्राष्ट्रीय समारोहों की स्वीकृति से मापा जाता था। यह एक संकीर्ण दृष्टिकोण था। हम जिस चीज से चूक गए, वह थी शांत शक्ति जो बीच में निहित थीः लोक यथार्थवाद, आदिवासी मिथक, इंडी एनीमेशन, जमीनी स्तर पर गेमिंग - ऐसे रूप जो 90 के दशक में विपणन योग्य नहीं थे, लेकिन आज उपार्जन के योग्य हैं। वर्तमान सरकार को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने इस बड़े बदलाव को जल्दी महसूस किया और इस पर स्पष्टता और मजबूत इरादे के साथ इस पर काम किया है। वेव्स 2025, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और वेवएक्ससेलेटर जैसी पहलें केवल नीति-स्तर के संकेत नहीं हैं। ये घोषणाएँ हैं कि भारत की रचनात्मक पूंजी अब एक राष्ट्रीय संपत्ति है और किस्से-कहानीयों को सुनाना अब संस्कृति का एक सजावटी उप-उत्पाद नहीं है, बल्कि कूटनीति, नवाचार और अर्थव्यवस्था का एक इंजन है। क्योंकि कहानी सुनाना अब केवल भावनात्मक मुद्रा नहीं है-यह आर्थिक पूंजी बन गया है। अकेले एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के 2025 तक 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो सालाना लगभग 17 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ओटीटी सामग्री की खपत में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें क्षेत्रीय कंटेंट अब कुल दर्शकों का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बना रहा है (फिक्की-ईवाई 2024)। यह कोई एक प्रवृत्ति नहीं है। यह एक नई सामग्री अर्थव्यवस्था आकार ले रही है और इस बार, यह बहुभाषी और बहु-भौगोलिक मिथक से बाज़ार तकः पूर्व जागृत हो राजा है। आइए अब स्पष्ट रूप से बात करें। यदि भारत वास्तव में दुनिया की कंटेंट राजधानी बनना चाहता है, तो वह केवल मुंबई-दिल्ली केंद्रित नहीं रह सकता। वैश्विक किस्से-कहानीयों को कहने की अगली सफलता पूर्व और उत्तर-पूर्व से आनी चाहिए - उन भूमियों से जिन्होंने लंबे समय से भारत को उसकी सबसे मौलिक साहित्यिक, संगीतमय और दार्शनिक आवाजें दी हैं। ये क्षेत्र अविकसित नहीं हैं। बल्कि वे कम जुड़े हैं। उनके पास कहानियों की कमी नहीं है। वह मौलिकता से भरे हैं - आओ और खासी के मौखिक रहस्यवाद से लेकर बांग्ला सिनेमा के गीतात्मक यथार्थवाद तक, संथाल महाकाव्यों से लेकर बोडो विज्ञान-कथा रूपकों तक। ऐतिहासिक रूप से उनके पास संरचनात्मक बाजारों, किफायती उपकरणों, वितरण और सही प्लेटफार्मों तक पहुंच की कमी रही है। शुक्र है कि यह बदलने लगा है। आज, कोलकाता इस अप्रयुक्त प्रतिभा के गलियारे के लिए एक रणनीतिक प्रवेशद्वार के रूप में उभर रहा है। प्रोडक्शन के लिए तैयार स्टूडियो, प्रशिक्षित तकनीशियनों की प्रचुरता, विश्व स्तरीय पोस्ट सुविधाएं और प्रयोग के साथ विरासत को मिलाने वाली बौद्धिक संस्कृति के साथ, बंगाल भारत का अगला विशाल कंटेंट केंद्र बनने के लिए तैयार है।

देश की बात



**फिरदौसुल हसन**
भारतीय फिल्म निर्माता, अध्यक्ष, भारतीय फिल्म महासंघ अध्यक्ष, बंगाल फिल्म और टेलीविजन चैंबर ऑफ कॉमर्स

इसके अलावा असम, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से इसकी निकटता को भी जोड़ लें, तो हम एक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक रचनात्मक इकोसिस्टम को देख रहे हैं, जो सक्रिय होने की प्रतीक्षा कर रहा है। स्थानीय लोग? आश्चर्यजनक। लागतें? प्रबंधनीय। क्रू सदस्य? बेहतर प्रदर्शन के लिए अति उत्साही। बुनियादी ढांचा? तेजी से वृद्धि।

**कहानी कहने से लेकर कहानी-वास्तुकला तक:** डिजिटल युग में, कहानियां "द एंड" पर नहीं रुकती हैं। वे नए प्रारूपों में शामिल होते हैं - मीम्स, गेम्स, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ्स, इमर्सिव प्रदर्शन, एआर अनुभव। कंटेंट अब एक ही तरह का नहीं है - यह लगातार चलने वाला, संवादात्मक, गतिशील है। और भारत, तकनीकी प्रवाह और कलात्मक शैली के अपने दुर्लभ मेल के साथ, इस युग के लिए विशिष्ट रूप से सुसज्जित है। हमारा देश ऐसे कवियों का देश हैं जो कोड लिखते हैं। हमारे फिल्म निर्माता पद्य और वाक्य रचना में सोचते हैं। हमारे एनिमेटर रूपक से एल्गोरिदम का निर्माण करते हैं। जब एक मणिपुरी एक्सआर कलाकार जनजातीय स्मृति का एक वॉक-थ्रू संग्रहालय बनाता है, या जब एक बांग्ला एआई स्टार्टअप ग्रामीण लेखकों की स्क्रिप्ट को मोशन कॉमिक्स में बदलने में मदद करता है, तो यह सहायता नहीं है-यह सिनेमा का एक नया व्याकरण है.. और यह अभी लिखा जा रहा है।

### भविष्य बहुआयामी है और यह दुनिया भर की आवाजों से प्रभावित होगा

वेव्स 2025 में क्रिएटर्स, कोडर्स, प्रोड्यूसर्स और नीति निर्माता एकत्रित होंगे। यह इमर्सिव तकनीक, ओरिजिनल आईपी और भारत की नैरेटिव नर्व को प्रदर्शित करेगा। लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव इसमें नहीं है कि इसका मंचन किया गया है, बल्कि इसमें है कि यह क्या संकेत देता है। वैश्विक मनोरंजन का अगला अध्याय केवल अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश या कोरियाई भाषा में नहीं लिखा जाएगा। यह असमिया, बांग्ला, नागामी, उड़िया, नेपाली, मिजो या गारो में उपलब्ध होगा - यूनिटी में निर्मित, कोड से युक्त, 4K में स्ट्रीम किया जाएगा तथा दुनिया भर के लिए सबटाइटल के साथ उपलब्ध होगा। दुनिया अब पूर्व की ओर देखेगी। और जब ऐसा होगा, तो भारत को इसके लिए तैयार रहना होगा। केवल आयोजनों के साथ नहीं। बल्कि पहुंच, समानता और उत्कृष्टता की स्थायी संरचनाओं के साथ।

**रचनात्मक वर्ग पर सरकार का शांत दांव :** हाल की स्मृति में पहली बार भारत सरकार न केवल वाणिज्य या बुनियादी ढांचे पर, बल्कि राष्ट्रीय क्षमता के रूप में रचनात्मकता पर बड़ा दांव लगा रही है। अनुदान, स्टार्टअप प्रोत्साहन, सह-निर्माण प्लेटफार्मों और वेव्स जैसे आयोजनों के माध्यम से अब सबको सपने देखने का अधिकार दिया जा रहा है। यह बताया जा रहा हैः नेटफ्लिक्स पर फिल्म बनाने के लिए आपको फिल्म पारिवारिक विरासत से होने की आवश्यकता नहीं है। आप जोरहाट या जलपाईगुड़ी से भी हो सकते हैं। आपको अब जुहू के गलियारों में भटकने की जरूरत नहीं है। आपको एक कहानी की जरूरत है - और एक ऐसे ढांचे की जो उसे आगे बढ़ाने में मददगार हो। और यहाँ एक विनयपूर्ण सुझाव हैः जिस तरह इस सरकार ने कूटनीति और प्रौद्योगिकी में भारत को एक सॉफ्ट पावर महाशक्ति के रूप में पुनः स्थापित किया है, अब एक कदम और आगे जाकर - इन शिखर सम्मेलनों को महानगरों से आगे ले जाना चाहिए। अगली बार वेव्स का आयोजन कोलकाता में हो। अगली एनीमेशन लैब की मेजबानी गुवाहाटी में हो। अगरतला में भारत का पहला आदिवासी कहानी बाजार शुरू किया जाए। क्योंकि जब इन क्षेत्रों के रचनाकार देखेंगे कि राष्ट्रीय सुर्खियां केवल कुछ लोगों के लिए ही आरक्षित नहीं हैं, तो वे आगे बढ़ेंगे। और उनके साथ भारत का उदय होगा।

**पैमाने की संस्कृति, केवल दायरा नहीं है :** लेकिन कहानी कहने के इस प्रजातंत्र को फलने-फूलने के लिए, हमें इस उद्योग में भी विकसित होना होगा। हमें गेटकीपिंग से लेकर मचान की ओर आगे बढ़ना होगा। कहानियों के स्वामित्व से लेकर कथाकारों को सक्षम बनाने तक। "आरओआई क्या है?" यह पूछने से लेकर, "इस प्रतिभा को नजरअंदाज करने का जोखिम क्या है?" तक। क्योंकि अगर हम अब इस कथा वास्तुकला का निर्माण नहीं करते हैं, तो कोई और करेगा। और हम उस अर्थव्यवस्था में पिछड़ जाएंगे जिसका नेतृत्व हम कर सकते थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भड़काई गई सुनियोजित हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं?

आज की बात



**कमलेश पाण्डेय**

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हुई वह सुनियोजित थी।यह अब तक की केन्द्रीय एजेंसियों की तफ्तीश से काफी कुछ साफ होता जा रहा है। लेकिन सवाल है कि इस सुनियोजित हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? राज्य प्रशासन की जवाबदेही क्यों नहीं सुनिश्चित की गई? उसकी लापरवाही पर संसद और जिम्मेदार संस्थाएं कब तक एक्शन लेंगीं, क्योंकि विदेशी-देशी सांठगांठ से हुई हिंसा में हिंदुओं के जानमाल की क्षति हुई है। ऐसा कोई पहली बार नहीं हो रहा। इसलिए उदंड और बेलगाम राजनीति की लगाम कौन कसेगा, यह अब यक्ष प्रश्न है?

जांच एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी| लगभग पिछले तीन महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे| पूरे मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि यह आतंकवाद फैलाने का नया तरीका है| प्रारंभ में रामनवमी की तारीख तय थी, लेकिन उस दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण चीजें बदल गईं लेकिन वक्फ संशोधन कानून ने ट्रिगर पॉइंट दे दिया। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक मुर्शिदाबाद की हिंसा में विदेशी हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया जा सकता है | जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) जैसे समूह बांग्लादेश बॉर्डर से लगते इलाकों और सुंदरबन डेल्टा में हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं| ये आतंकी संगठन ट्रेनिंग देने के साथ ही प्रोपेगेंडा भी फैला रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन अशांति को बढ़ाने के लिए वैश्विक मीडिया का उपयोग कर रहे हैं | वे दहशत फैलाने के लिए अफ़वाह फैलाने में मदद कर रहे हैं। यह उसी तरह है जैसे सीएए विरोध प्रदर्शनों के दौरान एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता छीनने के रूप में प्रचारित किया गया था। विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए लोगों को भी नायक के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है। दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे खुफिया एजेंसियों ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है। इसके दृष्टिगत देशभर में लगातार सतर्कता बरती जा रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विरासत एवं विकास का समन्वय जरूरी

विश्व विरासत दिवस

आपकी बात



**ललित गर्ग**

विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने एवं ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षित करने के लिए हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक परिदृश्यों और संरचनाओं का जश्न मनाना और उन पर ध्यान आकर्षित करना है, जो व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यनेस्को की पहल पर एक अंतर्राष्ट्रीय संधि की गई जो विश्व के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। यह संधि सन् 1972 में लागू की गई। प्रारंभ में मुख्यतः तीन श्रेणियों में धरोहर स्थलों को शामिल किया गया। पहले वह धरोहर स्थल जो प्राकृतिक रूप से संबद्ध हो अर्थात प्राकृतिक धरोहर स्थल, दूसरे सांस्कृतिक धरोहर स्थल और तीसरे मिश्रित धरोहर स्थल। वर्ष 1982 में इकोमार्क नामक संस्था के ट्यूनिशिया में अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस में यह बात उठी कि विश्व भर में विरासत दिवस का आयोजन किया जाना चाहिए। यूनेस्को के महासम्मेलन में इसके अनुमोदन के पश्चात विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषणा की गई। हर साल धरोहर दिवस की एक खास थीम होती है। साल 2024 में विश्व विरासत दिवस की थीम विविधता की खोज और अनुभव थी। वहीं इस साल थीम है आपदाओं और संघर्षों से खतरे में पड़ी विरासतः आईसीओएमएस की 60 वर्षों की कार्रवाइयों से तैयारी और सीख। यह थीम गौरवशाली अतीत में विश्व संस्कृतियों की सुंदरता को बढ़ाने एवं संरक्षित के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दुनिया के तमाम देशों में कई सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरें हैं, जिन्हें यूनेस्को ने विश्व विरासत घोषित किया है। इनमें से आठ ऐसी विश्व धरोहर हैं जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और लोकप्रिय हैं। जिनमें मिस्र में मौजूद गीज़ा का 'ग्रेट पिरामिड' आज भी रहस्य बना हुआ है। 481 फीट ऊंचा यह पिरामिड विश्व के आठ प्राचीन अजूबों में शामिल है और माना जाता है कि इसे चांद से भी देखा जा सकता है। माचू पिच्चू, पेरू यह ऐतिहासिक स्थल पेरू की पहाड़ियों पर बसा है और रहस्यमयी और खूबसूरत माचू पिच्चू को 'इंकाओं का खोया हुआ शहर' भी कहा जाता है। चीन की महान दीवार दुनिया की सबसे लंबी दीवार है, जिसकी लंबाई करीब 21,196 किलोमीटर है। यह दीवार कई राजाओं और साम्राज्यों द्वारा रक्षा के लिए बनाई गई थी। आगरा का ताजमहल मोहब्बत एवं प्रेम की सबसे खूबसूरत मिसाल है। इसे शाहजहाँ ने अपनी पत्नी मुमताज की याद में बनवाया था। यह सफेद संगमरमर की इमारत भारत की सबसे मशहूर धरोहरों में से एक है। क्राइस्ट द रिडीमर, ब्राजील रियो डी जेनेरियो में स्थित यीशु की यह विशाल प्रतिमा 30 मीटर ऊंची है। यह प्रतिमा न सिर्फ धार्मिक प्रतीक है, बल्कि शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। पेट्रा, जॉर्डन रेगिस्तान के बीच स्थित पेट्रा शहर अपनी अनोखी लाल पत्थर की इमारतों और मंदिरों के लिए जाना जाता है। इसकी वास्तुकला और नक्काशी पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। कोलोसियम, रोम (इटली) प्राचीन रोम के सम्राटों द्वारा बनवाया गया यह विशाल अखाड़ा कभी ग्लैडिएटरों की लड़ाई का गवाह था। यह आज भी रोम की पहचान बना हुआ है और विश्व धरोहर सूची में शामिल है। चिचेन इट्ज़ा, मेक्सिको यह माया सभ्यता का प्रमुख धार्मिक स्थल रहा है। यहां बना 'एल कैस्टिलो' पिरामिड देखने लायक है। चिचेन इट्जा को मेक्सिको का सबसे संरक्षित पुरातात्विक स्थल माना जाता है। भारत में ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध है। भारत में 43 यूनेस्को आधारित विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 35 सांस्कृतिक हैं, सात प्राकृतिक हैं और कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान एक मिश्रित स्थल है। 62 अन्य संभावित सूची में हैं, यहाँ ऐतिहासिक स्थलों का खजाना है जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। 2024 में, असम से चराइदेव मोइदम विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाली नवीनतम भारतीय प्रविष्टि बन गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वक्त बदलता जा रहा, जज्बातों के रंग।
गिरगिट से सीखा यहीं, जीने का ये ढंग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पेंशन की लड़ाई : कर्मचारियों का हक या सरकारी बोझ

अलग बात



**डॉ० सत्यवान सौरभ**

भारत में पुरानी पेंशन योजना की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कल्पना कीजिए कि आपकी नौकरी के बाद भी आपको हर महीने एक निश्चित आय मिलती रहे, जैसे एक जादुई खजाना जो कभी खाली न हो! यही थी ओपीएस – एक डिफाइंड बेनिफिट पेंशन योजना, जिसमें सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपने अंतिम वेतन का 50% पेंशन के रूप में प्राप्त करते थे। इसमें महंगाई भत्ता भी जोड़ा जाता था, जिससे पेंशन समय-समय पर बढ़ती रहती थी। इस योजना के तहत सरकार पेंशन की पूरी गारंटी देती थी और कर्मचारी को कोई योगदान नहीं देना पड़ता था। 2004 में केंद्र सरकार ने ओपीएस को समाप्त कर एनपीएस लागू किया, जो एक डिफाइंड कंट्रीब्यूशन योजना है। इसमें कर्मचारियों को अपनी सैलरी का एक निश्चित हिस्सा पेंशन फंड में निवेश करना होता है, जिसे बाजार आधारित रिटर्न पर निर्भर रहना पड़ता है। अब कल्पना कीजिए कि आपकी पेंशन स्टॉक मार्केट की लहरों पर तैर रही हो – कभी ऊपर, कभी नीचे! यही कारण है कि NPS को लेकर कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है, क्योंकि इसमें कोई गारंटीशुदा पेंशन नहीं होती।

एनपीएस में पेंशन की राशि बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करती है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्थायी और निश्चित आय नहीं मिलती। एनपीएस में पेंशन महंगाई भत्ते के साथ बढ़ती थी, जबकि एनपीएस में यह लाभ नहीं है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने एनपीएस को लागू करने की घोषणा की है। लाखों सरकारी कर्मचारी हड़ताल और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। वृद्धावस्था में आर्थिक स्थिरता के लिए एनपीएस को एक आवश्यक साधन माना जाता है। एनपीएस के तहत कई सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के कई देशों में पेंशन प्रणाली को लेकर अलग-अलग मॉडल अपनाए गए हैं। कुछ देशों ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस जैसी योजनाएं जारी रखी हैं, जबकि अन्य देशों ने निजी निवेश आधारित प्रणाली अपनाई है। अमेरिका में सोशल सिक्योरिटी सिस्टम के तहत सरकारी और निजी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद निश्चित पेंशन मिलती है। हालांकि, इसमें सरकारी योगदान सीमित होता है और व्यक्तिगत निवेश भी आवश्यक होता है। ब्रिटेन में स्टेट पेंशन योजना लागू है, जिसमें सरकार न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित करती है, लेकिन अतिरिक्त पेंशन के लिए निजी योजनाओं को प्रोत्साहित किया जाता है। जर्मनी में सार्वजनिक पेंशन प्रणाली काफी मजबूत है, जहां कर्मचारी और नियोक्ता दोनों अनिवार्य योगदान देते हैं, जिससे सुनिश्चित पेंशन मिलती है। फ्रांस में भी डिफाइंड बेनिफिट पेंशन प्रणाली मौजूद है, जिसमें सरकार प्रमुख भूमिका निभाती है और कर्मचारियों को स्थायी पेंशन प्रदान की जाती है। यहां सुपर एशन फंड प्रणाली लागू है, जिसमें कर्मचारी और नियोक्ता दोनों नियमित निवेश करते हैं, और रिटायरमेंट के बाद यह राशि पेंशन के रूप में दी जाती है।

### सांसदों और विधायकों को पेंशन क्यों?

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी उठता है कि जब सरकारी कर्मचारियों की पेंशन समाप्त कर दी गई, तो सांसदों और विधायकों को आज भी पेंशन क्यों दी जाती है? क्या सांसद और विधायक अपने कार्यकाल के दौरान नीतिगत निर्णय लेते हैं, जिसके लिए उन्हें विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं कई राज्यों में विधायकों को एक कार्यकाल के बाद ही आजीवन पेंशन मिलती है, जो सामान्य सरकारी कर्मचारियों के नियमों से अलग है। कई पूर्व सांसद और विधायक पहले से ही सरकारी सेवाओं में कार्यरत रहे होते हैं और उन्हें दोहरी पेंशन मिलती है। कई कर्मचारी संगठनों का तर्क है कि जब सरकारी कर्मचारियों की पेंशन समाप्त की गई, तो जनप्रतिनिधियों को भी उसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# काशी का नाग कूप, पाताल लोक से है सीधा कनेक्शन



**पूजन** से दूर होते हैं कालसर्प-वास्तु दोष

**मान्यता है कि प्राचीन कूप का द्वार सीधे नागलोक में खुलता है**

**वाराणसी (आईएएनएस)**

गलेवलम्ब्य लम्बितां भुजंगतुंगमालिकाम्" रावण की रचना 'शिव तांडव' में भोलेनाथ के अद्वितीय रूप का वर्णन है। बाबा अपने गले में सर्पों का हार पहने हैं... जहां-जहां भोलेनाथ, वहां-वहां उनके परम भक्त नाग देव। ऐसे में भला शिव की निराली नगरी काशी की बात कैसे न की जाए। जहां एक तरफ संकरी गलियों में सहजता से चलते सांड मिल जाएंगे, तो वहीं दूसरी ओर धर्मनगरी में स्थित है नाग कूप, जिसका द्वार सीधा नागलोक में खुलता है। बाबा विश्वनाथ के त्रिशूल पर बसी काशी के जैतपुरा क्षेत्र में स्थित नाग कूप को लेकर धार्मिक मान्यता है कि प्राचीन कूप का द्वार सीधे नागलोक में खुलता है। आश्चर्य की बात है कि तमाम कोशिशों के बावजूद आज तक यह पता नहीं चल सका कि इसकी गहराई कितनी है।

काशी के ज्योतिषाचार्य, यज्ञाचार्य एवं वैदिक कर्मकांडी पं. रत्नेश त्रिपाठी ने नाग कूप के महत्व, धार्मिक मान्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया, "शेषावतार नागवंश के महर्षि पतंजलि ने कई साल तक इसी जगह तप-ध्यान किया था। उन्होंने यहीं पर व्याकरणाचार्य पाणिनी के भाष्य की रचना की थी। नागकूप के बारे में धार्मिक कथा भी प्रचलित है, जिसके अनुसार काशी के इस प्राचीन नागकूप का इतिहास हजारों साल पुराना है। आम कूप की तरह दिखने वाले इस नाग कूप में कई रहस्य हैं। यहां पर बाबा कारकोटेश्वर के रूप में विराजमान हैं। इस कूप के अंदर कुल सात कुएं और उनके नीचे सीढ़ियां हैं, जो नागलोक तक ले जाती हैं।

स्कंद पुराण में वर्णित है कि काशी का नागकूप वह स्थल है, जो पाताल लोक, नागलोक का मार्ग है। उन्होंने आगे बताया, "कूप के अंदर एक शिवलिंग भी है, जिसका दर्शन दुर्लभ है। साल में एक बार नाग पंचमी के अवसर पर कूप की सफाई होती है, तभी बाबा के दर्शन हो पाते हैं। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है और लोग दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में जुटते हैं। श्रद्धालु कूप में धान का लावा, दूध भी चढ़ाते हैं और शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। पं. रत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि जिनकी कुंडली में काल सर्प दोष है, यदि वे इस कूप का दर्शन करते हैं और नियम के साथ पूजा-पाठ करते हैं तो कालसर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है। राहू-केतु समेत अन्य ग्रह भी शांत होते हैं। कूप का जल बेहद पवित्र और वास्तु के लिए भी बेहद लाभदायी माना जाता है। कूप के जल का घर में छिड़काव करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।

- **पौराणिक मान्यता या रहस्य का द्वार? काशी का नाग कूप और पाताल लोक का रहस्य**
- **पाताल लोक का प्रवेश द्वार : क्या काशी के नाग कूप से जुड़ी है कोई गुप्त सुरंग?**
- **आस्था और रहस्य का संगम : नागों के इस कुंड से जुड़ी अद्भुत कथाएँ**
- **काशी का नाग कूप : पौराणिक ग्रंथों में वर्णित पाताल लोक का प्रवेश द्वार?**
- **तंत्र, तप और तिलिस्म : नाग कूप के रहस्य में छुपा है पाताल का संकेत?**

# धनखड़ का न्यायपालिका को संदेश संवैधानिक पदों की मर्यादा बनी रहे

## अनुच्छेद-142 न्यूक्लियर मिसाइल बना, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- राष्ट्रपति 3 महीने में बिल पर फैसला करें


**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा–हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24x7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। 11 अप्रैल की रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

### पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने फैसले की सराहना की

पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए अब केन्द्र सरकार जानबूझ कर राज्यों के बिलों पर फैसला लेने में देरी नहीं करवा सकेगी। उन्होंने कहा कि अटार्नी जनरल ने समय-सीमा निर्धारित करने के निर्णय का विरोध किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के विपरीत रुख को खारिज कर दिया।



### गवर्नर की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर सुप्रीम कोर्ट के **चार पॉइंट्स**

1. **फैसला लेना होगा:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।
2. **ज्यूडिशियल रिव्यू:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा।अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा।
3. **राज्य को कारण बताने होंगे:** सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे।
4. **बिल बार-बार वापस नहीं भेज सकते:** अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी।

### राज्यपालों के लिए भी समय सीमा तय की थी, कहा था- वीटो पावर नहीं

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।'

## पहले यूपी के शहर भी मुर्शिदाबाद की तरह दंगों की आग में जलते थे : सीएम योगी

**लखनऊ (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। मुर्शिदाबाद की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष की चुप्पी पर तंज कसते हुए कहा कि ये



लोग, जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वही लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं। बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है, वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों का हुआ करते थे। मुख्यमंत्री ने पूर्वी यूपी में इंसेफलाइटिस जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों में इस बीमारी से 50,000 बच्चों की मौत हुई, इनमें से ज्यादातर बच्चे अल्पसंख्यक समाज के होते थे, लेकिन किसी नेता के आंसू नहीं बहे। विपक्ष ने कभी इंसेफलाइटिस बीमारी पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि बच्चे वोट बैंक नहीं होते। पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया' होते थे, आज 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' हैं और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं।

## नवादा एसपी ने 78 पुलिस पदाधिकारी का किया तबादला

**नवादा ।** बिहार के नवादा में एसपी ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। नवादा एसपी ने 78 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसको लेकर लिस्ट भी जारी कर दी गई है। दरअसल, नवादा जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग में सुधार के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। लंबे समय से एक ही थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षकों और सहायक अवर निरीक्षकों का तबादला कर दिया गया है।

## भीलवाड़ा में वैन से टकराई कार, हादसे में जिंदा जलने से चालक की मौत

**भीलवाड़ा (आईएएनएस)**

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा कोटा-चित्तौड़ नेशनल हाईवे-27 पर स्थित चित्तोडिया गांव के पास हुआ, जहां फुलजी की खेड़ी कट के पास एक कार और वैन में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन सीधे सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। 15 फीट गहरी खाई में गिरने के बाद वैन में आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन, उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वैन जलकर खाक हो चुकी थी। वाहन से बाहर नहीं निकलने के कारण वैन का चालक अंदर ही बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात को फिर से बहाल कराया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## राहुल गांधी जहां जाते हैं, ईडी पहुंच जाती है : अलका लांबा

**पटना (आईएएनएस)**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने ईडी के नेशनल हेराल्ड मामले में चार्जशीट दायर करने पर भाजपा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुजरात और बिहार की धरती पर पांव रखते ही भाजपा ने ईडी को मैदान में उतार दिया है। दोनों जगहों पर डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा बौखला गई है। 1937 में अंग्रेजों से लड़ने के लिए अखबार बनाए थे, आज उस अखबार के बने 85 साल हो गए हैं। देश को आजाद होने के 75 साल हो गए हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है, जिसे बने 10 साल हो गए हैं। मामला 13 साल से चल रहा है, सरकार आपकी, ईडी आपकी, सत्ता आपकी, फिर भी क्यों कुछ नहीं साबित कर पा रहे हैं? क्योंकि आपके सारे आरोप झूठे हैं।



ईडी मतलब 'इलेक्शन डिपार्टमेंट' हो गई है।

कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ को लेकर उन्होंने कहा कि पहले भी बुलाया था, क्या मिला? इनके पास कोई सबूत ही नहीं है। केवल मुद्दों से भटकाने के लिए यह सब काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की बैसाखी के दम पर दिल्ली की सरकार चल रही है। बिहार से उल्टी गिनती शुरू होगी। यहां सरकार गिरते ही, केंद्र की भाजपा सरकार गिरने वाली है। अलका लांबा ने कहा कि पूरी कांग्रेस राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मिशन बिहार में निकल चुकी है।

## मेरठ में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने गुरुवार को एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया। मामला अकबरपुर सादात गांव में एक युवक अमित मिक्की की संदिग्ध मौत से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की। पुलिस ने रविता और अमरदीप को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसपी राकेश मिश्रा ने बताया कि अमित की हत्या की साजिश रविता और अमरदीप ने एक हफ्ते पहले रची थी। घटना वाली (12 अप्रैल) रात रविता अपने पति अमित के साथ शाकुंभरी गई थी। लौटते समय उसने प्रेमी अमरदीप को फोन कर सांप की व्यवस्था करने को कहा। रात में अमरदीप एक सपेरे से 1000 रुपये में वाइपर सांप खरीदकर लाया और उसे झोले में छिपाकर लाया। पूछताछ में पता चला कि रविता ने अमित का गला दबाकर उसकी हत्या की।

## मुर्शिदाबाद हिंसा : तस्वीरें गवाह, उपद्रवियों ने सैकड़ों घर लूटे, जलाकर किया राख

**मुर्शिदाबाद (आईएएनएस)**

कहीं जलकर राख हुए मकान, तो कहीं झुलसे मवेशी... ये तस्वीर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की है, जहां बीते दिनों वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हिंसा भड़की और हिंसा की आग ने सैकड़ों घरों को जलाकर राख कर दिया। इसमें कई मकान पूरी तरह जल गए और मकान में रखे सामान राख हो गए। इसमें लोग भी हताहत हुए।



तस्वीरें गवाही दे रही हैं कि जब हिंसा भड़की होगी, तो कितनी भयावह स्थिति होगी। इलाका मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज क्षेत्र स्थित बेदबोना गांव का बताया जा रहा है, जहां 'वक्फ आंदोलन' के नाम पर उपद्रवियों ने एक के बाद एक कई घरों पर हमला बोल दिया। इस हमले में करीब 100 से 130 घरों को लूटा गया, फिर आग के हवाले कर दिया गया। हिंसा के बाद रोते-बिलखते लोग, जिनके पास अब आशियाना तक नहीं है, उनका दुख सुनने वाला कोई नहीं है। कई परिवारों ने वर्षों की मेहनत और बचत से अपने घर बनवाए थे, लेकिन चंद पलों में ही सब कुछ राख में तब्दील हो गया। केवल घर ही नहीं, गांव के सभी हिंदू व्यवसायिक प्रतिष्ठान जैसे किराना दुकानें, छोटे व्यवसाय और अन्य दुकानों को भी निशाना बनाकर आग के हवाले कर दिया गया। इस भयावह घटना के बाद से गांव में डर और तनाव का माहौल बना हुआ है। कई लोग बेघर हो चुके हैं और अस्थायी शिविरों की शरण में हैं। पीड़ितों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर भी सवाल उठाए हैं कि इतनी बड़ी घटना को होने से क्यों नहीं रोका गया?

शमशेरगंज इलाके में एक युवक की हत्या भी कर दी गई थी। मृतक के भतीजे सूरज दास ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि हमारे गांव में लूटपाट हो रही थी, हर तरफ से लोग भाग रहे थे। लड़कियां छिपकर बैठी थीं, पूरा घर जला दिया गया। घर तोड़कर चाचा की पिटाई की और फिर उनकी जान ले ली। पूरे गांव को लूट लिया गया। उसने बताया कि डेढ़ सौ से ज्यादा लोग आए थे, उनके पास धारदार हथियार, पत्थर और बंदूक थे।

## लूट का जवाब देना होगा, गांधी परिवार कानून से ऊपर नहीं : तरुण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नेशनल हेराल्ड मामले में चार्जशीट दायर होने के बाद सियासी तपिश बढ़ गई है। चार्जशीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला। जिसका करारा जवाब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने दिया। तरुण चुघ ने गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। कांग्रेस न्यायपालिका के आदेश पर सवाल खड़े कर रही है, जबकि कोर्ट ने यह आदेश संतोषजनक जवाब न मिलने के कारण जारी किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या



कांग्रेस को अब देश की न्याय व्यवस्था से विश्वास उठ गया है? गांधी-नेहरू परिवार को लगता है कि उनका टाइटल देश की कानून व्यवस्था और संस्थानों से ऊपर है। लेकिन यह देश कानून से चलता है, किसी परिवार से नहीं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को देश की लूट के पैसे का जवाब देना ही होगा। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं है बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत और स्वतंत्रता सेनानियों की दौलत को लूटने का घिनौना प्रयास है। वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर तरुण चुघ ने ममता सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है और ममता बनर्जी को सिर्फ मुस्लिम लीग और कट्टरपंथी तत्वों की चिंता है। मुर्शिदाबाद में हिंदू समुदाय पलायन को मजबूर हो रहा है, लेकिन उन्हें सुरक्षा नहीं दी जा रही है। राहत कैंपों को हटाया जा रहा है और पलायन कर रहे लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे वापस जाएं।चुघ ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की सरकार बीएसएफ और केंद्रीय एजेंसियों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। आज टीएमसी और ममता बनर्जी 1940 के डायरेक्ट एक्शन की याद दिला रही हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भी तरुण चुघ ने कांग्रेस पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान के खिलाफ जाकर धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश कर रही है। यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि पूरी तरह से असंवैधानिक भी है। कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है, संविधान की नहीं। जाति जनगणना और धार्मिक आधार पर समाज को भ्रमित किया जा रहा है। तरुण चुघ ने कहा कि कांग्रेस समाज को तोड़ने और देश को बांटने की राजनीति कर रही है।

### गौरव भाटिया का कांग्रेस पर कटाक्ष, कहा

### 'कोई भी वीआईपी नहीं, भू-माफिया बनोगे तो कानून का फंदा तुम तक जरूर पहुंचेगा'

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया। गौरव भाटिया ने कहा कि कुछ लोगों को गुमान था कि वे भारत के कानून से ऊपर हैं क्योंकि उनके पास झूठा गांधी सरनेम है। गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एक ईमानदार सरकार की ताकत क्या होती है, यह भारत में अब जनता को पता चल रहा है। भ्रष्टाचार को समाप्त कर देंगे, भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे डालेंगे, किसानों से हड़पी गई जमीन को वापस लेकर किसानों को देंगे। जनता की गाढ़ी कमाई अगर नकली गांधी परिवार ने अपनी तिजोरी में डाली है, तो उसकी एक-एक पाई वसूली जाएगी। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोगों को गुमान था कि वे भारत के कानून से ऊपर हैं क्योंकि उनके पास झूठा गांधी सरनेम है।

## नीमच : अमित शाह ने सीआरपीएफ परेड में लिया हिस्सा, मंच से बोले-

# देश सशक्त व समृद्ध, उसमें आपके परिवार का योगदान अतुलनीय

नीमच (आईएएनएस)



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह नीमच में सीआरपीएफ के परेड ग्राउंड पहुंचें। परेड ग्राउंड में गृह मंत्री शाह ने 'राइजिंग डे' कार्यक्रम के तहत आयोजित परेड में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के महत्व और योगदान पर प्रकाश डाला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज जिन्होंने इतनी शानदार परेड की है, वे देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए सीआरपीएफ के जवान हैं। यहां उपस्थित सीआरपीएफ परिवार को मैं सम्मान सहित प्रणाम करके अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक 2264 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान अलग-अलग मोर्चों पर देश की सुरक्षा के लिए दिया है। मैं उन सभी को राष्ट्र की ओर से सलामी देकर यहां आया हूं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि सीआरपीएफ के सभी शहीद जवानों के परिवारों को मैं कहना चाहता हूं कि देश सशक्त और समृद्ध हो रहा है, उसमें आपके परिवार का योगदान अतुलनीय है। जब भी देश की सुरक्षा और स्वतंत्रता की गाथा लिखी जाएगी, उसमें आपके परिवार का योगदान सदैव याद किया जाएगा। देश में कहीं भी अशांति या अराजकता की सूचना आती है, तो सीआरपीएफ की तैनाती से मैं निश्चिंत रहता हूं, क्योंकि सीआरपीएफ के हमारे वीर जवान हर मुश्किल में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के हर जवान से कहना चाहता हूं कि कभी नहीं भूलना कि आपके नए स्वरूप सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की स्थापना और उसका ध्वज देने का काम महान सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया है। अखंड भारत के सूत्रधार हमारे प्रेरणास्रोत सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सीआरपीएफ का ध्वज दिया था, उनके दिखाए रास्ते पर सीआरपीएफ की गौरवमयी यात्रा जारी है। हमारा सीआरपीएफ पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है। देश की सुरक्षा के साथ ही जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का सफाया, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करना हो या नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हमारे सीआरपीएफ जवानों का योगदान महत्वपूर्ण है।

### हरियाली की ओर कदम – जवानों ने दिखाया पर्यावरण के प्रति दायित्व

सीआरपीएफ जवानों की बहादुरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संसद भवन हमला हो या रामजन्मभूमि की रक्षा की बात हो... सीआरपीएफ ने हर हमले को नाकाम किया है। देश की आन, बान, शान को सीआरपीएफ के जवानों ने बचाकर रखा। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में 21 अक्टूबर 1959 को चीनी सेना का मुकाबला केवल कुछ सीआरपीएफ जवानों ने किया। देश को नक्सलमुक्त बनाने में हमारे कोबरा बटालियन के जवान अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद से पूर्णत: मुक्ति का देश का संकल्प आपके अदम्य साहस के बल पर पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सीआरपीएफ के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारे वीर जवानों के उत्थान, सम्मान तथा उनके परिवारजनों के लिए कई सुविधाओं को मुहैया कराने का कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा, "हमने तय किया था कि 5 साल में 5 करोड़ पौधों का रोपण सीआरपीएफ के सारे बल मिलकर करेंगे। इसका पहला पौधा सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में मैंने रखा था। एक करोड़वा पौधा भी सीआरपीएफ कैंपस नांदेड़ में रखा और चार करोड़वा पौधा भी मैंने यूपी के सीआरपीएफ कैंप में रखा। आज 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर हमने पर्यावरण के प्रति बहुत अच्छी जागरुकता दिखाने का काम किया है।

# गुरुग्राम के नामी अस्पताल में वेंटिलेटर पर जीवन मौत से जूझ रही एयर होस्टेस का रेप

## घटना के 10 दिन बाद भी दरिंदे का कोई सुराग नहीं मिला

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम के सेक्टर-38 के एक नामी अस्पताल जिसमें देश व राज्य के बड़े-बड़े सत्ताधारी नेता इलाज कराने जाते रहते हैं , में एक एयर होस्टेस वेंटिलेटर पर थी , वह मौत से जूझ रही थी, वह लाइफ-सपोर्ट सिस्टम पर थी , उस दौरान उसके साथ बलात्कार हुआ, और घटना के 10 दिन बीतने के बाद भी दरिंदे का कोई सुराग नहीं मिला ।पीड़िता एयर होस्टेस से संबंधित विशेष ट्रेनिंग के लिए पश्चिम बंगाल से गुरुग्राम आई थी। 6 अप्रैल को उसकी स्विमिंग वाली ट्रेनिंग चल रही थी, जहां पैर फिसलने से वह पानी में गिरकर डूबने लगी। उसकी बिगड़ती हालत देख उसे शहर के सबसे बड़े अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों को लगा कि उसे बचाने का बस एक ही तरीका है कि उसे जीवन-रक्षक प्रणाली पर रख दिया जाए। उसे वेंटिलेटर पर डाल दिया गया। किसी भी अस्पताल में यह वो जगह होती है, जहां मरीज के अलावा उसके सबसे करीबी तक को जाने की अनुमति नहीं होती है। किसी भी अस्पताल में इससे ज्यादा प्रोटेक्टेड जगह कोई नहीं हो सकती। क्योंकि, यहां जिंदगी और मौत के बीच मात्र कुछ पल का फासला होता है।उस समय एक महिला जो जिंदगी और मौत के बीच झूल रही थी, वेंटिलेटर पर थी, बेहोश थी... और उसी अवस्था में उसके साथ किसी दरिंदे ने बालात्कार किया। जिस अस्पताल को मरीजों के लिए मंदिर व डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, वहीं पर एक 46 वर्षीय एयर होस्टेस का बलात्कार कर दिया गया और किसी को भनक तक नहीं लगी।सीसीटीवी लगे होने के दावे के बावजूद यह सब कैसे हुआ? क्या अस्पताल बलात्कारी को बचा रहा है, इसके लिए अपने नाम व राजनीतिक सत्ता संबंधों का उपयोग कर रहा है?

वेंटिलेटर आईसीयू, अस्पताल में एक ऐसी जगह जहां बाहरी आदमी क्या, परिजन भी बिना अनुमति नहीं जा सकते। फिर वहां कोई अंदर कैसे घुसा? और यदि वह अंदर गया तो वहां मौजूद कैमरों ने उसे क्यों नहीं पकड़ा? या फिर यह अस्पताल की लापरवाही है? सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद आरोपी की अब तक पहचान ना हो पाना अस्पताल के आपराधिक सहयोग की तरफ इशारा करता है। महिला को जब होश आया, तब जाकर इस दरिंदगी की परतें खुलने लगीं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे घिनौनी बात यह रही कि अस्पताल ने तब तक कोई हरकत नहीं दिखाई, जब तक महिला ने खुद अपनी आपबीती नहीं सुनाई। क्या इतने दिनों में कोई स्टाफ, कोई नर्स, कोई डॉक्टर कुछ नहीं समझ पाया? यह घटना पूरे अस्पताल की व्यवस्था और नैतिकता पर सवाल खड़ा करती है। वो वेंटिलेटर जहां हर सेकेंड का रिकॉर्ड रखा जाता है, वहां एक महिला की अस्मत लूट ली गई , उसके साथ बालात्कार हुआ और अस्पताल निश्चिंत रहा? यदि वाकई उसे भनक भी नहीं लगी, तो ये लापरवाही नहीं, अपराध है। और अगर लगी, पर चुप्पी साधी गई तो ये अपराध को बदनामी के डर से दबाने की साजिश लगती है। इसलिए महिला की अस्मत लुटने का जिम्मेदार पूरा अस्पताल है। सवाल उठता है कि आरोपी के पकड़े जाने पर उसे यदि कानूनी तौर पर सजा मिल भी जाए, लेकिन उसकी अस्मत तार-तार करने में अस्पताल की जो भूमिका रही है, उसकी क्या कोई सजा होगी?

## काठमांडू में दो करोड़ के अवैध सोने- चांदी के गहने सहित नौ भारतीय गिरफ्तार



**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के काठमांडू से दो करोड़ रुपये से अधिक के सोने और चांदी के गहने सहित नौ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह राजधानी के विभिन्न स्थानों सोना और चांदी की अवैध बिक्री कर रहे थे। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता अपील बोहरा कहा कि पुलिस कार्रवाई के दौरान छापा मार कर एक किलो 76.518 ग्राम सोना तथा एक किलो 845.429 ग्राम चांदी जब्त की गई है। जब्त किए गए सोने की कीमत एक करोड़ 70 लाख रुपए, जबकि चांदी की कीमत 30 लाख रुपये है। इसके अलावा उनके कब्जे से 8 लाख 27 हजार रुपये नेपाली करेंसी और 91 हजार 700 रुपये भारतीय करेंसी बरामद की गई है।

## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में 1 की मौत, कई घायल

**सना (आईएएनएस)।** यमन की राजधानी सना में अमेरिकी हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि हमले रिहायशी इलाके और अन्य स्थानों पर किए गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, बुधवार को स्थानीय लोगों ने बताया कि हमलों में सना के बीच स्थित अल-नहदा इलाके के एक घर को निशाना बनाया गया। इस बीच, हूती नियंत्रित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि सना और उसके आसपास के कई इलाकों पर अमेरिका ने करीब 20 हवाई हमले किए। इनमें माउंट नुकुम में स्थित अल-हफा सैन्य ठिकाना और बानी हशिश, निहम और मनखा जैसे जिले शामिल हैं। बताया गया कि पूरे शहर में लड़ाकू विमानों की आवाजें और धमाकों की गूंज सुनी गई। 15 मार्च को अमेरिकी सेना ने हूती मिलिशिया पर फिर से हवाई हमले शुरू किए।

## चीन के विरुद्ध अमेरिकी टैरिफ बढ़ने का लाभ ले सकते हैं भारतीय उद्यमी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीन के विरुद्ध ट्रम्पिया टैरिफ कहर बरपाने , चीन पर टैरिफ बढ़ाकर 245 % कर देने से चीन ने अपना सामान भारत, वियतनाम , जापान , इंडोनेशिया व अन्य देशों में ज्यादा बेचने की कोशिश शुरू कर दिया है। इससे भारत व चीन में व्यापार का अंतर और ज्यादा बढ़ने का डर हो गया है। वैसे भी भारत व चीन के बीच बीते वित्त वर्ष में व्यापार अंतर रिकॉर्ड 99.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। चीन के साथ व्यापार घाटा लगभग 17% बढ़ गया है। भारत ने चीन से जितना सामान खरीदा, उससे बहुत कम बेचा। वहीं, भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार में 41.2 बिलियन डॉलर का मुनाफा कमाया। भारत का संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापार घाटा 26.79 बिलियन डॉलर , हांगकांग के साथ 13.64 बिलियन डॉलर रहा। भारत को अपने मुफ्त व्यापार समझौते वाले देशों जैसे यूएई, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया व मलेशिया के साथ भी व्यापार घाटा हुआ। चूंकि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी, सोलर सेल व कुछ खास औद्योगिक सामान की मांग बढ़ा है इसलिए चीन से ये सामान ज्यादा मंगाए गये हैं।अमेरिकी चीन टैरिफ वार के बाद भारत को डर है कि चीन इन सामानों को और सस्ते दामों पर भारत में बेचेगा। जिसे 'डंपिंग' कहते हैं। यह सीधे या किसी तीसरे देश के जरिए भी हो सकता है। कहने के लिए सरकार ने डंपिंग को रोकने के लिए एक निगरानी तंत्र बनाया है। चीन के अलावा, इंडोनेशिया , वियतनाम से आने वाले सामान पर भी नजर रखी जा रही है।

### आयात व निर्यात

- **चीन से भारत ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक सामान, कंप्यूटर हार्डवेयर, टेलीकॉम उपकरण, ऑर्गेनिक केमिकल, बिजली के उपकरण, प्लास्टिक व दवा बनाने का सामान मंगाता है।**
- **चीन को भारत आयरन ओर, समुद्री उत्पाद, पेट्रोलियम उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल और मसाले बेचता है।**

इसके जानकार कई लोगों का कहना है कि चीन से आने वाले कई कच्चे माल की कीमत को 25% तक कम करके दिखाया जाता है।इसका मतलब है कि बिल में कीमत कम लिखी जाती है। इसे रोकने के लिए कहा जा रहा है कि सरकार आयात निगरानी तंत्र बना रही है। ताकि यदि कोई देश भारत में सस्ते दामों पर सामान बेचता है, तो तुरंत कार्रवाई की जा सके।लेकिन इसके जानकारों का कहना है कि सरकार में जो लोग हैं उनमें से कुछ के जानकारी में ये सब हो रहा होगा।

## विदेश मंत्रालय: वेंस की यात्रा से द्विपक्षीय प्रगति का होगा मूल्यांकन

**नई दिल्ली/वाशिंगटन ।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस 21 से 24 अप्रैल तक की भारत की यात्रा पर होंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान फरवरी में जारी भारत-अमेरिका संयुक्त वक्तव्य के परिणामों के कार्यान्वयन का अवसर प्रदान करेगी। वेंस 21 से 24 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, उनके बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी होंगे। यह उपराष्ट्रपति वेंस की भारत की पहली यात्रा होगी। यात्रा के दौरान, वे 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली में अन्य कार्यक्रम होंगे और 24 अप्रैल को वाशिंगटन के लिए रवाना होने से पहले उनका जयपुर और आगरा जाने का भी कार्यक्रम है।

## भारतीय मूल का डॉक्टर नियंत्रित दवा के वितरण की साजिश में दोषी करार

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)



अमेरिका में भारतीय मूल के डॉक्टर नील आनंद को 2.3 मिलियन डॉलर की साजिश के तहत नियंत्रित दवाओं के अवैध वितरण और हेल्थकेयर फ्रॉड में भाग लेने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह जनकारी अमेरिकी न्याय विभाग ने बुधवार को दी। 48 वर्षीय नील आनंद को मंगलवार को पेंसिल्वेनिया की एक संघीय अदालत ने दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आनंद ने ऑक्सीकोडोन नामक दर्द निवारक और अत्यधिक नशे की लत लगाने वाली नियंत्रित दवा के लिए प्री-साइन्ड प्रिस्क्रिप्शन (पूर्व हस्ताक्षरित नुस्खा) जारी किए। इन नुस्खों का उपयोग उसके इंटर्न्स ने किया, केवल नौ मरीजों को ट्रीट करने में 20,850 टैबलेट का उपयोग किया गया। न्याय विभाग ने कहा, "ऑक्सीकोडोन एक ओपिओइड दर्द निवारक है जिसका उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है और अमेरिका में इसकी लत महामारी का रूप लेती जा रही है। आरोप में, आनंद के "मेडिकली अनावश्यक प्रिस्क्रिप्शन मेडिकेशन्स" को 'गुडी बैग्स' (लुभावने तौर पर) का नाम दिया गया है। ये दवाएं उन मरीजों को दी जाती थीं जो नियंत्रित दवाएं प्राप्त करना चाहते थे। ये दवाएं उन फार्मेसियों के माध्यम से दी जाती थीं जो आनंद के स्वामित्व में थीं। अभियोजन पक्ष ने कहा, "आनंद ने इन अनावश्यक दवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा कंपनियों और सरकारी बीमा योजनाओं से भुगतान लिया, जिनकी कुल राशि 2.3 मिलियन डॉलर थी। जब आनंद को जांच की जानकारी हुई, तो उसने धोखाधड़ी से प्राप्त करीब 1.2 मिलियन डॉलर की राशि को अपने पिता के नाम और नाबालिग बेटी के खाते में ट्रांसफर कर दिया ताकि इस राशि को छुपाया जा सके। आनंद को अगस्त में सजा सुनाई जाएगी। उन्हें 2019 में चार अन्य लोगों के साथ आरोपित किया गया था। इनमें से तीन के पास विदेशी विश्वविद्यालयों की मेडिकल डिग्री थी, लेकिन उनके पास अमेरिका में चिकित्सा अभ्यास का लाइसेंस नहीं था। इससे पहले, 14 दिसंबर 2017 को अमेरिका के नेवादा राज्य में एक भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर देवेंद्र पटेल को इसी तरह के मामलों में गिरफ्तार किया गया था। उन पर भी "प्रिस्क्रिप्शन ओपिओइड्स के अवैध वितरण और हेल्थकेयर फ्रॉड" का आरोप लगाया गया था। यूएस अटॉर्नी जनरल जेफ सेशंस और अन्य अधिकारियों ने उस समय बताया था कि डॉ. पटेल ने मई 2014 से सितंबर 2017 तक नियमित रूप से फेंटेनाइल, हाइड्रोकोडोन और ऑक्सीकोडोन जैसी दवाएं बिना किसी उचित चिकित्सकीय कारण के प्रिस्क्राइब कीं।

## गाजा पर इजरायली हमलों में 19 फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत

**गाजा (आईएएनएस) ।** गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हमलों में कम से कम 19 फिलीस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। गाजा सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) के प्रवक्ता महमूद बसल ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफाह पड़ोस में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कई बच्चों और महिलाओं समेत 10 लोग मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया क्षेत्र में इजरायली सेना ने तीन लोगों की हत्या कर दी और अन्य को घायल कर दिया। प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस में इजरायली ड्रोन हमलों में कम से कम दो बच्चों समेत पांच लोगों की जान गई। वहीं, केंद्रीय नुसेरात शहर में विस्थापितों को भोजन वितरित करने वाले एक टेंट पर इजरायली विमान के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# शाहरुख खान की पत्नी गौरी के लग्जरी रेस्टोरेंट में मिलती है नकली पनीर?

कहानी फिल्म जगत की



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान का टोरी रेस्टोरेंट इस समय काफी चर्चा में है। यह अपने आलीशान इंटीरियर, महंगे खाने के लिए जाना जाता है और चुनिंदा लग्जरी रेस्टोरेंट में गिना जाता है। हालांकि, यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, लेकिन सही वजहों से नहीं। गौरी खान के मुंबई स्थित रेस्तराँ टोरी ने नकली या मिलावटी सामग्री के इस्तेमाल के दावों का खंडन किया है। यह तब हुआ है जब एक वायरल वीडियो में स्टार्च टेस्ट के दौरान पनीर की डिश का रंग नीला हो गया था, जिससे सेलिब्रिटी हॉटस्पॉट में परोसे जाने वाले खाने पर सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूबर सार्थक सचदेवा ने दावा किया कि टोरी ने नकली पनीर परोसा है, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। अपने वायरल वीडियो में, उन्होंने पनीर पर स्टार्च टेस्ट किया और जो उन्होंने कहा कि शुद्धता जांच में विफल रहा, उससे वे स्पष्ट रूप से हैरान थे।

रेस्तरां ने आधिकारिक बयान के साथ वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें यूट्यूबर द्वारा किए गए दावों का दृढ़ता से खंडन किया गया है। टोरी ने एक बयान में कहा, "हम टोरी में 'नकली पनीर' परोसे जाने की खबर से पूरी तरह हैरान हैं। आयोडीन परीक्षण स्टार्च की उपस्थिति को दर्शाता है, पनीर की प्रामाणिकता को नहीं। सोया-आधारित सामग्री (एशियाई भोजन में एक मुख्य तत्व) वाले सभी व्यंजनों के लिए यह प्रतिक्रिया अपेक्षित है। उन्होंने आगे कहा, "हमारे उत्पाद की सोर्सिंग से लेकर हमारे ग्राहकों को परोसे जाने वाले भोजन तक, हर कदम पर गुणवत्ता की जांच की जाती है।

यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, लेकिन सही वजहों से नहीं। गौरी खान के मुंबई स्थित रेस्तराँ टोरी ने नकली या मिलावटी सामग्री के इस्तेमाल के दावों का खंडन किया है। यह तब हुआ है जब एक वायरल वीडियो में स्टार्च टेस्ट के दौरान पनीर की डिश का रंग नीला हो गया था।



# देश में एक चुनाव से विकास कार्यों को मिलेगी अतिरिक्त गति : सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी, झारखंड इकाई एवं रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से गुरुवार को रोटरी क्लब सभागार में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्हों ने कहा कि एक देश एक चुनाव होने से विकास को अतिरिक्त गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आर्थिक संसाधनों की बचत होगी बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी समय की बचत से प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकेगी। वर्ष 2024 के चुनाव में लगभग एक लाख करोड़ रूपया खर्च हुआ। इसके साथ ही कई योजनाओं और विकास की गति भी धीमी पड़ गई।

**● 1012 दिन लागू रही आचार संहिता**

उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते देश में पांच वर्षों में 1012 दिन आचार संहिता लागू रहती है। इससे विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित होती है। यह विषय गहन चिंतन का है और इस विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को गंभीर चर्चा करना चाहिए।

**● कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब की सचिव डॉ ख्याति मुंजाल ने किया।**

वहीं धन्यबाद चेम्बर के मानद सचिव आदित्य मल्होत्रा ने किया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष गौरव बागराय, सचिव डॉक्टर ख्याति मुंजाल, फैन्स के महासचिव रथीन भद्रा फैन्स के समन्वयक प्रमोद सारस्वत, दीपक श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, डीपी सिंह, भंडारी लाल सहित अन्य मौजूद थे।




## भारत के लिए है मुख्य मुद्दा

यह भारतीय लोकतंत्र और भारत के लिए मुख्य मुद्दा है। ऐसे कई विचार मन में आ रहे हैं उसे आपस में चर्चा कर जो समाधान निकलता है उसे अपनाना चाहिए। भारत में पहला विषय है जिसे जनमानस के बीच में हम ले जा रहे हैं। यह देश के लिए कितना हितकारी है या आने वाला समय बताएगा। यह किसी पार्टी का विषय नहीं, देश के लोकतंत्र का विषय है हम इसकी चर्चा छोटे छोटे समूह में सब जगह एकत्र होकर करें और आप ही तय करें कि यह कितना हमारे लिए सार्थक सिद्ध होगा।

## एक चुनाव पर न हो राजनीति

विशिष्ट अतिथि के रूप में वरीय पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा ने कहा इस विषय पर राजनीति न हो। इस मुद्दे पर चर्चा हो और सभी मंथन करें कि एक बार चुनाव हो तो कितना अच्छा रहेगा। चुनाव आचार संहिता की वजह से कई दैनिक कार्य बाधित होते हैं । विकास रुक जाता है आम आदमी को परेशानी होती है। बचे हुए समय का उपयोग अन्य कार्यों में करें तो राष्ट्र का विकास संभव है। कार्यक्रम में पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू ने कहा कि देश से संबंधित मुद्दों पर हम सभी को एक होना चाहिए। 140 करोड़ जनता को सहूलियत मिले । उन्होंने कहा कि 100 दिन में हमारा चुनाव संपन्न होगा। हमारे पास 900 दिन विकास के और अतिरिक्त बचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फैन्स के अध्यक्ष पवन बजाज ने की।

### सीएम हेमंत सोरेन ने विभागीय सचिवों को सौंपा टास्क, कहा

# जनहित की तीन प्रमुख योजनाओं का करें चयन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2025- 26 में कम से कम तीन ऐसी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया है, जिसे एक से डेढ़ साल के अंदर राज्य की जनता को समर्पित किया जा सके। ये योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरनी चाहिए । योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका त्वरित और पूर्ण समाधान निकालें। मुख्यमंत्री आज झारखंड मंत्रालय में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सिर्फ योजनाएं ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें ताकि हर मोर्चे पर राज्य तेजी से आगे बढ़े।

**●योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरनी चाहिए**

**● विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**




**योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं बरती जाए**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का चयन किया जाए, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इन योजनाओं का लोगों को सीधा लाभ मिले, इसकी सुनिश्चित व्यवस्था हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन योजनाओं के लिए जो भी संसाधन की जरूरत हो, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा जिन योजनाओं का चयन किया जाए, वह पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए। इसके लिए सकारात्मक और मजबूत कदम उठाए जाएं, ताकि उसका फायदा राज्य की जनता को सहूलियत के साथ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से सरकार पर राज्य की जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

**योजनाओं को तय समय के पहले ही पूर्ण करने का प्रयास हो**

मुख्यमंत्री ने कहा की योजनाएं औचित्यपूर्ण होनी चाहिए। कोई भी योजना तभी सार्थक साबित होती है, जब उसका लाभ लोगों को सही समय पर मिलता है । ऐसे में जो भी जरूरी योजनायें संचालित हो, उसे समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम के पूर्व पेयजल और मॉनसून के पहले जल प्रबंधन तथा जाड़े का मौसम शुरू होने के पूर्व कंबल वितरण की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जानी चाहिए। वहीं, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही विद्यार्थियों के बीच पठन- पाठन सामग्री और साइकिल का वितरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कई और जरूरी योजनाएं हैं, जिसको तय समय से पहले पूर्ण करने का प्रयास करें ।

**आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र के लिए लोगों को परेशानी नहीं हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को आय, जाति आवासीय, जन्म और मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी शिकायतें लगातार मिलती रहती है। लोगों को कई बार समय पर ऐसे प्रमाण पत्र नहीं मिलने से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। यह व्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है। जाति, आवासीय, आय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का सीधा सरोकार आम जनता से होता है। ऐसे में इस तरह के प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी ना हो, इसकी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखें।

**विभागों को सिर्फ खर्च ही नहीं करना है, संसाधन भी जुटाने हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की ओर से कई फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के लिए राशि का प्रावधान करने की दिशा में हमने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों को ठोस रणनीति के साथ कार्य करना है। इस सिलसिले में विभागों को सिर्फ राशि ही नहीं खर्च करना है, बल्कि संसाधनों को भी जुटाना है। जब हमारे पास संसाधन होंगे, तभी हम योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में कामयाब होंगे।

# भयमुक्त माहौल के लिए विधि-व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा की जाए : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश में हर एक नियमित अंतराल पर डकैती, छिनतई और हत्याकांड जैसी घटित घटनाओं की रोकथाम नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री और डीजीपी से सख्त कार्रवाई की अपील की। कहा गया कि किसी भी राज्य की राजधानी उसके विकास का पैमाना तय करती है किंतु प्रदेश की राजधानी में अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण लोग भयभीत हैं। हाल के दिनों में शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में हत्या और दिनदहाडे दुकान में घुसकर छिनतई की घटना पर आपत्ति व्यक्त करते हुए चैंबर ने जिला पुलिस प्रशासन से विधि-व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा की बात कही। कहा गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में घटित घटना पर थाना स्तर पर पदस्थापित पुलिसकर्मियों को जवाबदेह बनाया जाना जरूरी है। अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण वर्तमान परिवेश में व्यापार करना कठिन हो गया है, जिसपर सरकार को गंभीर चिंतन करने की आवश्यकता है। राज्य की विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने थाना स्तर पर पुलिस व्यवसायी समन्वय समिति की बैठकों का पुनः आयोजन प्रारंभ करने की आवश्यकता बताई।

# पल्स अस्पताल का प्रतिनिधित्व अब रिजवान नजीर करेंगे, कोर्ट ने दी अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में 30 महीने बाद जेल से निकली आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के चार्जशीटेड पति अभिषेक झा एवं मेसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्रा. लि. आगे की न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पल्स हेल्थकेयर अस्पताल का प्रतिनिधित्व उड़ीसा के भुवनेश्वर निवासी रिजवान नजीर करेगा। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशक मंडल की 31 जुलाई 2024 को आयोजित बैठक में पारित प्रस्ताव के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। अर्थात रिजवान नजीर ही अदालत में होनेवाली कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहेगा। इसकी इजाजत पीएमएलए कोर्ट ने दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात दे दी है।




मेसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर की ओर से मामले में याचिका दाखिल की गई थी। दाखिल याचिका पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने याचिकाकर्ता की प्रार्थना का कड़ा विरोध किया था। कहा गया कि मामले में आरोपी कंपनी द्वारा निदेशक अभिषेक झा और अन्य के माध्यम से मनी लाउंड्रिंग के माध्यम से उत्पन्न अपराध की एक बड़ी आय शामिल थी। जिसका खुलासा ईडी ने 6 मई 2022 को की गई छापेमारी में हुई थी। अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से 19.76 करोड़ रुपए की भारी नकदी बरामद की गई थी। पल्स अस्पताल के लिए जमीन खरीदने के लिए पंचवटी बिल्डर आलोक सावरगी को 3 करोड़ रुपए नकद दिया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार किया। बता दें कि पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में बरियातू रोड स्थित पल्स अस्पताल को ईडी ने आरोपी बनाया है।

# लापता नाबालिग जोड़े को डोरंडा पुलिस ने किया बरामद

**रांची।** बीते 6 दिन से लापता रांची की एक नाबालिग लड़की और एक किशोर को डोरंडा थाना पुलिस ने बुधवार को बोकारो से बरामद किया। पुलिस ने किशोर को डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया है। वहीं नाबालिग को फिलहाल प्रेमाश्रय शेल्टर होम में रखा है। इस बयान के आधार पर ही किशोर के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज होगा। दोनों डोरंडा के लाइन मुहल्ला व मणिटोला के रहने वाले हैं। दोनों नाबालिग लड़कियां करीब 6 दिन पहले अचानक गायब हो गई थीं। उनके अभिभावकों ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार लड़के इन लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले गये थे।

## चौकीदार बहाली परीक्षा 27 को

**रांची।** रांची जिले में चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 27 अप्रैल 2025 (रविवार) को ली जाएगी। यह परीक्षा जिले के 15 अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर एक साथ आयोजित की जाएगी। इससे जुड़ी जानकारी जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रांची की तरफ से दी गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 16 अप्रैल से ही जिला की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर अपना नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर और पद का नाम भरकर ओटीपी के जरिए एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने और परीक्षा से पहले अपने परीक्षा केंद्र की जानकारी लेने की सलाह दी है। ताकि परीक्षा वाले दिन कोई परेशानी न हो।

# पृष्ठ एक के शेष

**सरकारी कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा...**

सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में आज से एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के कर्मियों को दुर्घटना बीमा का कवर प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिलकर यह कदम उठाया है। दुर्घटना बीमा के माध्यम से उन्हें सेवा काल के दौरान दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके अलावा कई और व्यवस्थाएं हमारी सरकार ने शुरू की हैं, जिसके जरिए सरकारी कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।

**सरकारी कर्मियों को विपरीत और जटिल परिस्थितियों में दे रहे आर्थिक सुरक्षा :** आज हर व्यक्ति अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है। चाहे वह आर्थिक सुरक्षा का मामला हो या फिर स्वास्थ्य या जीवन सुरक्षा का, हमारी सरकार अपने सभी सरकारी कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर दूरदर्शी सोच और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार को आपकी चिंता है, उसी प्रकार अब झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में एसबीआई जैसी संस्थाएं सहयोग के लिए आगे आ रही हैं।

**राज्य के विकास में सरकारी कर्मचारियों का अहम रोल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में सरकारी कर्मियों की अहम भूमिका होती है। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसके लिए नीति निर्धारण से लेकर कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम सरकारी कर्मचारी बनते हैं। ऐसे में सरकारी कर्मियो का मनोबल बढ़ाने के साथ, उन्हें कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण दिया जा है। सरकारी कर्मचारी भी राज्य हित में अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक (झारखंड - बिहार) केबी बंगारराजू तथा महाप्रबंधक प्रभाष बोस मौजूद थे।

**हेमंत सोरेन की स्वीडन और...**

रांची से दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। 19 अप्रैल को प्रतिनिधिमंडल मैड्रिड पहुंचेगा। जानकारी के मुताबिक 21 अप्रैल को प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से खासकर रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। जिसमें स्पेनिश विंड एनर्जी एसोसिएशन स्पेनिश सोलर फोटोवोल्टिक एसोसिएशन शामिल है। 22 अप्रैल को मैड्रिड में माइनिंग सेक्टर के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी और स्टील सेक्टर की कंपनियां के प्रतिनिधि से बातचीत होगी। 23 अप्रैल को बर्सिलोना में कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधियों और 25 को स्वीडन के गठन वर्ग में भी क्लीन एनर्जी पर काम करने वाली कंपनियों से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात होगी। 26 अप्रैल को उद्यमियों के साथ राज्य सरकार के अधिकारियों की वन टू वन मीटिंग होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विदेश दौरे पर जा रही प्रतिनिधिमंडल में कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक सहित 11 लोग शामिल हैं।

**रांची में एयर शो आज...**

शामिल होने के लिए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया है। इनके अलावा कई अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

**एयर शो कार्यक्रम का शेड्यूल :** कार्यक्रम सुबह 09:45 बजे से शुरू होगा और 10:45 बजे समाप्त होगा। दोनों दिन कार्यक्रम की समयावधि एक ही रहेगी। कार्यक्रम में सभी का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। एयर शो का आनंद लेने के लिए आपको सुबह 08:30 बजे तक खोजाटोली आर्मी मैदान में पहुंचना होगा। कार्यक्रम स्थल पर सभी लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था होगी। इसके अलावा वाहन पार्किंग, पेयजल और शौचालय की भी उत्तम व्यवस्था रहेगी।

**महागठबंधन की बैठक में समन्वय समिति...**

बताया कि बैठक में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर लगभग सभी विषयों पर बातचीत हुई। चुनाव में प्रचार की रणनीति, न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने, साझा घोषणा पत्र तैयार करने, अलग-अलग पार्टियों के संगठनों के बीच प्रदेश स्तर से लेकर प्रखंड स्तर पर समन्वय बनाने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में मतदाता सूची को लेकर भी विशेष रूप से बातचीत हुई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि 'महागठबंधन' की बैठक में सभी घटक दलों के नेताओं ने बिहार के मुद्दों पर बात की। इसमें महिला, युवा, बुजुर्गों, पलायन, गरीबी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी बात की गई। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष का संघर्ष जारी है। सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता आज 20 साल पहले की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'महागठबंधन' अटूट है।

**यह अस्पताल केवल एक भवन नहीं...**

हमारी सरकार श्रमेव जयते में विश्वास करती है। श्रमिकों का सम्मान होना चाहिए उनके श्रम से ही निर्माण कार्य होता है। उनकी श्रम शक्ति को अभिनंदन करता हूं। यह अस्पताल सेवा का मंदिर है और अस्पताल में काम करने वाले एक-एक व्यक्ति इस मंदिर के पुजारी हैं। हमारे यहां दरिद्र को दरिद्र नारणयण कहा गया है, इस मंदिर के भगवान हमारे श्रमिक भाई बहन हैं। इस अस्पताल बनाने में श्रमिकों का श्रम लगा होगा। श्रमिकों के श्रम से 220 बेड वाला अस्पताल बना है।

**ईएसआईसी अस्पतालों में गरीबों व असहायों का होगा इलाज : संजय सेठ :** देश में जब कोरोना से लड़ाई चल रही थी तो देश के आर्थिक रूप से बरबाद होने की संभावना जताई जा रही थी। दुनिया के देशों के सामने हाथ फैलाएगा कि दे दो भईया वैक्सीन। लेकिन दुनिया ने देखा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने वैक्सीन दूसरे देशों को मुफ्त बांटी। हम सब यहां वैक्सीन लगाए हुए लोग हैं। यह नया भारत है न पीठ दिखाता है न आंख चुराता है, न दुनिया के सामने हाथ फैलाता है। दुनिया के बड़े से बड़े राष्ट्र अध्यक्षों से आंख मिलाता है। इस अस्पताल के माध्यम से गरीबों की सेवा, असहायों की सेवा कर पाएंगे। पांच लाख तक की आयुष्मान भारत से गरीबों के इलाज की व्यवस्था प्रधानमंत्री ने की है। पांच लाख रूपए की पूंजी किसानों के पास नहीं होती है, पांच लाख की रूपए बैंक में जमा नहीं हो पाती है और सारी उम्र बीत जाती है। पांच लाख तक का इलाज कराने के लिए खेत खलिहान गिरवी साहूकारों के सामने रखना पड़ता था। माताओं-बहनों को अपना मंगलसूत्र तक गिरवी रखना पड़ता था। अब वह दिन नहीं आएगा। इस आधुनिकीकृत अस्पताल से 5 लाख से अधिक बीमित व्यक्तियों (आईपी) और उनके आश्रितों को लाभ मिलने की उम्मीद है। अस्पताल परिसर में एक बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और चार अतिरिक्त मंजिलें हैं, जो 7.9 एकड़ के परिसर में फैली हुई हैं। नई इमारत का निर्माण 99.06 करोड़ की लागत से किया गया है और यह 17559 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली हुई है। इस 4 मंजिला अस्पताल में 03 आधुनिक ऑपरेशन थियेटर (ओटी) हैं, एक अतिरिक्त ऑपरेशन थियेटर (ओटी) का और प्रावधान है। इसमें 34 वार्ड और 6 आइसोलेशन वार्ड, 40 ओपीडी कमरे और सभी डॉक्टरों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त जगह मुहैया कराया गया है। गौरतलब है कि नामकुम, रांची में ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना मूल रूप से 1987 में हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। चार दशकों से अधिक समय से, इस अस्पताल ने रांची और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सरकार को जवाब देने के लिए सात...**

साफ किया, अदालत ने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

**सरकार को सात दिन का वक्त :** सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल के इस बयान को रिकॉर्ड में लिया कि केंद्र सात दिनों के भीतर जवाब देगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई की तारीख तक, वक्फ, जिसमें पहले से पंजीकृत या अधिसूचना के माध्यम से घोषित वक्फ-बाय-यूजर शामिल है, को न तो डीनोटिफाई किया जाएगा और न ही कलेक्टर इसे लेकर कोई फैसला लेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करे। तब तक यथास्थिति बनी रहेगी।


**केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई :** दूसरी ओर पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर कई याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जबकि वकीलों से कहा कि वे आपस में तय करें कि कौन बहस करेगा।

# गुड फ्राइडे आज, चर्च में होगी विशेष प्रार्थना और धर्मविधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुड फ्राइडे शुक्रवार को है। ईसाई धर्म को मानने वालों के लिए यह बेहद खास दिन है। ईसा मसीह को शुक्रवार के दिन ही सूली पर चढ़ाया गया था, जिसे दुनिया भर के ईसाई गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं। इस दिन यीशु मसीह की पीड़ा और मानव जाति के लिए उनके बलिदान को याद किया जाएगा। पूरे दिन चर्च परिसर में ईसा मसीह के दुखभोग की घटना को याद करते हुए प्रार्थनाएं और धर्मविधि होगी। कैथोलिक कलीसिया के मसीही विश्वासियों के लिए क्रूस रास्ता की विधि होगी। जबकि, कई जगहों पर जीवंत क्रूस रास्ता विधि होगी। इसके अलावा सीएनआई चर्च कलीसिया, जीईएल चर्च कलीसिया, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च कलिसिया सहित अन्य प्रोसेस्टेंट चर्चों में सात वाणियों की धर्म विधि होगी। रांची में मुख्य आयोजन लोयला मैदान, संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च, जीईएल चर्च, कोकर डॉन बास्को चर्च, सामलौग चर्च सहित अन्य जगहों पर होगा।

# आईजी व डीआईजी अपने क्षेत्राधिकार में प्रतिनियुक्त वाहिनी की कंपनियों का करेंगे निरीक्षण : डीजीपी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी ने कहा है कि आईजी और डीआईजी अपने क्षेत्राधिकार में प्रतिनियुक्त वाहिनी के कंपनियों का निरीक्षण करेंगे। गौरतलब है कि गुरुवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा जैप,आईआरबी एसआईएसएफ, एसआईआरबी वाहिनियों की वर्तमान कार्यप्रणाली के मद्देनजर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीजीपी ने यह आदेश जारी किया है। इसके अलावा डीजीपी ने कहा कि वहिनी, कंपनी के प्रमुख, वाहिनी, कंपनी का नियमित रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। कंपनी में बलों की कमी को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त संख्या में बलों की प्रतिनियुक्ति कराना सुनिश्चित करेंगे।

वाहिनी में लोगों के बीच अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाये। वाहिनी में प्रतिनियुक्त वाहन का नियमित रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे और आवश्यकतानुसार वाहनों के आवंटन के लिए पुलिस मुख्यालय को अवगत कराएंगे। प्रतिनियुक्त सभी कंपनियों में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मी के रहने, खाने पीने की उतम व्यवस्था की जाए। वाहिनी में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के प्रोन्नति के साथ उन्हें मिलने वाले वेतन वृद्धि एसीपी,एमएसीपी का समय से लाभ मिल सके, इसका अनुपालन अबिलंब सुनिश्चित किया जाए।

**आज का मैच**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
Vs
पंजाब किंग्स
दिनांक: 18 अप्रैल गुरुवार | स्थान: बेंगलुरु | 7:30 बजे से

**एक नजर**

## रायजा पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचीं, पांचवें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने अपने करियर का पहला वर्ल्ड कप फाइनल खेलते हुए स्कीट महिला इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया और पांचवें स्थान पर रहीं। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के दूसरे चरण के दूसरे दिन भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ चीन के बाद कुल तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीतने वाली रायजा ने बुधवार को अपने पहले सीनियर वर्ल्ड कप फाइनल में मजबूत प्रदर्शन किया। 60 शॉट के फाइनल में उन्होंने 30 शॉट्स के बाद 26 हिट किए और बाहर हो गईं। उन्हें चीन की जियांग यीटिंग को पछाड़ना था, जो पेरिस ओलंपिक में मिक्स्ड टीम ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। रायजा को उच्चतम बिब नंबर का नुकसान भी झेलना पड़ा। उन्होंने पहले 20 में से 19 शॉट्स हिट किए, जिससे दूसरी चीनी फाइनलिस्ट चे यूफेई को पीछे छोड़ने में कामयाब रहीं।

## संजू सैमसन की चोट ने राजस्थान रॉयल्स की हार में डाला बड़ा असर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन चोटिल हो गए और रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। राजस्थान रॉयल्स की 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन जब शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी छठे ओवर में लेग स्पिनर विप्रज निगम की गेंद पर कट शॉट लगाने की कोशिश में उनकी पसलियों में खिंचाव आ गया। अगली गेंद नो-बॉल थी और फ्री हिट पर सैमसन ने शॉट तो खेला लेकिन दौड़ नहीं पाए। इसके बाद उन्होंने फिजियो की मदद ली और अंततः रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। उस वक्त सैमसन 19 गेंदों में 31 रन बनाकर खेल रहे थे और यशस्वी जायसवाल के साथ 5.3 ओवर में 61 रनों की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप कर चुके थे।

## अक्षर को उम्मीद, डुप्लेसी जीटी के खिलाफ अगला मैच खेलेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल को उम्मीद है कि उनके कप्तान फाफ डुप्लेसी शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। हालांकि वह इसके बारे में पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं और उन्होंने ना उनकी चोट की प्रकृति के बारे में कुछ बताया है। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर मिली सुपर ओवर की जीत के बाद अक्षर ने कहा, मुझसे तब कहा गया था कि वे कम से कम तीन मैच नहीं खेल पाएंगे और अभी दो मैच हुए हैं। हो सकता है कि वह गुजरात के खिलाफ अगले मैच में खेलें, लेकिन हमें फिजियो से इसके बारे में कंफर्मेशन लेना होगा।

## चौथे अंपायर से विवाद के लिए डीसी बॉलिंग कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच मुनाफ पटेल पर बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और उन्होंने एक डिमेरिट अंक भी अर्जित किया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, मुनाफ पटेल ने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 अपराध को स्वीकार किया है - जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है - और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया है। इसमें कहा गया है, आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। यह घटना दिल्ली की गेंदबाजी के दौरान हुई जब चौथे अंपायर ने कथित तौर पर दिल्ली के रिजर्व खिलाड़ी को पटेल का संदेश देने के लिए मैदान में प्रवेश करने से रोक दिया। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज को बाउंड्री लाइन पर अपने फीते बांधते समय अंपायर से बहस करते देखा गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दिल्ली कैपिटल्स ने मिशेल स्टार्क के शानदार प्रदर्शन के बाद सुपर ओवर में रोमांचक जीत हासिल की। उन्होंने न केवल अंतिम ओवर में ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर के खिलाफ नौ रन बचाए, बल्कि सुपर ओवर में राजस्थान को 11 रन पर रोक दिया। केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने घरेलू टीम को जीत दिलाई और अरुण जेटली स्टेडियम में सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की।

# अच्छी शुरूआत के बावजूद हैदराबाद 162 रन ही बना सका

**एजेंसी। मुंबई**

सनराइजर्स हैदराबाद 59 रन की अच्छी शुरूआत के बावजूद मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में गुरूवार को 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन ही बना सका।

अनिकेत वर्मा ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या की गेंदों पर दो छक्के जमाते हुए मात्र आठ गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाकर हैदराबाद को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। आखिरी ओवर में पेट कमिंस ने भी एक छक्का मारा जिससे अंतिम ओवर में कुल 22 रन बने और हैदराबाद एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच गया।

शुरूआत में स्पंजी बाउंस जिसकी वजह से सनराइजर्स हैदराबाद अपने टैंपलेट को बरकरार नहीं रख पाई, लेकिन यह अच्छी बात रही कि ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हो गई। हालांकि अभिषेक शर्मा और इशान किशन बहुत जल्दी आउट हो गए और मध्य क्रम में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज रन बनाने को तरसते रहे। यह तो अंत के ओवरों में अनिकेत वर्मा ने कुछ बेहतरीन शॉट खेले और उनका साथ दिया पैट कमिंस ने। इसकी वजह से टीम पांच विकेट पर 162 रन बनाने में कामयाब रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हैड ने ओपनिंग साझेदारी में 7.3 ओवर में 59 रन जोड़े।

अभिषेक ने 28 गेंदों में सात चौकों की मदद से 40 रन बनाये जबकि ट्रेविस ने 29 गेंदों पर 28 रन में तीन चौके लगाए। इस साझेदारी के टूटने के बाद आगे के बल्लेबाजों को रन गति बनाये रखने में परेशानी हुई।

नीतीश कुमार रेड्डी ने 21 गेंदों में 19 रन बनाये। ईशान किशन दो रन बनाकर आउट हुए। हेनरिक क्लासेन ने 28 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 37 रन बनाये। अनिकेत और कमिंस ने आखिरी ओवर में तीन छक्के उड़ाकर टीम को 162 तक पहुंचाया।

मुंबई की तरफ से विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट लिए जबकि ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला।

**आखिरी ओवर में पेट कमिंस ने भी एक छक्का मारा जिससे अंतिम ओवर में कुल 22 रन बने और हैदराबाद एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच गया।**



## डे क्रिकेट अकादमी के लिए 20 अप्रैल को ट्रायल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एचपीसीए द्वारा अंडर-19 डे क्रिकेट अकादमी धर्मशाला के लिए 20 अप्रैल को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान वर्ष 2025-26 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से होंगे। ट्रायल में पूर्व वर्ष में चयनित खिलाड़ियों को भी भाग लेना होगा, उनकी प्रतिभा के तहत ही उन्हें आगामी वर्ष के लिए रिटेन किया जाएगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का जन्म एक सितंबर 2006 के बाद होना जरूरी है। साथ ही मात्र हिमाचली बोनोफाईड खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकेंगे। इसके लिए खिलाड़ियों को ट्रायल वाले दिन ही रजिस्ट्रेशन करवानी होगी। बिना पंजीकरण के ट्रायल में खिलाड़ी भाग नहीं ले पाएंगे। इसके लिए खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र, बोनोफाईड हिमाचली व दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ लाने होंगे। अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का अलांउस प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्हें ट्रायल में भाग लेने के लिए अपनी क्रिकेट यूनिफार्म व किट लाना भी जरूरी होगा।

## सुरुचि सिंह-सौरभ चौधरी ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

**एजेंसी**



**लीमा।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है। बुधवार को हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया।

इस वर्ष आईएसएसएफ विश्वकप में सुरुचि का यह तीसरा स्वर्ण और कुल मिलाकर चौथा पदक था। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

## नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका में 84.52 मीटर थ्रो के साथ सत्र की शुरूआत की



**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरूआत की। चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेजनी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। उन्होंने 2020 तोक्यो (स्वर्ण) और 2024 पेरिस खेलों (रजत) में लगातार ओलंपिक पदक जीते।

## 'मुझे पंजाब किंग्स में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है' : अर्शदीप



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि फ्रेंचाइजी में अपना पहला साल बिताने के बाद, उन्हें एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने की प्रबल इच्छा थी, जिससे उन्हें एक खिलाड़ी और इंसान के रूप में विकसित होने में मदद मिली। अर्शदीप 2019 आईपीएल से पहले पीबीकेएस में शामिल हुए और तब से, वे टीम का अभिन्न अंग रहे हैं, उन्होंने 71 मैचों में 26.82 की औसत और 9 की इकॉनमी रेट से 84 विकेट लिए हैं। गुरुवार को यूट्यूब पर फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया, पहले साल को छोड़कर, मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद, मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और व्यक्ति के रूप में विकसित होने में भी मदद मिली। अर्शदीप का सफल आईपीएल सीजन 2021 में आया, जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए, जिसमें मुंबई इंडियंस के खिलाफ सुपर ओवर में अपना धैर्य बनाए रखना भी शामिल है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## भारत के ऑटो सेक्टर ने 2025 की पहली तिमाही में 1.5 बिलियन डॉलर की डील की दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत के ऑटोमोटिव और मोबिलिटी सेक्टर ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 1.5 बिलियन डॉलर की 29 डील दर्ज की। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट के अनुसार, आईपीओ और क्यूआईपी को छोड़कर, इस सेक्टर ने वॉल्यूम में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 2024 की चौथी तिमाही से बढ़कर 28 हो गई। वैल्यू को लेकर यह 191 प्रतिशत की वृद्धि थी, जो 509 मिलियन डॉलर से बढ़कर 1.4 बिलियन डॉलर हो गई। यह वृद्धि रणनीतिक और वित्तीय निवेशों की वजह से दर्ज की गई, जिसमें एक बिलियन डॉलर का निजी इक्विटी सौदा और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ऑटोटेक और मोबिलिटी ऐज अ सर्विस (एमएएएस) जैसे उभरते क्षेत्रों में बढ़ती दिलचस्पी शामिल है। एक बिलियन डॉलर के लेन-देन और 50 मिलियन डॉलर के तीन उच्च-मूल्य वाले सौदों की मौजूदगी के साथ निवेशकों के लिए इस क्षेत्र के निरंतर आकर्षण को देखा गया।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने वारबर्ग, एडीआईए से 7,500 करोड़ रुपये का फंड जुटाने की मंजूरी दी

**मुंबई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच गुरुवार को वारबर्ग पिंकस और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) से 7,500 करोड़ रुपये तक का फंड जुटाने की मंजूरी दी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने ग्लोबल ग्रोथ इन्वेस्टर वारबर्ग पिंकस की सहयोगी कंपनी करंट सी इन्वेस्टमेंट्स से लगभग 4,876 करोड़ रुपये जुटाने और एडीआईए की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी प्लेटिनम इन्विक्टस लिमिटेड से लगभग 2,624 करोड़ रुपये का इक्विटी फंड जुटाने की मंजूरी दी है। बैंक ने एक इन्वेस्टर प्रजेंटेशन में कहा कि इस फंड का उपयोग बैंक अपने मुनाफे को बढ़ाने में करेगा और बैंक की योजना अगले कुछ वर्षों में लोन बुक को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना है।

# भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी सेंसेक्स 1,508 अंक चढ़ा

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,508 अंक या 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,553 और निफ्टी 414 अंक या 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,851 पर था।

बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 1,172 अंक या 2.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,290 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। केवल मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा ही लाल निशान में बंद हुए।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 312 अंक या 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,657 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,410 पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल में टेक्निकल रिसर्च के वाइस प्रेसिडेंट रुचित जैन के अनुसार, यह तेजी महज एक शॉर्ट-टर्म पुलबैक से कहीं अधिक प्रतीत होती है, क्योंकि इसे सभी की व्यापक भागीदारी है, जिसमें खासकर बड़ी कंपनियों के नामों के साथ बैंकिंग और वित्तीय शेयरों से सपोर्ट भी शामिल हैं।



**ऑटो, फार्मा, एनर्जी, इन्फ्रा, सर्विसेज और निजी बैंक सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे।**

# जापान में मेड-इन इंडिया होंडा एलिवेट का है जलवा

**जेएनकेएपी क्रैश टेस्ट में 05 स्टार रेटिंग**



**एजेंसी नई दिल्ली।** भारत में मैन्युफैक्चर और जापान सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में निर्यात की जाने वाली मिड-साइज एसयूवी होंडा एलिवेट को जापान न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जेएनकेएपी) क्रैश टेस्ट में 5 स्टार रेटिंग दी गई है। कार के लॉन्च के बाद यह इसका पहला सुरक्षा से जुड़ा मूल्यांकन है। भारत में इस मॉडल को होंडा के राजस्थान स्थित तापुकारा प्लांट में मैन्युफैक्चर किया जाता है और जापान में इसे डब्ल्यूआर-वी के नाम से बेचा जाता है। होंडा कार्स इंडिया के इस प्लांट में होंडा अमेज, जैज, डब्ल्यूआर-वी और न्यू जनरेशन सिटी जैसी कारों को निर्मित किया जाता है। जेएनसीएपी इवैल्यूशन- 2024 के तहत इस मॉडल ने 193.8 में से कुल 176.23 पॉइंट्स स्कोर किए, जो इंटरनेशनल क्रैश सेफ्टी असेसमेंट को लेकर एक मजबूत शुरूआत है। प्रिवेंटिव सेफ्टी टेस्ट में होंडा एलिवेट ने 85.8 में से 82.22 स्कोर हासिल किया है। वहीं, क्रैश सेफ्टी में इस कार को 100 में से 86.01 पॉइंट्स मिले हैं। इसके अलावा, कार को ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग टेस्ट में 5 में से 5 पॉइंट और ऑटोमैटिक इमरजेंसी कॉल सिस्टम में 8 में से 8 पॉइंट मिले हैं।

होंडा एलिवेट ने पेडेस्ट्रियन सेफ्टी टेस्ट के सिर और पैर की सुरक्षा में क्रमशः लेवल 4/5 और लेवल 5/5 पाया है। होंडा के इस मॉडल में लेवल 2 एडवांस ड्राइविंग असिस्टेंस सिस्टम सूट दिए गए हैं, जिसमें क्रैश मिटिगेशन ब्रेक सिस्टम, अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन-कीपिंग असिस्ट सिस्टम, लीड कार डिपार्चर नोटिफिकेशन सिस्टम और टॉप ट्रिम्स में कई दूसरे फीचर्स मौजूद हैं।

कार में 6 एयरबैग, एनर्जी-एब्जॉर्बिंग फ्रंट प्री-टेंशनर सीट बेल्ट, आईएसओएफआईएक्स कंपैटिबल रियर साइड सीट और कई दूसरे फीचर्स स्टैंडर्ड के तौर पर दिए गए हैं।

## भारतीय विमानन कंपनियां आने वाले पांच वर्षों में सबसे कम उत्सर्जन करेंगी : इंडस्ट्री लीडर्स

**नई दिल्ली।** विमानन उद्योग के प्रमुख लीडर्स का कहना है कि भारतीय विमानन कंपनियां अगले पांच वर्षों में उत्सर्जन को लेकर दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही होंगी। अकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने कहा कि आज से पांच साल बाद भारतीय विमानन की तुलना दुनिया के बाकी हिस्सों से करेंगे तो पाएंगे कि हम वास्तव में सबसे कम उत्सर्जन कर रहे होंगे। 'इंडिया ट्रैवल एंड टूरिज्म सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव- 2025' में एक चर्चा में शामिल होते हुए अकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने कहा, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि आज से पांच साल बाद जब आप भारतीय विमानन की तुलना दुनिया के बाकी हिस्सों से करेंगे तो हम आसमान में सबसे यंग फ्लीट को उड़ा रहे होंगे, जिसका मूल रूप से गणित के अनुसार मतलब है, हम वास्तव में सबसे कम उत्सर्जन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप एयरक्राफ्ट ऑर्डर और एयरक्राफ्ट उड़ाने पर नजर डालेंगे तो आज से 2,000 दिन के बाद हम एक देश के रूप में दुनिया में सबसे यंग फ्लीट को आसमान में उड़ा रहे होंगे। वर्तमान में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है। घोष ने आगे कहा, "भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक भी है। विमानन देश में उत्सर्जन में 1 प्रतिशत का योगदान देता है, जो कि असल में वैश्विक औसत से भी कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकारा कि जैसे-जैसे भारत का विमानन क्षेत्र बढ़ेगा उत्सर्जन भी तेजी से बढ़ेगा।" स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, भारत विमानन क्षेत्र में दुनिया में सबसे कम उत्सर्जन करने वाले देशों में से एक बनने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा इस बात में कोई संदेह नहीं है कि विमानन भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे रोमांचक क्षेत्रों में से एक होगा। इस क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। भविष्य में अधिक से अधिक लोग केवल एयरक्राफ्ट ही नहीं, अलग-अलग तरह के फ्लाइट्स उड़ाते दिखेंगे।